* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

22 फरवरी, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 125

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


राजद विधायक विजय मंडल बोले- होली के बाद तेजस्वी मुख्यमंत्री बनेंगे, नीतीश कुमार खुद उन्हें प्रभार सौंपेंगे











## इडी की कार्रवाई : ग्रामीण विकास विभाग के इंजीनियर के यहां छापा

# 1.50 करोड़ से अधिक के गहने बरामद, वीरेंद्र राम हिरासत में

- रांची, जमशेदपुर, दिल्ली, सिवान समेत 24 ठिकानों पर छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग के इंजीनियर वीरेंद्र राम के कई ठिकानों पर छापेमारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक 1.50 करोड़ रुपये से अधिक के जेवरात बरामद हुए हैं। इडी ने वीरेंद्र राम को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है। उनके साथ आलोक रंजन नाम के एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है। आलोक रंजन वही व्यक्ति हैं, जिन्हें 2019 झारखंड भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार किया था। खबर लिखे जाने तक इडी की कार्रवाई जारी थी।

**आलोक रंजन की भूमिका संदेहास्पद :** इडी ने इंजीनियर वीरेंद्र राम के साथ जिस आलोक रंजन को पकड़ा है, उसकी भूमिका संदेहास्पद रही है। आलोक रंजन वही व्यक्ति हैं, जिन्हें 2019 में झारखंड एसीबी ने गिरफ्तार किया था। दरअसल एसीबी मे 2019 में ग्रामीण विकास विभाग के एक कनिष्ठ अभियंता सुरेश प्रसाद वर्मा के जमशेदपुर स्थित परिसर में छापा मारा था। वहां से 2.67 करोड़ नकद रुपये बरामद किया था। यह राशि आलोक रंजन के कमरे से बरामद की गयी थी। आलोक ने कनीय अभियंता के यहां किरायेदार के रूप में रहने का दावा किया था। सूत्रों ने बताया कि इडी के अधिकारियों ने पहले तो आलोक रंजन को नहीं पहचाना और उन्होंने नौकर होने का नाटक किया, लेकिन उसकी गतिविधियों से संदेह हुआ। इस पर इडी के अधिकारियों ने उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान बता दी। अब उसे भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**अधिकारिक रूप से बयान का इंतजार :** इडी की तरफ से अभी तक अधिकारिक रूप से बयान नहीं आया है। इंजीनियर वीरेंद्र राम ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। वह भी थोड़ी-बहुत नहीं, करोड़ों में संपत्ति और निवेश के सबूत मिले हैं। खबर लिखे जाने तक इडी की कार्रवाई जारी थी। इडी के अधिकारी कागजातों की छानबीन में लगे थे और बीच-बीच में वीरेंद्र राम, आलोक रंजन से पूछताछ की जा रही थी। इसके अलावा छापे वाली जगह पर मौजूद लोगों से पूछताछ हो रही है।



### इडी के निशाने पर लंबे समय से थे वीरेंद्र

इंजीनियर वीरेंद्र राम लंबे समय से इडी के निशाने पर थे। इडी उनके बारे में जानकारियां इक्कठी कर रही थी। सारी जानकारी मिलने के बाद मंगलवार सुबह रांची, जमशेदपुर, पटना, दिल्ली, सीवान, हरियाणा समेत 24 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा गया। इडी की टीम ने जब छापेमारी शुरू की तो वीरेंद्र राम वसुंधरा एस्टेट में अपने एक डुप्लेक्स में थे। वह आलोक रंजन नामक व्यक्ति के साथ चाय का आनंद ले रहे थे। सूत्रों के मुताबिक इडी को वीरेंद्र राम के पास अकूत संपत्ति की जानकारी मिली है। उनके पास आठ एसयूवी और कई लग्जरी गाड़ियां. 20 करोड़ रुपेय से अधिक के निवेश, घर, फ्लैट, जमीन, 1.50 करोड़ रुपये से अधिक के जेवहरात बरामद हुए हैं। इडी के अधिकारी कागजातों को खंगालने में लगी है।

## बच्चे की मौत के बाद हार गया परिवार

# मां, नाना, नानी और मौसी ने खाया जहर

- सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में सात महीने के बच्चे के इलाज के लिए दर-दर भटकने वाला परिवार हार गया और बच्चे की मौत के बाद अपना जीवन भी खत्म करने की कोशिश की। बीमार बच्चे की मां, मौसी और नाना- नानी ने एक साथ जगह खा लिया। सभी की हालात गंभीर है और अभी धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। बच्चे की मां ने कहा, बेहतर इलाज के अभाव में मेरे बच्चे की मौत हो गयी। अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती मां ने कहा कि हम गरीब हैं, किसी डॉक्टर ने ध्यान नहीं दिया। हम पैसे नहीं दे सकते इसलिए हमारा बेहतर इलाज नहीं होता। मेरे बच्चे की मौत के बाद हमारी हिम्मत टूट गयी।

घटना बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के दामकड़ा बरवा की है। सात महीने की नवजात बच्चे को निमोनिया हो गया था। परिवार लंबे समय से इसके इलाज के लिए परेशान था। कई जगहों पर बच्चे के इलाज के लिए भटकता रहा। कोलकाता के अस्पताल में इलाज के लिए परिवार पहुंचा था, लेकिन डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। गीता अपने सात महीने के बच्चे के साथ मायके में ही रहती थी। बच्चे की तबीयत खराब थी। इसका इलाज करवाया जा रहा था। सोमवार की रात बच्चे की मौत हो गयी। बच्चे के निधन के बाद पूरा परिवार टूट गया। घर लौटकर बच्चे के नाना टीपन महतो (45 वर्षीय), नानी दुखनी देवी (40 वर्षीय) बच्चे की मां गीता देवी (26 वर्षीय) और मौसी संगीता कुमारी (18 वर्षीय) ने मंगलवार सुबह को जहर खा लिया। पुलिस को जैसे ही मामले की सूचना मिली, इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# ओरमांझी में भाजपा नेता को दिन दहाड़े मारी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** भाजपा के जिला ओबीसी मोर्चा के मंत्री चतुर साहू को चुट्टुपालू के पिस्का चौक स्थित सीमेंट दुकान में घुस कर दिनदहाड़े गोली मार कर मौके से अपराधी फरार हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराधी मास्क पहन कर दुकान में घुसे थे। दुकान से निकलने के क्रम में गोली चलायी गयी। भगवान का शुक्र है कि गोली चतुर साहू के बायें हाथ में आरपार हो गयी। घायल का इलाज क्युरेस्टा ग्लोबल ईरबा में चल रहा है। चतुर साहू के परिजनों के द्वारा अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।



घटना दिन के लगभग 11 से बारह बजे के आसपास की है। घटना के सात घंटे बाद भी अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। ओरमांझी पुलिस से पूछे जाने पर बताया कि अपराधी जो भी है, जल्द हमारी गिरफ्त में होगा। बता दें कि इससे पूर्व भाजपा नेता जीतराम मुंडा की हत्या भी इसी सरकार में हुई थी।

# शेखर जमुआर गढ़वा के नये उपायुक्त बने

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शेखर जमुआर गढ़वा के नये उपायुक्त बनाये गये हैं। फिलहाल शेखर जमुआर खान एवं भूतत्व विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे। मंगलवार शाम कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में कार्यरत आइएएस अभिजीत सिन्हा को दुमका का उपविकास आयुक्त सहित जिला परिषद का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, गढ़वा के उपायुक्त रहे रमेश घोलप कार्मिक विभाग में योगदान देंगे।

# पंकज मिश्रा के चालक से इडी की पूछताछ आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाले के आरोपी जेल में बंद झामुमो नेता पंकज मिश्रा के कार चालक सूरज पंडित से बुधवार को इडी पूछताछ करेगी। सूरज को इस संबंध में समन किया गया है। इसके अगले दिन गुरुवार को भी उससे पूछताछ की जानी है। यह पूछताछ न्यायिक हिरासत में चल रहे पंकज मिश्रा को फोन उपलब्ध कराने के आरोप के बारे में है। इन दोनों के फोन से ही पंकज मिश्रा ने जेल में रहते हुए झारखंड के कई बड़े अधिकारियों से बातचीत की थी और दिशा-निर्देश भी दिया था। कई अधिकारियों पर तो यह भी आरोप है कि वे पंकज मिश्रा से रिम्स में जाकर मिले भी थे। पंकज मिश्रा से मिलनेवाले अधिकारियों और उसके द्वारा उपयोग किये गये फोन के मालिक को पूछताछ के लिए क्रमवार इडी ने बुलाया है।

# देश के आठ राज्यों में 72 जगह एनआइए का छापा

- गैंगस्टर-टेरर फंडिंग केस में कार्रवाई, पाक कनेक्शन मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआइए) ने मंगलवार सुबह आठ राज्यों में 72 जगह छापेमारी की है। गैंगस्टर लॉरेंस और उसके करीबियों के ठिकानों पर यह रेड हुई हैं। एनआइए राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश में एक साथ कार्रवाई कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, बिश्नोई और बवाना गैंग को पाकिस्तान से फंडिग की जा रही है, जिसका इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जाता है। सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में जेल में बंद लॉरेंस और नीरज बवाना ने भी हथियार सप्लायर गिरोह और टेरर फंडिंग की बात कबूली थी।

एनआइए को रेड के दौरान कई जगह हथियार भी मिले हैं। राजस्थान में लॉरेंस और नीरज बवाना से जुड़े नेटवर्क को लेकर एनआइए का ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि एनआइ को इनके पास तस्करी के विदेशी हथियार मिलने का इनपुट है। एनआइए जोधपुर, सीकर, चूरू, झुंझुनूं सहित बीकानेर- श्रीगंगानगर सहित बॉर्डर के कुछ इलाकों में कार्रवाई कर रही है।

एनआइए ने कनाडा में बैठकर पंजाब में आतंक फैला रहे लखबीर लंडा के अलावा गैंगस्टर लॉरेंस और गोल्डी बराड़ के करीबियों के ठिकानों पर दबिश दी है। कुछ दिन पहले ही लखबीर लंडा को एनआइए ने आतंकी घोषित किया है और लगातार उसके करीबियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी तरह हरियाणा के शराब कारोबारियों समेत गैंगस्टर चीकू के घर दबिश दी गयी। यूपी के पीलीभीत और प्रतापगढ़ में एनआइए ने रेड की है।

# यूफ्लेक्स पैकेजिंग कंपनी के 64 ठिकानों पर आयकर का छापा

- हवाला और क्रिप्टो के जरिये चीन भेज रही थी पैसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग की ओर से यूफ्लेक्स लिमिटेड के ठिकानों पर छापेमारी की गयी। खबर लिखे जाने तक देश में कंपनी के 64 स्थानों पर आयकर की तलाशी जारी थी। कंपनी के जिन स्थानों पर छापेमारी की जा रही है, उनमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, तमिलनाडु, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश शामिल है।

पैकेजिंग कंपनी यूफ्लेक्स पर आरोप है कि वह हवाला और क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से पैसा चीन भेज रही थी। इसके अलावा, आयकर विभाग को कंपनी में लेनदेन में बड़ी गड़बड़ी की भी सूचना मिली है। आयकर अधिकारियों की कार्रवाई शुरू होते ही यूफ्लेक्स के कर्मचारियों की कंपनी में प्रवेश बंद कर दिया गया। आयकर विभाग की छापेमारी 15 शहरों के करीब 64 ठिकानों पर की जा रही है। यह कार्रवाई कंपनी और कंपनी के निदेशकों के खिलाफ हो रही है। यूफ्लेक्स लिमिटेड कंपनी का पूरे देश में बड़े स्तर पर कंटेनर और पैकेजिंग क्षेत्र में बड़ा कारोबार है।

कंपनी के राजधानी दिल्ली, नोएडा, मुंबई, जम्मू, चेन्नई, देहरादून, कोलकाता, हिमाचल, हरियाणा के फरीदाबाद आदि स्थानों पर आयकर विभाग के अधिकारी तलाशी अभियान रहे हैं। नोएडा के सेक्टर-4 स्थित यूफ्लेक्स के कार्यालय में छापेमारी सुबह लगभग 5 बजे शुरू की गयी। सूत्रों ने बताया कि कंपनी एकाउंट विभाग के लोगों को बाहर जाने की अनुमति नहीं है। उनके मोबाइल और लैपटॉप से इंफोर्मेशन और लेनदेन को लेकर दस्तावेजों की जानकारी एकत्र की जा रही है।






## नाच थानेदार नाच : शिवरात्रि के मौके पर आयोजित हुआ था कार्यक्रम, वीडियो वायरल

# चित्तरंजन जीआरपी थाना के प्रभारी ने खूब लगाये ठुमके

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिला के चित्तरंजन रेलवे स्टेशन थाना के प्रभारी के ठुमके देखकर इलाके के लोग दंग रह गये। जीआरपी थाना के प्रभारी सुरेश पासवान हैं। शिवरात्रि के मौके पर जब वह ठुमके लगाने लगे, तो ऐसा लगा कि ऐसा ठुमका तो बड़े फिल्म स्टार भी नहीं लगा सकते। जीआरपी थाना के बगल में स्थित शिव मंदिर परिसर में 19 फरवरी को शिवरात्रि महोत्सव के साथ-साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। आयोजन पूरी रात चला। कार्यक्रम में बाहर से लायी गयीं महिला डांसर भी ठुमके लगा रही थीं।

स्टेज में उनका साथ जीआरपी थाने की पूरी टीम दे रही थी। इसमें कई पुलिसकर्मी वर्दी में भी थे। कार्यक्रम में शराब माफिया भी पहुंचे थे और उन्होंने जमकर पैसे भी उड़ाये। पूरे डांस का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि पीले रंग का स्वेटर पहना व्यक्ति थाना प्रभारी है। वीडियो में दिख रहे दो अन्य लोग नीरज झा और अनिल कुमार भी पुलिस से जुड़े हैं। वीडियो की पुष्टि 'आजाद सिपाही' नहीं करता।





**इसके पहले भी कई थाना प्रभारियों का वीडियो हो चुका है वायरल :** इसके पहले भी झारखंड के कई थाना प्रभारियों का वीडियो वायरल हो चुका है। तीन साल पहले एक वीडियो धनबाद के बालू माफिया द्वारा उपलब्ध करायी गयी महिला डांसर के साथ डांस करते एक थाना प्रभारी का वायरल हुआ था। उस समय इस मामले की जांच भी हुई थी।

# आइपीएल गोली कांड की पीड़िता की जुबान से छलका दर्द

## ■ ममता ने दो सालों में सिर्फ आश्वासन दिया, केवल चंद्रप्रकाश ने की मदद

## ■ ममता साल में एक बार आती थीं, माला पहनाती थीं और चली जाती थीं

## ■ कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग बच्चा लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में रो रहे हैं

## ■ सिर्फ उनका ही बच्चा है, क्या पीड़ितों के बच्चे नहीं हैं, वहां तो झांकने भी नहीं आयीं ममता

**आजाद सिपाही विशेष**

यह राजनीति, और खास कर चुनावी राजनीति की एक विडंबना ही है कि चुनावी मैदान में उस कारण की चर्चा भी नहीं हो रही है, जिसे लेकर पूरा इलाका चर्चा में है। सब कुछ चुनावी गहमा-गहमी में डूबा हुआ है, लेकिन न तो असली मुद्दे की चर्चा है और न इस मुद्दे के पीछे के लोगों की। जी हां, हम बात कर रहे हैं रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की, जहां 27 फरवरी को मतदान होना है। पूरे इलाके में चुनाव प्रचार जोर-शोर से चल रहा है, जीत के दावे किये जा रहे हैं, लेकिन पूरे परिदृश्य से वह परिवार गायब है, जिसके सदस्यों ने इलाके के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इनलैंड पावर लिमिटेड (आइपीएल) गोलीकांड में मारे गये दो लोगों के परिजन इस चुनावी शोर में कहीं गुम हैं, जिनकी बदौलत पहले कांग्रेस की ममता देवी विधायक बनीं और अब विधायकी गंवा कर जेल में हैं। गोलीकांड में मारे गये दोनों लोगों के परिजनों का चुनावी परिदृश्य में कहीं नाम भी नहीं लिया जा रहा है। उनका तो यहां तक कहना है कि ममता देवी ने भी विधायक बनने के बाद उनके लिए कुछ नहीं किया। वोट लेकर विधायक बन गयीं, लेकिन आइपीएल गोलीकांड के शहीदों को ही भूल गयीं। पहले उन्होंने अपनी बेटी के नाम पर वोट मांगा था, अब बेटे के नाम पर उनके पति वोट मांग रहे हैं। लेकिन रामगढ़ की जनता अब यह खेल समझ चुकी है। इस बार सहानुभूति की वह लहर काम नहीं आयेगी। रामगढ़ उपचुनाव की गहमा-गहमी के बीच दुलमी स्थित आइपीएल फैक्ट्री गोलीकांड में मारे गये लोगों के परिजनों की पीड़ा को शब्दों में बयां कर रहे हैं आजाद सिपाही के **रामगढ़ ब्यूरो प्रभारी बीरू कुमार।**


बीरू कुमार

आइपीएल गोली कांड के शहीदों के नाम पर और एक दुधमुंहे बच्चे को सामने रख कर महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो द्वारा लड़ा जा रहा रामगढ़ उपचुनाव की असलियत जब आप जानेंगे, तो आप चौंक जायेंगे। 2019 के विधानसभा चुनाव में तो जनता ने जिस ममता देवी को रिकॉर्ड मतों से जियाता था, वह आज निराश है। वह ठगा हुआ महसूस कर रही है। एक तो जनता को ममता से सहानुभूति थी, दूसरे जनता ममता से उम्मीद कर रही थी कि वह जब विधायक बनेंगी, तो क्षेत्र की जनता और गोलीकांड के शहीदों के परिजनों लिए कुछ करेंगी। उस वक्त ममता देवी ने 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान जेल में बंद अपनी और बाहर खड़ी दो साल की बेटी की तस्वीर आगे कर आमजनों की भावनाओं को छुआ था। ममता तो जीत गयीं, लेकिन बदले में जनता और पीड़ितों को मिला वही नेताओं का आश्वासन। आजाद सिपाही की टीम ने जब आइपीएल गोलीकांड के शहीदों के परिवार वालों से बात की, तो पाया कि ममता ने तो उनसे खूब बड़े-बड़े वादे किये थे, नौकरी, आवास इत्यादि, लेकिन मिला सिर्फ आश्वासन।

### विधायक बनने के बाद ममता ने पूछा तक नहीं

आइपीएल गोलीकांड में मारे गये रामलखन महतो की पत्नी सविता देवी का कहना है कि 2016 के बाद के छह साल बहुत कष्टों भरा रहा। हम क्या खा रहे हैं, क्या पी रहे हैं, कोई भी पूछने वाला नहीं था। खेती के सहारे जिंदगी चल रही थी। लेकिन जब नहीं सकी, तो खुद ही प्लांट गयी, नौकरी मांगी। जब गोलीकांड हुआ, तब बहुत सारे नेता आये। किसी ने कहा, 40 देंगे-50 देंगे, नौकरी देंगे, लेकिन किसी ने कुछ नहीं दिया। हां आश्वासन जरूर दिया। तीन-तीन बच्चों को मैंने कैसे पाला है, वह सिर्फ मैं ही जानती हूं। 2019 के बाद जब ममता देवी विधायक बनीं, तो उन्होंने सिर्फ आश्वासन दिया। पहले तो उन्होंने कहा था कि वह नौकरी देंगी और कई सुविधाएं देंगी, लेकिन कुछ नहीं मिला। महागठबंधन के नेता मंच से सिर्फ गोलीकांड का जिक्र कर रहे हैं। मंच से गोलीकांड का जिक्र कर मेरे जख्मों को सिर्फ कुरेदा जा रहा है और कुछ नहीं।

### ममता ने सिर्फ दिया आश्वासन, चंद्रप्रकाश ने की असली मदद

वहीं गोलीकांड में मारे गये रामलखन महतो के भतीजे दीपक कुमार का कहना है कि 2016 के गोलीकांड के बाद के छह साल बहुत दुखों भरे रहे। ममता देवी विधायक बनने से पूर्व में कहती थीं कि जब वह विधायक बनेंगी और उनकी सरकार आयेगी, तब वह हर सरकारी सुविधा पड़ितों के लिए उपलब्ध करवायेंगी। आवास मिलेगा, पेंशन मिलेगी, सरकारी नौकरी मिलेगी। लेकिन जिस क्षेत्र में गोलीकांड हुआ, वह वहां झांकने तक नहीं आतीं। सिर्फ साल में एक बार शहीदों को माला पहनाने आती हैं। क्या सिर्फ माला पहनाने से पीड़ितों के परिवारों का भरण-पोषण हो जायेगा। सिर्फ उनका ही छोटा बच्चा है। मेरे चाचा का छोटा बच्चा नहीं है क्या। अभी बजरंग महतो अपने बच्चे को प्रचार के नाम पर लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में रो रहे हैं, लेकिन हमारे बच्चों को देखने के लिए कौन है। क्या गरीब का बच्चा, बच्चा नहीं होता। वह तो भला हो सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का, जिन्होंने मेरे दिवंगत चाचा के तीनों बच्चों को पढ़ाने की जिमेदारी उठायी है। वह उन्हें अच्छी शिक्षा प्रदान करा रहे हैं। दो बच्चों को राधा गोविंद में पढ़ाया जा रहा है। तीसरा बच्चा अपेक्स पब्लिक स्कूल मगरमरचा में पढ़ रहा है। वह और भी सुविधाएं परिवार को दे रहे हैं। लेकिन जब हम तत्कालीन विधायक ममता देवी के आवास पर गये, तब उन्होंने सिर्फ आश्वासन ही दिया और कुछ नहीं। जिन मुद्दों को लेकर ममता देवी चुनाव जीतीं, वे मुद्दे धराशायी हो गये। कुछ नहीं किया उन्होंने। महागठबंधन के नेताओं को बताना चाहिए कि सरकार तो उनकी है, लेकिन फिर भी गोलीकांड के पीड़ितों के लिए कोई कुछ क्यों नहीं कर रहा है। सिर्फ वोट मांगा जा रहा है। उस वक्त बच्ची के नाम पर, आज बच्चा के नाम पर। हर बार सिर्फ जेल वाली तस्वीर वायरल की जा रही है और वोट की राजनीति की जा रही है।

### सविता देवी पीड़िता, शहीद रामलखन महतो की पत्नी



### क्या हुआ था आइपीएल फैक्ट्री में

दरअसल रामगढ़ के दुलमी स्थित आइपीएल फैक्ट्री में 2016 में विस्थापित रैयतों ने 16 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन किया था। आंदोलन को भाजपा नेता राजीव कुमार ने धार दी थी और ममता देवी ने उसका नेतृत्व किया था। उस वक्त वह गोला क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य थीं। करीब एक माह तक चले आंदोलन में ममता देवी की सक्रिय भागीदारी रही थी। इसके बाद उग्र प्रदर्शन हुआ और पुलिस को अश्रु गैस के गोले के अलावा आत्मरक्षार्थ गोली चलानी पड़ी थी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गयी थी और कई गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इस घटना के बाद भाजपा नेता राजीव जायसवाल और तत्कालीन जिला परिषद सदस्य ममता देवी को जेल जाना पड़ा था। ममता देवी और राजीव पर चार विभिन्न प्राथमिकीयां दर्ज की गयी थीं। इनमें दो गोला और दो रजरप्पा थाना में दर्ज थीं। ममता देवी जब जेल गयी थीं, उस वक्त उनकी बेटी दो साल की थी। ममता देवी के जेल जाने की घटना ने उनके जीवन को बदलकर रख दिया था। 2017-18 में वह क्षेत्र में प्रसिद्ध हो चुकी थीं और आंदोलनकारी नेता की उनकी छवि बन गयी। 2019 में विधानसभा चुनाव हुए और वह कांग्रेस की प्रत्याशी घोषित की गयीं। क्षेत्र में पकड़, आंदोलन और मां-बेटी के रिश्तों के भावनात्मक पहलू ने चुनाव में उन्हें लोकप्रिय बना दिया और परिणामस्वरूप वह चार बार के विधायक चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी को मात देकर विजयी हुईं। जिस गोला गोलीकांड के बाद प्रसिद्धि के शिखर पर ममता देवी चढ़ीं, उसी कांड में आये कोर्ट के फैसले के बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द हो गयी। कोर्ट ने ममता देवी सहित अन्य को पांच साल की सजा सुनायी है। विधानसभा चुनाव 2019 में ममता देवी ने जेल में बंद अपनी और बाहर खड़ी दो साल की बेटी की तस्वीर आगे कर आमजनों की भावनाओं को छुआ था। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थी। उसके बाद 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी को 99 हजार 944 मत हासिल हुए थे। वहीं आजसू की सुनीता देवी को 71 हजार 226 मत हासिल हुए थे। भाजपा प्रत्याशी को 31 हजार 874 वोट मिले थे। उस विधानसभा चुनाव में भाजपा और आजसू ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। यानी वोट बंट गया और ममता देवी बाजी मार गयीं। अगर भाजपा और आजसू के वोटों को जोड़ दिया जाये, तो 71226+31874=103100 होते हैं। यानी ममता देवी के वोट से से 3156 ज्यादा।

अब एक बार फिर वह जेल में बंद हैं और रामगढ़ में उपचुनाव होने वाला है। अबकी बार सहानुभूति के लिए उनका दुधमुंहा बच्चा सामने है। पूर्व की तरह ही एक बार फिर से एक और फोटो वायरल किया जा रहा है, जिसमें ममता देवी को जेल में और बाहर चार माह के उनके बेटे को दिखाया जा रहा है। इस बार प्रत्याशी हैं ममता देवी के पति बजरंग कुमार महतो। लेकिन नॉमिनेशन से पहले तो रामगढ़ में सियासी लड़ाई घर की लड़ाई में तब्दील होने लगी थी। ममता देवी के पति और देवर ही टिकट के लिए आमने-सामने खड़े हो गये थे। दोनों भाइयों ने विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से दावेदारी पेश कर दी थी। उसके बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया था। मैसेज तो यही गया कि देखो ममता तो जेल में बंद हैं, बाहर उनके पति और देवर कुर्सी की होड़ में आपस में ही लड़ रहे हैं। मतलब कुर्सी महत्वपूर्ण है, व्यक्ति नहीं। जनता भी यह समझ रही है।

जरा सोचिये, जिस गोलीकांड की सहानुभूति पर ममता विधायक बनीं, विधायक बनने के बाद उन्होंने पीड़ित परिवार वालों के लिए कुछ भी नहीं किया। सिर्फ वोट मांगा, आज भी वही हो रहा है। आज भी 2019 कहानी दोहरायी जा रही है, लेकिन पीड़ित परिवार वालों की बात तक नहीं हो रही। हो भी कैसे, राज जो खुल जायेगा।

---

### अरगड्डा से नेमरा तक आजसू सुप्रीमो ने बहाया पसीना, नाराज साथियों की नब्ज टटोली

# आजसू एक परिवार, इसका हर सदस्य हमारा नेता: सुदेश

**लोगों ने कहा- नाराजगी चंद्रप्रकाश से नहीं, चंद्रप्रकाश बनने वालों से थी**

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ उपचुनाव का नजारा बदला-बदला सा आ रहा है। पक्ष-विपक्ष एक दूसरे पर हमलावर है। आरोप-प्रत्यारोप का खेल चरम पर है। जिसके कारण रामगढ़ उपचुनाव का राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। सबकुछ से इतर आजसू सुप्रीमो रामगढ़ विधानसभा के मतदाता और कार्यकर्ता की नब्ज टटोल रहे हैं। इसके लिए सुदेश महतो ने अरगड्डा से नेमरा तक के राजनीतिक जमीन नाप दी। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं की नाराजगी भी जाननी चाही।



आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने आजसू पार्टी को एक परिवार करार दिया। उन्होंने कहा कि हर एक सदस्य मेरा परिवार है। हमारा नेता है। कोई किसी से बड़ा नहीं है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और जेएमएम के लोग कभी भी अपनी पार्टी को हमारी पार्टी नहीं बोल सकते हैं। लेकिन हमने सबको ये कहने का हक दिया है कि वो बोल सकते हैं आजसू पार्टी, हमारी पार्टी और परिवार है। इसलिए हमलोग छोटी सी बातों को बड़ा नहीं बनाकर 2019 में हुई गलतियों को भुलाकर अपने परिवार को मजबूत कर उपचुनाव में परचम लहराकर खोया ताज वापस लायेंगे।

#### सुदेश ने सभी की नाराजगी दूर की

सुदेश महतो हर सभा में हर सदस्यों से नाराजगी जाननी चाही। उन्होंने कहा कि मैंने जिससे पूछा उसने कहा कि हमें नाराजगी चंद्रप्रकाश चौधरी से नहीं है। वे अच्छे हैं। लेकिन अगुआ-पिछुआ करने वाले कुछ लोग चंद्रप्रकाश बनने का प्रयास किये। जिसके कारण नाराजगी का खाई बढ़ती गयी। जिसके कारण 2019 के विधानसभा चुनाव में परिणाम आजसू के खिलाफ रहा।

नाराजगी की बात सुनने के बाद सुदेश महतो सभी की नाराजगी दूर करने लगे। सुदेश ने स्पष्ट कहा कि हमारा नेता हर सदस्य है। जिसमें चूल्हा प्रमुख की भूमिका बढ़ गयी है। हमने रामगढ़ को 12 हजार नेता चूल्हा प्रमुख के रूप में दिया है। जो हर परिवार का दर्द समझेंगे और उनकी समस्याओं का निदान करेंगे।

---

### सऊदी अरब में डुमरी के प्रवासी मजदूर को यातनाएं

# हैवान बन मालिक करा रहा काम, सरकार से वतन वापसी की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** बगैर जांच-पड़ताल व निबंधन कराये रोजगार की आस में विदेश जाने वाले प्रवासी मजदूरों को कई तरह की यातनाएं झेलनी पड़ती हैं। एजेंट पर भरोसा कर वे विदेश चले जाते हैं, फिर परेशानी में शासन-प्रशासन से वतन वापसी की विनती करने को विवश होते हैं। कुछ ऐसी ही विषम परिस्थितियों से गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड के चकरबरई गांव का युवक खूबलाल महतो गुजर रहा है। सऊदी अरब में मालिक उसे यातना दे रहा है। पासपोर्ट जलाने के बाद उसकी पिटाई भी की जा रही है।



#### सपनों की उड़ान भरने निकला था खूबलाल

महतो के स्वजनों के मुताबिक, 18 दिसंबर 2022 को सऊदी अरब में कमाने के लिए महतो यहां से निकला था। इस आस में कि उसकी कमाई से उसका घर-बार संवर जायेगा। पर कुछ दिन बाद ही उसका मालिक वहां हैवान बन गया।

#### सरकार से वतन वापसी की गुहार

रोते हुए खूबलाल ने सोमवार को अपने स्वजनों को किसी दूसरे के मोबाइल से फोन कर अपनी पीड़ा बतायी। कहा कि बचा लीजिए। यहां कफील (मालिक) उससे गुलामों की तरह काम ले रहा है। पैसे मांगने पर पिटाई की जाती है। कफील ने मेरे कपड़े, मोबाइल, पासपोर्ट सभी जला दिया है। परिवार वाले सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

#### मालिक बंधक बनाकर काम करा रहा है

खूबलाल की पत्नी धानेश्वरी देवी ने बताया कि दो महीने पूर्व बिहार के एजेंट के माध्यम से पति महतो सऊदी अरब गये थे। वहां उन्हें बंधक बनाकर काम कराया जा रहा है और इसके बदले वेतन भी नहीं दिया जा रहा है और न ही ठीक ढंग से खाने-पीने दिया जा रहा है। विरोध करने पर उन्हें यातनाएं झेलनी पड़ रही हैं। फोन पर उन्होंने बताया कि कफील ने उनका मोबाइल, कपड़ा, पासपोर्ट समेत सभी कागजात जला दिये हैं। अब पति कैसे अपने घर आयेंगे।

#### ताजिकिस्तान में फंसे झारखंड के कई मजदूर

इधर प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकंदर अली ने केंद्र व राज्य सरकार से मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में झारखंड में आये दिन कहीं न कहीं से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। ताजिकिस्तान में फंसे झारखंड 36 मजदूरो में दो मजदूर की किसी तरह से वापसी हो पायी है। अभी भी 34 मजदूर ताजिकिस्तान में फंसे हुए हैं। ऐसे में तत्काल उन सभी फंसे मजदूरों की सकुशल वतन वापसी करायी जाये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.0 °C | 13.9 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.46 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.20 बजे |



## स्मार्ट सिटी एडवाइजरी फोरम की बैठक संजय सेठ की अध्यक्षता में संपन्न

# रांची स्मार्ट सिटी में 16 हजार फ्लैट का होगा निर्माण

**70000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजन के द्वार खुलेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची स्मार्ट सिटी परिसर में सिटी लेवल एडवाइजरी फोरम की बैठक सांसद संजय सेठ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सांसद ने स्मार्ट सिटी में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान फोरम से जुड़े सदस्यों ने अपने अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये। इस बैठक में बताया गया कि स्मार्ट सिटी की भूमिका रांची के विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण होगी। बैठक में यह जानकारी दी गयी कि रांची देश के अग्रणी स्मार्ट सिटी में शामिल है, यहां 930 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत हुए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत कुल 18 प्रोजेक्ट पर काम चलना है, जिसमें 12 प्रोजेक्ट स्वीकृत हो चुके हैं, 8 प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। यहां 16000 फ्लैट बनने हैं, जो आम नागरिकों को आवंटित किये जायेंगे। इसके लिए जमीन का आवंटन भी हो चुका है, इस वर्ष काम भी आरंभ हो जायेगा। इस परिसर में शैक्षणिक कार्यों हेतु स्कूल, कॉलेज, बेहतर अस्पताल सहित अन्य कई सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम चल रहा है। स्मार्ट सिटी में 40,000 करोड रुपये तक के निवेश की संभावना है।

अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट सिटी के निर्माण से 70000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजन के द्वार खुलेंगे। 656 एकड़ भूमि पर चल रहे स्मार्ट सिटी निर्माण कार्य में 469 करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित विकास पर खर्च किये जा रहे हैं। 21 किलोमीटर के एरिया में वाटर सप्लाई, 39 किलोमीटर का ड्रेन नेटवर्क इस स्मार्ट सिटी में होगा। 41 किलोमीटर लंबे फुटपाथ के साथ लगभग 21 किलोमीटर लंबी चौड़ी सड़क भी होगी।

इस बैठक के दौरान अधिकारियों ने सांसद को बताया कि स्मार्ट सिटी के विकास में कुछ तकनीकी समस्याएं आ रही हैं, सांसद ने अधिकारियों से उसका विवरण मांगा और समाधान की दिशा में कार्य करने की बात कही। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस सोच के साथ स्मार्ट सिटी का विकास कर रहे हैं, उस दिशा में राज्य सरकार काम नहीं कर पा रही है। अधिकारियों ने सांसद को बताया कि आने वाले 5 वर्षों में स्मार्ट सिटी पूरी तरह से तैयार हो जायेगी, जहां 16000 फ्लैट के साथ, मल्टीप्लेक्स शॉपिंग, मॉल, पार्क सहित अन्य कई अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। यहां सभी फ्लैटों का निर्माण ऐसा किया जा रहा है कि दिन में बत्ती जलाने की कोई आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस बैठक में मुख्य रूप से स्मार्ट सिटी के सीइओ अमित कुमार, रांची के राजेश बरवार, डॉ संजय कुमार, आलोक सरावगी, रोहित अग्रवाल, अतुल कुमार, आदित्य मल्होत्रा मौजूद रहे।

# सुजीत बनकर सीए सुमन कुमार ने पाकुड़ के डीएमओ से एक करोड़ रुपये वसूले

**इडी की जांच में हुआ खुलासा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीए सुमन कुमार ने सुजीत बन कर पाकुड़ के जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप कुमार साह से एक करोड़ रुपये वसूले थे। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा जारी जांच पड़ताल के दौरान इस बात की जानकारी मिली है। खनन पदाधिकारी ने इस बात को स्वीकार भी कर लिया है। माइनिंग क्षेत्र से जिला खनन पदाधिकारियों के माध्यम से की जानेवाली अवैध वसूली के सिलसिले में जांच के दौरान इस बात की जानकारी मिली है कि सुमन कुमार सिंह फर्जी नाम से भी पैसों की वसूली करता था।

पाकुड़ के जिला खनन पदाधिकारी से पैसों की वसूली के लिए वह अपना नाम सुजीत कुमार सिंह बताया करता था। जांच में इस बात की भी जानकारी मिली है कि विभागीय स्तर पर हुई एक बैठक के बाद उसे अपने ज़िले के लीज धारकों से प्रति माह कम से कम 25 लाख रुपये की दर से वसूली का निर्देश दिया गया था। इस निर्देश के बाद प्रदीप कुमार साह ने अपने ज़िले में लीज धारकों से इस मुद्दे पर बातचीत करने के लिए एक बैठक बुलायी थी। बैठक में कोई लीज धारक सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर रॉयल्टी का भुगतान करने के लिए तैयार नहीं था। उसे विभाग की ओर से यह निर्देश दिया गया था कि वह बोल्डर पर 132 रुपये प्रति घन मीटर के बदले लीज धारकों से 250 रुपये प्रति घन मीटर की दर से रॉयल्टी की वसूली करेगा। नियमानुसार बोल्डर के लिए निकाले गये पत्थर पर 132 रुपये प्रति घन मीटर और बोल्डर का इस्तेमाल चिप्स के लिए करने पर 250 रुपये घन मीटर की दर से रॉयल्टी वसूलने का प्रावधान है।

### सीए सुमन को बेल देने से हाइकोर्ट का इनकार, बेल अर्जी खारिज

**रांची।** मनी लांड्रिंग मामले की आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के सीए समन कुमार सिंह की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की कोर्ट में हुई। जमानत अर्जी खारिज होने से सुमन कुमार को बड़ा झटका लगा है। उनकी जमानत पर इडी और प्रार्थी का पक्ष सुनने बाद अदालत ने 14 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

बैठक में कोई लीज धारक 100 प्रतिशत पत्थर पर 250 रुपये की दर से भुगतान करने के लिए तैयार नहीं हुआ। बाद में किसी तरह लीज धारकों से वसूली की प्रक्रिया शुरू हुई। इसके बाद उसे किसी सुजीत सिंह नामक व्यक्ति ने विभागीय अधिकारियों का हवाला देते हुये डंगराटोली चौक स्थित पेंटालून भवन के पास मिलने के लिए बुलाया। फोन करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम सुजीत कुमार सिंह बताया था।

पेंटालून के पास हुई मुलाकात के बाद वह अपने किसी आदमी को पैसा लेने के लिए भेजता था। उसे सुजीत सिंह द्वारा भेजे गये आदमी को नवंबर 2021 में 15 लाख, दिसंबर में 25 लाख, जनवरी 2022 में 25 लाख और उसके बाद 22 लाख रुपये देने की बाद याद है। इसके कुछ महीनों बाद वसूली की प्रक्रिया बंद कर दी गयी थी। इडी ने जांच में पाया कि पाकुड के जिला खनन पदाधिकारी की बात जिस नंबर पर सुजीत कुमार सिंह से हुआ करती थी, वह सुमन कुमार सिंह की थी। सुमन कुमार सिंह ही इससे सुजीत सिंह के नाम से संपर्क स्थापित कर पैसों की वसूली करता था।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** — रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

**वृष** — कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

**मिथुन** — कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी।

**कर्क** — शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे, खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

**सिंह** — राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

**कन्या** — प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवाभगत में व्यस्त रहेंगे।

**तुला** — संपति संबंधी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक** — नये-नये लोगों से संपर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

**धनु** — आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे, नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

**मकर** — अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, गृह-भूमि-वाहन का सुख।

**मीन** — लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकते हैं।

# हेमंत सरकार के कार्यकाल में अधिकारी और नेताओं की चोरी को इडी ला रही है सामने: बाबूलाल मरांडी

**सुधीर सिन्हा**



**गिरिडीह।** माइका कारोबार के मुद्दे पर मंगलवार को गिरिडीह से भाजपा ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। गिरिडीह डुमरी रोड के पपरवाटांड स्थित न्यू समहरणालय भवन के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं धरना प्रदर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत के क्रम में पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि माइका कारोबार को पहले ही हेमंत सरकार ने वैध करने का भरोसा दिया था, लेकिन अब वह भरोसा कहां गया। उनका भरोसा कोडरमा से माइका लोड गाड़ी को हरी झंडी तक दिखा गया लेकिन कुछ नहीं हुआ, सिर्फ आश्वासन से कुछ नहीं होगा क्योंकि हेमंत सरकार अब तक माइका से लेकर हर मुद्दे पर आश्वासन देकर ही जनता को बेवकूफ बनाती आयी है। अगर तिसरी और गांवा के माइका मजदूर भूखे मरने को विवश नहीं होते, तो आज इस आंदोलन की जरूरत ही क्या थी।

एक अन्य सवाल के जवाब में पूर्व सीएम ने कहा कि कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन भी सरकार को गुमराह कर रही है क्योंकि माइका के चुनायी और कटायी से तिसरी और गांवा में रहने वाले मजदूरों के बच्चों से कोई लेना-देना नहीं है। दोनों क्षेत्रों में सिर्फ मजूदर ही काम करते हैं। अगर कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के पास इस बात के तथ्य है तो उसे सामने लाना चाहिए। अभियंता वीरेंद्र राम के खिलाफ हुए इडी की कार्रवाई को लेकर पूर्व सीएम मरांडी ने कहा कि जब चोरी हुई है तो एजेंसिया पकड़ेंगी हीं, क्योंकि जब चोरी और डकैती होता है तो पुलिस ही अपराधियों को पकड़ती है लेकिन अधिकारी और नेता चोरी करेंगे, तो इडी और इनकम टैक्स चुप नहीं रहने वाला। हेमंत सरकार के कार्यकाल में किस स्तर पर खजानों की चोरी कर अधिकारी और नेता अरबपति बने हैं यह तो सामने आ रहा है। इधर पत्रकारों से बातचीत के क्रम में पूर्व सीएम के साथ पूर्व भाजपा सांसद रवींद्र राय और रवींद्र पांडेय मौजूद थे।

# गठबंधन सरकार में भाजपा कार्यकर्ता अपराधियों के निशाने पर : दीपक प्रकाश

**कहा- पिछले तीन वर्षों में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ओरमांझी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को राज्य सरकार पर हमला बोला। प्रकाश भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची ग्रामीण जिला मंत्री चतुर साहू पर नकाब पोश अपराधी के द्वारा किये गये कातिलाना हमला के बाद बोल रहे थे। प्रकाश ने अस्पताल पहुंचकर गोली से घायल चतुर साहू से मुलाकात की, उनका कुशल क्षेम जाना एवं घटना की जानकारी ली। मुलाकात करने वालों में सांसद संजय सेठ, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो भी शामिल थे। प्रकाश ने कहा कि जबसे हेमंत सरकार बनी है लगातार अपराधियों के द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा। पिछले तीन वर्षों में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है। प्रकाश ने कहा जिस प्रकार से हत्या के आरोपित अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, उनकी गिरफ्तारी नहीं होती, कारवाई नहीं होती उससे स्पष्ट झलकता है कि अपराधियों को राज्य सत्ता एवं सत्ताधारी गठबंधन के नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की टारगेटेड हत्या हो रही क्योंकि भाजपा के कार्यकर्ता लगातार राज्य सरकार के खिलाफ मुखर हैं,नाकामियों को जनता के बीच उजागर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी, मूलवासी दलित, आदिवासी, पिछड़ों के विकास का ढोल पीटती है जबकि इस समाज के लोग लगातार अपराधियों निशाने पर हैं।



गृह मंत्री अमित शाह की पत्नी सोनलबेन शाह मंगलवार को नयी दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित आदि महोत्सव को देखने पहुंचीं। इस दौरान वह विभिन्न स्टाल पर गयीं और कारीगरों के कामों को देखा। उन्होंने विभिन्न आदिवासी कारीगरों के साथ बातचीत की और उनके काम की सराहना की।

## झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक करेंगे उद्घाटन

# मोरहाबादी मैदान में पर्यावरण मेला आज से

**वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव मुख्य अतिथि होंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मोरहाबादी मैदान में पर्यावरण मेला बुधवार से आरंभ होगा। मेले का उद्घाटन 22 फरवरी को संध्या 4 बजे होगा। उद्घाटन समारोह में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक उद्घाटनकर्ता के रूप में और झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी विधायक सरयू राय ने मंगलवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि मेले में प्रत्येक दिन शाम को उच्चस्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा और प्रत्येक दिन दोपहर बाद पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न आयामों से जुड़े विद्वानों और विशेषज्ञों का पर्यावरण संरक्षण के विशिष्ट पहुलओं पर व्याख्यान होगा और उनका मार्गदर्शन मिलेगा और संगोष्ठी भी आयोजित की जायेगी। उद्घाटन के दिन शाम को बनारस घराने के विख्यात शहनाई वादक संजीव शंकर एवं अश्विनी शंकर की जोड़ी की प्रस्तुति होगी। मेला प्रतिदिन सुबह 11 बजे आरंभ होगा और रात्रि 8.30 तक चलेगा। मेला के दूसरे दिन 23 फरवरी को झारखंड के सभी जिलों में हुए चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता में शामिल रहे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे छात्रों के बीच राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जायेगा। 24 फरवरी को प्रदूषण और स्वास्थ्य पर इसके कुप्रभाव विषय पर संगोष्ठी आयोजित होगी, जिसमें कोलकाता के डॉ. मानस रंजन रे संबोधित करेंगे तथा स्थानीय स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी इसमें शामिल रहेंगे। तदुपरांत शाम को पाईका और कालबेलिया नृत्य का प्रदर्शन होगा। 25 फरवरी को पर्यावरण की नीति एवं न्यायिक हस्तक्षेप विषय पर संगोष्ठी होगी। 26 फरवरी को पर्यावरण संरक्षण के पारंपरिक व्यवहार एवं वैश्विक पर्यावरणीय प्रशासन विषय पर संगोष्ठी होगी। 27 फरवरी को तकनीक चालित विश्व में जीने का अभ्यास विषय पर संगोष्ठी होगी, 28 फरवरी को कृत्रिम बुद्धिमता विकास का पर्यावरण पर प्रभाव विषय पर संगोष्ठी होगी।

एक मार्च को पुर्नचक्रण एवं टिकाव विकास विषय पर संगोष्ठी होगी। दो मार्च को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण पर सीएसआर एवं सीइआर की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। तीन मार्च 2023 को मेले का समापन होगा। इस अवसर पर प्रख्यात चिंतक गोविंदाचार्य के व्याख्यान से मेले का समापन होगा। मेला आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनमानस में पर्यावरण के प्रति रुचि बढ़ाना और व्यक्तिगत एवं पारिवारिक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण में आमजनों की भूमिका सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास आरंभ करना है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

### आइइडी की चपेट में आने से युवक की मौके पर हुई मौत

**चक्रधरपुर।** भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों द्वारा लगाये गये आइइडी बम की चपेट में आने से ग्रामीण युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। यह घटना नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कुईडा. पंचायत के मेरालगड़ा की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गोइलकेरा प्रखंड के मेरालगड़ा गांव निवासी 23 वर्षीय हरीश चंद्र गोप मंगलवार को जंगल की ओर लकड़ी लाने जा रहा था, तभी नक्सलियों द्वारा लगाये गये आइइडी बम की चपेट में आ गया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद गोइलकेरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। इधर पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों द्वारा लगाया गया आइइडी बम की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्र.स. 1. ई. निविदा सं०** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–78–22–23 एकल पैकेट सिस्टम **कार्य का नाम:** किउल–गया लाइन को जोड़ने वाली फ्लाई ओवर बाई पास लाइन निर्माण के लिए सीआरएस निरीक्षण के संबंध में टो दीवार का निर्माण, बैलास्ट रिटेनर दीवार, ट्राली शरण में, पुल के कदम, पुल निरीक्षण मंच, पाथवे, ड्रॉप वॉल, पर्दे की दीवार प्रदान करना और सीमा स्तंभों को ठीक करना, हाइट गेज, ट्रैक साइड संकेतक बोर्ड और साइनेज, पेंटिंग, लेटरिंग और अन्य सहायक कार्य। **अंकलित मूल्य (रु):** 3,09,66,203.03 **बोली प्रतिभूति (रु):** 3,04,800.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 08 महीने **क्र.स. 2. ई. निविदा सं०** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–79–22–23 एकल पैकेट सिस्टम **कार्य का नाम:** बरकाकाना से रांची के बीच नई बीजी रेल लाइन के संबंध में हेहल यार्ड, सिधवार – सांकी सहित चैनगे 143.640 किमी से 169.350 किमी के बीच पी. वे रखरखाव और अन्य सहायक कार्य। **अंकलित मूल्य (रु):** 1,99,73,056.71 **बोली प्रतिभूति (रु):** 2,49,900.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 महीने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 10.03.23 15.30 बजे ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेज़ी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याषित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्दिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना।
पीआर/2171/कॉन/ईन्जी./टी/22–23/60

**JHARKHAND STATE FOOD AND CIVIL SUPPLIES CORPORATION LIMITED**
**JSFC BHAWAN, KADRU MAIN ROAD, RANCHI-834002**
**PH. NO. : 0651-2341038**

**SHORT TENDER NOTICE**

INVITATION TO TENDER AND INSTRUCTIONS TO TENDERERS FOR APPOINTMENT OF MANDI LABOUR CONTRACTOR AT VARIOUS ZONES (AS PER DISTRICT MANAGER) OF JHARKHAND STATE FOOD AND CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD FOR 2 (TWO) YEARS 22-23 & 23-24 (Except Ranchi, Dhanbad, Bokaro, Gumla, Lohardaga, Chatra, Palamu & Garhwa).

Letter No.------------------ Date: ------------------

| S. No | Particulars | Important Instructions |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | For Appointment of Mandi Labour Contractor in various zones (as per District Manager of JSFC) |
| 2 | Date of Publication of Tender | 22.02.2023 |
| 3 | Bid Downloading/Submission Start Date | 22.02.2023 at 5:00 PM |
| 4 | Last Date of Downloading & Submission of Tender Form | 02.03.2023 at 6:00 PM |
| 5 | Last date of receipt of tender fee and EMD | 02.03.2023 at 5:00 PM |
| 6 | Date of opening of Technical Bid | 03.03.2023 |
| 7 | Date of opening of Financial Bid | Financial Bid to be opened for those bidders who are found successful in Technical bid. |
| 8 | Tender Fee in term of NEFT/RTGS | Rs. 590(Five Hundred Ninety) NEFT/RTGS/other electronic means by the tenderers in the JSFCSCL Account State Bank of India A/c no. 32148046972, IFSC No. SBIN0010401 |
| 9 | EMD in term of NEFT/RTGS | As per Tender document |
| 10 | Name and address of Office inviting Tender | Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited, JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi-834002. |
| 11 | Name and Number of Contact person. | Abhishek Tiwari- 9795046772 / 9219516455 Suraj Murmu – 7488569109 |

**Note**: Further details can see on website: **www.jharkhand.gov.in** & **https://jhtenders.eproc.in** & www.sfcjharkhand.in/Tenders.aspx

**ज्ञापांक** -01/रा.खा.नि./धान अधि./15/2022-753, रांची
**दिनांक** - 21.02.2023

**Sd/- Managing Director**
**Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited**

## कोडरमा सीओ-बीडीओ के खिलाफ भाकपा का प्रदर्शन




**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** भाकपा अंचल परिषद कोडरमा के द्वारा मंगलवार को कोडरमा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व पूर्णिमा टॉकीज से जुलूस निकाला गया जो झुमरीतिलैया के विभिन्न मार्ग होते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन में तब्दील हुआ। धरना की अध्यक्षता भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह ने किया। ढिबरा एवं ब्लूस्टोन चुनकर हजारों परिवार अपने बाल बच्चों को पाल रहे हैं लेकिन अचानक खदान को बंद कराना एक बड़ी साजिश है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोडरमा कल की कार्रवाई की निंदा करती है क्योंकि माननीय मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा था ढिबरा एवं ब्लू स्टोन चुनना कोई अवैध नहीं है। धरना को सीपीआई जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयूम उद्दीन, अंचल मंत्री धनंजय यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, रमेश यादव, काली सिंह, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव ने भी संबोधित किया। धरना में असगर अंसारी, फिरोज अंसारी, रामचंद्र यादव, ब्रह्मदेव राणा, सिकंदर कुमार, हीरामन रजक, विनोद पासवान, दिनेश पासवान, युगेश प्रसाद यादव, कामेश्वर पंडित, विश्वनाथ रविदास, किशोर चौधरी, संतोष शर्मा, तुलसी पासी, सुरेंद्र पासवान, पूर्व अंचल मंत्री समीम खान, दशरथ पासवान, इब्राहिम अंसारी, रामकुमार यादव, बबलू दास, बलवा देवी, जमुनी देवी, बसमतिया देवी, ललिया देवी, फरजाना खातून, जावेद खातून, निशा खातून, मुन्नी देवी, जरीना खातून आदि मौजूद थीं।

## अजय कृष्ण ने जिला प्रशासन और जन प्रतिनिधियों पर सवाल खड़ा किया

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन की ओर से किया जा रहा कार्रवाई से झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा राज्य झारखंड के अध्यक्ष अजय कृष्ण ने विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि कोडरमा जिला के आम-अवाम के द्वारा रोजगार के लिए जो भी काम करते हैं वह सभी अवैध है चाहे वह पत्थर हो, ढीबरा, स्क्रैप, ब्लू स्टोन पत्थर हो सभी अवैध तो है लेकिन, अवैध को वैध करने का कोई भी सार्थक प्रयास जन- प्रतिनिधियों के द्वारा नहीं किया गया। आज का जन-प्रतिनिधि, धन-प्रतिनिधि है और यही कारण है कि कोडरमा जिला की जनता पर वैध-अवैध कहकर प्रशासन का डंडा चल रहा है। प्रशासन के द्वारा केस दर्ज किया जाता है और उसके बाद पुलिस पदाधिकारी के पीछे-पीछे घुमते-घुमते कोर्ट-कचहरी और जेल भी जाना पड़ता है। उन्होंने सवाल उठाया कि कोडरमा जिला प्रशासन के द्वारा अवैध कामों को वैध बनाने के लिए टास्क-फोर्स का गठन क्यो नही किया जाता है। कोडरमा जिला प्रशासन भी अवैध वसूली में लिप्त है सब पर ईडी विभाग के द्वारा जांच कराने की मांग अजय कृष्ण ने किया है।

## किसानों के लिए कोडरमा में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** मंगलवार को कोडरमा जिला समाहरणालय स्थित बिरसा सांस्कृतिक भवन में जिले के किसानों तथा एसएचजी फेडरेशन के प्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में कृषि अवसंरचना कोष विषयक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। प्रभाष चंद्र दुबे ने कार्यशाला का संचालन किया। कार्यशाला के माध्यम से किसानों को बताया गया कि कृषि अवसंरचना कोष के माध्यम से किसानों तथा कृषि क्षेत्र के उद्यमियों के लिए एक लाख करोड़ रुपये की राशि का आवंटन किया गया है, जिसमें झारखंड को 1445 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। परियोजना प्रबंधन ईकाई (पीएमयू) कृषि निदेशालय की ओर से आये प्रतिनिधियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से किसानों को बताया कि आवेदन कैसे करना है और परियोजना का कैसे लाभ लेना है। करीब 500 किसानों ने योजना को समझकर आवेदन करने का निर्णय लिया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि कोडरमा जिला पूरे झारखंड में इस योजना का लाभ लेने में सबसे पहले नंबर पर रहेगा। पीएमयू की टीम से प्रभाष चंद्र दुबे, सौरभ सूद, रिश रवि (डायरेक्टर), मनीष, सुकेश आदि ने प्रेजेंटेशन दिया। जिसमें मयंक तथा प्राची ने सहयोग दिया। कृषि निदेशनलाय रांची की ओर से सहायक निदेशक श्री रुपक कुमार विशेष रुप से उपस्थित थे। उपरोक्त के अलावे जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, जिला अग्रणी प्रबंधक, डीपीएम जेएसएलपीएस व अन्य मौजूद थे।

## डीइजीएस कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर शुरू



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** चंदवारा प्रखंड के बड़की धमराय पंचायत भवन में डीईजीएस कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अमीत कुमार यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। विधायक अमित कुमार यादव ने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुये कहा कि कंप्यूटर प्रशिक्षण को लेकर जिला प्रशासन ने सक्रिय भूमिका निभायी है। कंप्यूटर प्रशिक्षण से बच्चों का संपूर्ण विकास हो रहा है। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बच्चों को संबोधित कर उन्हें कंप्यूटर की महत्ता की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय यादव, ईडीएम सह पीएमयू सदस्य राजदेव महतो व अन्य मौजूद रहे।

## नप कार्यालय पर निर्माण यूनियन ने किया आक्रोश प्रदर्शन

**झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विभिन्न वार्डों की जनसमस्याओं को लेकर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले नगर पर्षद कार्यालय पर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया। इससे पूर्व अर्डी बंगला दुर्गा मंडप से नप कार्यालय तक एक जुलूस भी निकाला गया। जुलूस में पीएम आवास का बकाया भुगतान करो, शहर की सफाई की गारंटी करो, बंद पड़े लाइट का मरम्मत करो, गरीब दलित बस्तियों में सड़क नाली का निर्माण करो आदि मांगों से संबंधित जोशीले नारे लगाए जा रहे थे। जुलूस नगरपालिका पहुंचकर घेराव प्रदर्शन मे तब्दील हो गया। जहां नप कार्यालय का मुख्य गेट जाम कर प्रदर्शनकारी दो घंटे तक धरना पर बैठ गए। जहां नागेश्वर दास की अध्यक्षता व शम्भु पासवान के संचालन में हुयी सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सी डब्लू एफ आई) के केन्द्रीय कमिटी सदस्य और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि नगर पर्षद लूट का अड्डा बन गया है। करोड़ों के कमीशन के चक्कर में गैर जरूरी काम लिया जाता है, जिससे तिलैया के नागरिकों को कोई लाभ नहीं है। शहर की नालियां बजबजा रहा है, सफाई बंद है। पीएम मोदी ने 2022 में सभी को पक्का घर देने का वादा किया था, लेकिन 2023 में लाभुकों को भुगतान नहीं होने के कारण तिरपाल के नीचे रहने को मजबूर है। मोदी सरकार ने पिछले दरवाजे से पीडीएस दुकानों से गरीबों को मिलने वाला एक रुपए किलो चावल गेहूँ को बंद कर दिया है जो गरीबों पर सीधा हमला है। निर्माण कामगार यूनियन के सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि निकाय चुनाव टाले लगभग लगभग तीन वर्ष होने को है।

### जनता दरबार कार्यक्रम मे आये फरियादियों से मिलीं उपायुक्त, समस्या निष्पादन का निर्देश

# विभिन्न माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें : नैंसी सहाय

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय सप्ताहिक जनता दरबार में जिले के दूर-दराज गांव शहर से आये लगभग 50-60 फरियादियों की समस्याओं से अवगत हुये। क्रमवार आवेदन के माध्यम से फरियादियों की समस्याओं से अवगत हो उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को उक्त मामलो के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये। बताते चलें कि कई मामलों के ऑन द स्पॉट निष्पादन हुआ वहीं कइ मामलों त्वरित निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को आवेदन हस्तांतरित कर मामले के त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, विद्युत आपूर्ति सम्बन्धित मामले, कल्याण विभाग, भू अर्जन कार्यालय समेत अन्य मामले आये। इस दौरान उपायुक्त ने विभागीय पदाधिकारियों को विभिन्न माध्यम जैसे- शोसल मीडिया, प्रिंट मीडिया तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य माध्यम से प्राप्त शिकायतों सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कर उक्त मामलो के निष्पादन करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि जिला स्तर पर आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार कार्यक्रम समाहरणालय परिसर मे प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को आयोजित की जाती है जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम में उपस्थित होकर बेहिचक अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत करायें, प्रशासन नियम संगत उक्त मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

## पेलावाल पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो को दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** पेलावल पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो को धर दबोचा है। दोनो के पास से प्रतिबंधित ब्राउन शुगर करीब 39.58 ग्राम बरामद किया गया। ओपी कांड संख्या 30/23 एनडीपीएस एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त आरव चक्रवर्ती उम्र 26 वर्ष पिता बादल चक्रवर्ती ग्राम बंगाली टोला रामगढ़ और राजन उर्फ महफूज आलम उम्र 25 वर्ष पिता स्वर्गीय अब्दुल रज्जाक ग्राम चंगड्डा थाना पतरातु (भदानी नगर ओपी) जिला रामगढ़ को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया की सोमवार शाम को गदोखर रोड से दोनो को पकड़ा गया है। इस कारोबार में जो भी संलिप्त होंगे उन लोगों को भी जल्द पकड़ा जायेगा।

## झारखंड प्रगतिशील मगही समाज ने वैधानिक दर्जा की मांग को लेकर दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड प्रगतिशील मगही समाज की ओर से मगध को स्वतंत्र सामाजिक आर्थिक इकाई का वैधानिक दर्जा देने की मांग को लेकर धरना दिया गया। धरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय पंच शाखा सचिव देवकी प्रसाद ने कहा कि मगध अपने आप में पूर्ण आत्मनिर्भर सामाजिक आर्थिक इकाई (जन गोष्ठी) है। जिसकी अपनी भाषा, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास, नक्ष्, भौगोलिक स्थिति और भावनात्मक विरासत है। जिसे आज तीन राज्य यथा बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्य का बलरामपुर जिला में विभक्त कर दिया गया है। प्रकृति ने मगध को पूर्ण आत्मनिर्भरता के लिए अपार संसाधन उपलब्ध किया गया है। केंद्रीय युवा सचिव मनोज मेहता ने कहा कि अगर मगध के पूरे भू भाग को एकीकृत कर इसे स्वतंत्र सामाजिक आर्थिक इकाई का वैधानिक अधिकार मिल जाय तो यहां शत प्रतिशत स्थानीय रोजगार सृजन होगा। जिला सचिव धनंजय ने भी विचार व्यक्त किया।

## रामचरितमानस और हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



जयनगर। प्रखंड अंतर्गत ग्राम नंदोडीह मे आयोजित श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रामचरितमानस महायज्ञ को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें 351कन्याओं ने कलश उठाया। कलश यात्रा का शुभारंभ महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज, विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख अंजू देवी, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र देकर एवं माला पहना कर यज्ञ समिति के द्वारा स्वागत किया गया। यज्ञ में मंगलवार को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, कर्मकुटी संस्कार, अधिवास और नवाह प्रारंभ हुआ। वही बुधवार को मंडप पूजन, वेदी पूजन, अग्नि प्रकट् ग्रह आहुति, अधिवास एवं महा आरती, गुरुवार को महा स्नान एवं नगर भ्रमण शनिवार को महान्यास, प्राण प्रतिष्ठा, वेदी पूजन, मंडप पूजन, महाभोग हवन एवं आरती सोमवार को पूर्ववत पूजा, पूणार्हुति, ब्राह्मण संत पूजन एवं महाप्रसाद वितरण होगा। यज्ञ के आचार्य श्री सुशील कुमार पांडे जी, उप आचार्य श्री उपेंद्र पांडे जी होंगे। प्रवचिका मानस मंदाकिनी साध्वी चंद्र मिश्रा के द्वारा प्रतिदिन संध्या 7 बजे से प्रवचन प्रारंभ होगा। कलश यात्रा शुभारंभ के दौरान जिप सदस्य केदारनाथ यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, विधायक प्रतिनिधि राम जी यादव, बरकट्ठा विधानसभा युवा नेता है।

## खपिया +2 के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण करने पहुंचे

**इचाक (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय द्वारा लगभग 100 बच्चे एलएम आईटीआई ईचाक का शैक्षणिक भ्रमन किया। जिसमें एलएम आईटीआई के शिक्षकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मशीनों की जानकारी बच्चों को दी गयी और एलएम आईटीआई में संचालित पाठ्यक्रमो में नामांकन और प्रशिक्षण के फायदों के बारे में भी बताया गया। मौके निदेशक लखन कुमार मेहता, प्राचार्य दीपक कुमार पांडेय, शिक्षक दीपक महतो, अरुण कुमार, बृजबिहारी पांडेय समेत संस्थान के सभी कर्मचारी उपस्तिथ थे।

## घरेलु विवाद के कारण महिला ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को कोडरमा थाना अंतर्गत जलवाबाद में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। जिसकी पहचान पार्वती देवी उम्र 25 वर्ष पति शंकर भुईयां ग्राम जलवाबद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद के बाद बाजार से जहर लाकर खा लेने से अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों की मदद से आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज चल रहा है।

## सड़क हादसे में युवक घायल पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित बिचरिया के समीप खड़ी हाइवा वाहन के चकमा से बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गया। घटना में उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान राजधनवार थाना क्षेत्र के ग्राम माधोपुर निवासी तौहीद अंसारी पिता इस्लाम अंसारी के रूप मे की गयी । एसआई उत्तम कुमार बैध अपने दल बल के साथ पहुंचे और उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

### चंद्रगुप्त कोल माइंस को लेकर लोक सुनवाई का आयोजन

# प्रतिवर्ष 20 मिलियन टन होगा कोयले का उत्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी ।** प्रखंड के चट्टी बारियातु स्थित बाजार टाँड़ मैदान में सीसीएल की प्रस्तावित चन्द्रगुप्त ओसीपी कोयला खनन परियोजना के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद रांची द्वारा आयोजित पर्यावरणीय लोक सुनवाई मंगलवार को शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हजारीबाग डीएलओ विनोद कुमार ने किया जबकि मंच पर जे एस पी सी बी के राज्य अधिकारी आशुतोष कुमार, रीजनल ऑफिसर जे एस पी सी बी अशोक कुमार यादव, जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग से श्याम गुप्ता, एच ओ ड़ी सीसीएल रांची राज कुमार बंसल, सीएमपीडीआईएल रांची से लक्ष्मीदीप मुख्य रूप से मौजूद थे। इस मौंके पर लोक सुनवायी में उपस्थित बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा जमीन का मालिक कोई जनप्रतिनिधि नही हो सकता उसका मालिक आप खुद हैं इसलिये सोंच विचार कर आप अपना कदम रखेंगे। पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने कहा हम माइंस खुलने का विरोध नही कर रहे पर रैयतों की सुविधा व मांगों पर अवश्य ख्याल रखनी चाहिये। लोक सुनवाई में आम्रपाली / चन्द्रगुप्त कोल परियोजना के जीएम अमरेश कुमार सिंह ने कहा इस माइंस संचालन के लिये एस सी सी एम पी एल को एम डी ओ के रूप में दिया गया है। सीसीएल हमेशा रैयतों का ख्याल रखती है यहां भी नियम संगत ब्यवस्था दी जायेगी। उन्होंने कहा सीसीएल पुनर्वास के लिये टंडवा के सेरंगदाग में जमीन ले रखी है जो लोग इसका लाभ नही लेना चाहते उनके लिये एक मुश्त राशि की ब्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम को जिला परिषद सदस्या केरेडारी उतरी गीता देवी, केरेडारी दक्षणी अनिता सिंह, चट्टीबारियातु मुखिया झरीलाल महतो, पैक्स अध्यक्ष सुंदर प्रसाद गुप्ता, पंसस प्रतिनिधि महेंद्र रजक, निरंजन साव, अभिमन्यु गुप्ता ,गुरुदयाल साव, गोविंद माली, सोनू इराकी ने भी सम्बोधित कर माइंस खोलने का स्वागत किया पर रोजगार व मूलभूत सुविधा का ख्याल रखने का आग्रह भी किया।

## बरही में कांग्रेस कमेटी के सदस्य बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही विधान सभा के विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। उक्त जानकारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने दी। इसके लिए कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़के, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी समेत झारखंड प्रदेश के प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष को बधायी दिया है। डॉ अंसारी ने बधायी संदेश में अकेला को राजनीतिक जीवन में संघर्सशील एवं मजदूरों, शोषित, दलितों का मसीहा बताया। बधायी देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष कुणाल कटरियार, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया सिकंदर राणा, हरी गुप्ता, संजय चंद्रवंशी आदि शामिल थे।

## शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर में मना विश्व मातृभाषा दिवस



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर में विश्व मातृभाषा दिवस के अवसर पर मातृभाषा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा मिले। मौके पर प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने अपना विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि जन्म के बाद जो भाषा का प्रयोग करते है वहीं हमारी मातृभाषा है। इसी भाषा से हम अपनी संस्कृति के साथ जुड़ कर उसकी धरोहर को आगे बढ़ाते है। हमें अपनी मातृभाषा का सम्मान करना चाहिए। विद्यालय की आचार्या रिंकी सिंह ने कहा कि राष्ट्र भाषा दिवस सिर्फ भारत में ही नहीं कई देशों में मनाया जाता है। हिन्दी हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम श्रोत है। अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषाओं को ज्ञान होना अच्छी बात है, परंतु हिन्दी हमारी मातृभाषा है और भारत वर्ष की पहचान है। हमें इस पर गर्व होना चाहिए। इस कार्यक्रम में आचार्य प्रभात कुमार, रविता उपाध्याय, अरुण कुमार, कृष्ण चन्द्र कन्हैया, सिद्धि प्रसाद, ब्रजेश कुमार, राजेश्वर सिंह, नागेश चन्द्र सिन्हा, आनंद कुमार सिन्हा, उमेश कुमार, श्वेता कुमारी, रिंकी सिंह अल्पा कुमारी, रुबिता सिन्हा, आशा कुमारी, आनंद प्रकाश, बहादूर साव, राजू सिंह ,सुष्मिता मोदी संतोष वर्णवाल, पंकज कुमार, रवि रंजन बबलू प्रजापति, सुनिल कुमार, निलम कुमारी, शिवानी कुमारी एवं रामसेवक पंडित का सहयोग रहा।

## मध्य विद्यालय अमनारी में 252 बच्चों के बीच बांटे शैक्षणिक किट



**टाटीझरिया(आजाद सिपाही)।** मध्य विद्यालय अमनारी में अध्ययनरत 252 विद्यार्थियों के बीच मंगलवार को शैक्षणिक किट का वितरण भराजो पंचायत की मुखिया स्वास्तिका कुमारी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, प्रधानाध्यापक छोटन कुमार दास, अध्यक्ष धानेश्वर पासवान के द्वारा किया गया। कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के बीच 3052 शैक्षणिक किट का वितरण किया गया है। मुखिया ने शिक्षिको से कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे निर्धन परिवार से आते हैं, इसलिए सभी शिक्षक पूरे मनोयोग से बच्चों को शिक्षा प्रदान करें। वहीं उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन ससमय विद्यालय पहुंचकर ठीक से पढ़ाई करने की बात कहा। शैक्षणिक किट झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत बच्चों को वितरित किया जा रहा है। मौके पर शिक्षक उमेश दीन समेत विद्यालय रसोईया एवं विद्यार्थी उपस्थित थें।

## कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के भैया प्रशांत कुमार को चित्रकला में सम्मान

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना कोडरमा के तत्वावधान में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में सोमवार को आयोजित पर्यावरण मेला के तहत जिला स्तर पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उच्च विद्यालय एवं प्लस टू स्तर के विद्यालय शामिल हुये। चित्रकला का विषय नीला ग्रह दिया गया था। जिसमें कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के भैया प्रशांत कुमार को प्रथम स्थान मिलने का गौरव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर आचार्य मनोज कुमार सिंह, रामानुज पांडे, डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह, नीरज कुमार, सुनील कुमार, विजय मिश्रा ,विरेंद्र प्रसाद ,वीरेंद्र मिश्रा, विजय तिवारी, कुमार मुरलीधर, दीपक कुमार विश्वकर्मा, संजय महतो, चंद्रशेखर कुमार , प्रणव प्रभास, प्रभात सौरभ, पवन शर्मा ,टिंकू कुमार ,श्वेता श्रीवास्तव ,रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा साहा, सोनी कुमारी, चंद्रकावेरी निहाल, अर्चना सिन्हा, अनीता ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन समारोह चार मार्च को



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम रंगो का पर्व होली के मद्देनजर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति चार मार्च को दोपहर के 12 बजे सादगीपूर्ण, साम्प्रदायिक सौहार्द तथा हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, अशोक देव महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, साजिद हुसैन, मीडिया प्रभारी निसार खान, बिनोद सिंह, राजू चौरसिया, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, अर्जुन सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद, गुड्डू सिंह, बिनोद कुमार यादव, संजय कुमार यादव, काजीम अंसारी, राजेन्द्र सिंह, बाबर अंसारी, सोनू वर्मा, दिलीप कुमार रवि, सलीम रजा, नरेश गुप्ता, अजय राणा, विजय कुमार सिंह, राजू यादव, मनोज मोदी बाबु खान, बब्लू कुशवाहा, दिगम्बर प्रसाद मेहता आदि उपस्थित थे ।

## सोनिया कुमारी को उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हरियाणा के सोनीपत में आयोजित ऑल इंडिया इंटर साईं तीरंदाजी प्रतियोगिता में कटकमदाग प्रखंड के कुसुम्भा पंचायत, सिरका गांव के सोनिया कुमारी ने ओलंपिक राउंड में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया। इस मौंके पर उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय तथा पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया गया। उन्होंने इनके राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता पाने तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने इनकी जीत पर बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अपने व्यक्तित्व और संवाद में हमेशा अच्छे गुणों को समाहित करें : प्रवीण राजगढ़िया



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। श्री अग्रसेन स्कूल, पटेलनगर भुरकुंडा में मंगलवार को 10वीं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आर्शीवचन सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुष्प वर्षा के बीच सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाया गया। इसके उपरांत आचार्य लीलेश्वर पांडेय के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने हवन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। समारोह का उद्घाटन निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान व शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर कर किया। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि जीवन के हर इम्तिहान में सफल होने के लिये कड़ी मेहनत और अनुशासन का संकल्प लें। मजबूत इच्छाशक्ति से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि स्कूली परीक्षा में प्राप्त किया गया अच्छा अंक आपके कॅरिअर को सही आकार देने के लिए जरूरी है। श्री राजगढ़िया ने कहा कि अपने व्यक्तित्व और संवाद में हमेशा अच्छे गुणों को समाहित करें। प्राचार्य विवेक प्रधान ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि विद्यालय ने जो मूल्य उनमें गढ़े हैं, वह भावी दिनों में उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहयोगी बनेंगे। हमारी सभ्यता और संस्कृति ही हमारी पहचान होती है। यदि हम अपनी सभ्यता-सांस्कृति को छोड़ देंगे तो अपनी पहचान भी खो देंगें। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे द्वारा दी गयी शिक्षा व संस्कार आपके जीवन के तमाम चुनौतियों को छोटा साबित करेगी। मौके पर विद्यार्थियों ने स्कूली जीवन के अपने अनुभवों को साझा किया। विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के लिए सीबीएसई द्वारा जारी गाइडलाइंस की भी जानकारी भी दी गई। विद्यालय परिवार की ओर से सभी को उपहार भेंट किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर समा बांध दिया। समारोह को सफल बनाने में 11वीं की मुस्कान परवीन, निशि पांडेय, प्रिया कुमारी, संजना कुमारी, नमन प्रसाद, प्रिया कुमारी, सूरज कुमार, अभय कुमार, समीर, हसन, वाणी कुमारी, रिशु, इशिका, स्नेहा, महक, जिया, शिवानी का योगदान रहा।

## सड़क सुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित

चतरा (आजाद सिपाही)। प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदाय स्वास्थ्य केन्द्र में मंगलवार को सड़क सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है इस कार्यशाला में स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी संजीव कुमार एवं पुलिस निरीक्षक लव कुमार समेत सभी पुलिस व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुए। इस सड़क सुरक्षा कार्यशाला में प्रभारी द्वारा सड़क दुर्घटना में घायलो फस्ट-ऐड के उपचार के बारे में बताते हुए कहा की अगर कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल हो गया है तो सबसे पहले उसको उठाकर चोटील जगह सेव लोसन से पोछे तथा दवा लगाकर पट्टी बांध दे जिससे उसके रक्त रूक जाए। वही उसको तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ति करे ।ताकी समय पर उसका समुचित उपचार किया जाए ।वही जहर खाने वाले व्यक्ति तो तुरंत नमक एवं सरसो का घोल पिलाये जिससे कि व्यक्ति उल्टी कर तथा उसका जहर पुरे शरीर में नही फैले तथा साप डंस के बारे में बताया ।वही पुलिस निरीक्षक लव कुमार ने बताया की यात्रा करते समय हेलमेट एवं सीटबेल्ट अवश्य लगाये। शराब के सेवन कर वाहन बिलकुल नही चलाये ।जीवन अनमोल है इसलिए सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन हमेशा करे। ओवर लोड चलने वाहन एवं नियम तोड़ने वाले लोगो के विरुद्ध पुलिस की ओर वाहन चालन तथा कारवाई किया जाएगा ।सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियो की सहयोग अवश्य करे ।सहायता करने वाले लोगो को पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी ने पुलिस निरीक्षक को फस्ट-ऐड सामाग्री दिया गया ।इस मौके पर एसआई अखिलेश यादव,नितई चन्द्रशाह,सत्यवान कुभंकार,डॉ पवन कुमार,डॉ रामाकांत शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सीसीएल प्रबंधन आग बुझाने के प्रयास में है अब तक विफल



कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा खुली खदान के ऊपर लगी आग को बुझाने के प्रयास में प्रबंधन अभी तक विफल साबित हो रही है। सीसीएल प्रबंधन ने आग भड़कने के बाद तत्काल ही आग बुझाने के प्रयास में जुट गई थी। परंतु अभी तक आग पर काबू पाने में सफलता नहीं पाई है। प्रबंधन मिट्टी, पत्थर और पानी आदि डालकर आग बुझाने के कार्य में जुटी है। वहीं, तोपा परियोजना प्रबंधन शॉवेल, डोजर, ग्रेडर के साथ- साथ होलपैक डंपरों से ओवरबर्डेन गिराकर आग लगी के आसपास के स्थानों को ढंक कर आग बुझाने के प्रयास में जुटी है। इधर, सीसीएल मुख्यालय के सीनियर मैनेजर माइनिंग सीबी प्रसाद व असिस्टेंट मैनेजर सर्वे संदीपन राय ने कुजू क्षेत्र के एसओ सेफ्टी संजय कुमार सिंह के साथ मिलकर आगलगी स्थल का निरीक्षण करते हुए आग पर काबू पाने के लिए आपस में विचार विमर्श किया। इधर, सीसीएल आईएसओ टीम के अधिकारी चीफ मैनेजर सेफ्टी राकेश रंजन ने भी खान का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से निरीक्षण किया।

## मांझी समाज के ग्रामीणों ने अखड़ा चबुतरा में की बैठक



उरीमारी (आजाद सिपाही)। भुरकुंडवा रस्का टोला में मंगलवार को मांझी समाज के ग्रामीणों ने अखड़ा चबुतरा में की बैठक। बैठक की अध्यक्षता समाज के प्रति मानोतम मांझी हडाम लुदवा मांझी ने किया। संचालन जुरा सोरेन ने किया। समाज के लोगों ने विचार विमर्श कर निर्णय लिया कि संथाल समाज के द्वारा तीन परगना के बैठक में शादी विवाह एवं मरनी व मुंडन कार्यक्रम में साड़ी लुंगी एवं अन्य कपड़ा दिया जाता था ।उस पर रोक लगा दिया गया है। जिसे अपने गांव में पालन करने का लिया निर्णय। वहीं इन सभी कार्यक्रमों पर आर्थिक सहयोग करने की हुई बात। जिससे समाज के कमजोर तबके के लोगों को आर्थिक सहायता मिल सके। बैठक में मुख्य रूप से मोहन सोरेन,तलु टुडू, मनोज सोरेन,बबलू मांझी, विजय टुडू,जतरु सोरेन, बालदेव मांझी,लोखना मांझी,छतरु मांझी, श्याम लाल मांझी, संजय मांझी, सोमरा मांझी,माटु मांझी, गुड्डू मांझी, सुनील सोरेन, बहादुर मरांडी,रुगटा सोरेन, पिंटू मांझी, गोपाल सोरेन,चेतल मरांडी, पांडे मांझी, विजय टुडू,बुटन टुडू, महेश मांझी, राजेश कुमार, विजय सोरेन, बसता सोरेन, महादेव मांझी, दुर्गा मांझी सहित समाज के लोग मौजूद थे।

## षड्यंत्र के तहत ममता देवी को भेजा गया जेल, जनता देगी जवाब : खीरु महतो



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की सरकार में तेज हो गई है। महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो, पूर्व मंत्री लालचंद महतो और कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने शहर के लामैरिटल होटल के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि षड्यंत्र के तहत ममता देवी को जेल भेजा गया है। ममता देवी के साथ अन्याय हुआ है और वे शुरू से ही संघर्ष करते हुए जिला परिषद सदस्य से लेकर विधायक बनने तक काफी संघर्ष की है। उन्होंने कहा कि जब की जनता के लिए हुए फैक्ट्री में आंदोलन कर रहे थी। उन्होंने कहा कि जहां अन्याय होगा वहां न्याय के लिए जाना होगा, जबसे आजसू चुनाव हारी तो विचलित होकर अपने स्वजाति के पीछे लग गए। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अन्याय के खिलाफ न्याय के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी बजरंग महतो को वोट दें। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो ने कहा कि 2019 के चुनाव में ममता देवी ने रामगढ़ विधानसभा में रावण रूपी जो राज्य था उसे तोड़ने का काम की थी और यहां की जनता ने भरपूर समर्थन भी दिया था। लेकिन वही, स्थिति फिर से उत्पन्न हो गई है और जनता को न्याय करना है। आजसू नेता के लोग षड्यंत्र के तहत ममता देवी को हजारीबाग जेल में डालने का काम किया है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि बजरंग महतो के पक्ष में मतदान करें।

### मंत्री से मिला व्यवसायियों का प्रतिनिधिमंडल, कृषि कर का किया विरोध

# नियमावली बनाने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहेंगे चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि : बादल

आजाद सिपाही संवाददाता




रामगढ़। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने कृषि कर बढ़ाने का विरोध दर्ज कराया। जिसपर मंत्री बादल पत्रलेख ने भरोसा दिलाया है कि नियमावली बनाने वाले प्रतिनिधिमंडल में चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यवसायियों के अहीत में कोई भी कानून नहीं बनेगा। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित थे। अमित साहू ने बताया कि विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से कृषि कर का गजट जो 10 फरवरी को लागू हुआ था। कुछ अधिकारियों की गलत मंशा के कारण आज विभिन्न समाचार पत्रों में उसका उल्लेख किया गया। इससे पूरे राज्य के खाद्यान्न व्यवसायी आक्रोशित हो गए। इसके बाद फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में कांग्रेस के शीर्ष एवं आला नेताओं से मिलकर पुरजोर विरोध जताया। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे के नाम से ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर कृषि मंत्री से वार्ता करते हुए श्री साहू ने राज्य की वर्तमान स्थिति से मंत्री बादल पत्रलेख को अवगत कराया। कृषि मंत्री ने व्यवसायियों को आश्वस्त किया कि कोई भी कानून का नियमावली बनने से पहले चेंबर के शीर्ष पदाधिकारियों से राय मशवरा लेकर ही सरकार कोई कदम उठाएगी। इसीलिए आप लोग सभी व्यवसायी निश्चिंत रहें और हम लोगों पर भरोसा करें। वही कैबिनेट मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कोई भी ऐसा काम या कानून राज्य सरकार व्यवसायियों पर थोपने का काम नहीं करेगी। और किसी भी हालत में यह कृषि कर राज्य में लागू नहीं होगा। जिससे आम जनमानस को कोई भी परेशानी का सामना करना पड़े। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यह सरकार हमेशा से व्यवसायियों के साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी कोई भी ऐसा कानून जो व्यापारियों के साथ न्याय संगत नहीं है वह लागू नहीं होगा। वही इस मौके पर रामगढ़ चेंबर के अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी, पूर्व अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी, प्रदीप कुमार बरेलिया, जानकी महतो, अमर गुप्ता, समेत अनेकों व्यवसाई मौजूद थे।

## रामगढ़ उपचुनाव ने अवसर दिया है यूपीए गठबंधन को धूल चटाने का : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



गोला। उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में मंगलवार को राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने सुवर्ण वणिक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है। वो पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। चुनाव पूर्व उन्होंने पांच लाख बेरोजगारों को नोकरी देने का वादा किया था। नोकरी नही देने पर बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। लेकिन सरकार रोजगार नहीं दे पाई। उल्टा युवाओं का रोजगार चली गई। उन्होंने कहा कि यूपीए गठबंधन पैसे की राजनीति कर रहे है। लूट की पैसे से तिजोरी भरने का काम कर रही है। पूरे राज्य में बालू,कोयला, लोहा का अवैध कारोबार किया जा रहा है। बालू के लिए जनता तरस रही है। बालू नही मिल रहा है। यहां तक कि पीएम आवास भी बनाना मुश्किल हो गया है। मेरे कार्यकाल में बालू को फ्री कर दिया था। सरकार राज्य में स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति बनाने के पक्ष में नही है। इस मामले में सिर्फ राजनीति कर रहे है। मेने पहले ही बोल दिया था कि कोर्ट इस नीति को रिजेक्ट कर देगा। लेकिन ये लोग नही माने। राज्य में हत्या,बलात्कार,लूट और चोरी की घटनाएं बढ़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य में जबरन धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है ।वही सरकार मूकदर्शक बनी हुई हैं।

## कलशयात्रा में शामिल हुए मंत्री, सैकड़ो श्रद्धालुओं ने कलश के साथ किया भ्रमण



चतरा (आजाद सिपाही)। राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता जिले के हंटरगंज प्रखंड के बलरी पंचायत के ग्राम बलरी में आयोजित शतचंडी सह शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री श्री भोगता ने श्रद्धालुओं को कलश चुनरी नारियल भेंटकर कलशयात्रा का शुभारंभ किया। इस कलशयात्रा में मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, प्रमुख ममता कुमारी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# जी 20 समिट को लेकर अधिकारियों ने पतरातू लेक रिसॉर्ट का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता



पतरातू। जी 20 समिट को लेकर मंगलवार को अधिकारियों की टीम पतरातु लेक रिजॉर्ट पहुंची। वहां पहुंचकर पतरातु लेक रिसॉर्ट और जी प्लस 3 वीआईपी गेस्ट हाउस हो रहे जीर्णोद्धार और साफ सफाई कार्यों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने यहां के अधिकारियों को कई निर्देश दिए। दूसरी और उपायुक्त रामगढ़ की ओर से पतरातू डैम परिसर में किए गए अस्थाई अतिक्रमण को मुक्त कराने और नो प्लास्टिक जोन बनाने के लिए भी निर्देश दिए हैं। इसके लिए डीसी ने सीओ, बीडीओ, एसडीपीओ और थाना प्रभारी को निर्देश गया है इसकी जानकारी अधिकारियों द्वारा ली गई। मालूम की 20 समिट को लेकर तीन मार्च को कई देशों के डेलीगेट पतरातू पहुंचेंगे। इसी को सफल बनाने को लेकर यहां पर युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। दूसरी ओर यहां पर पहुंचे उच्च अधिकारियों की टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विचार-विमर्श भी किया। इसमें पतरातू पहुंचने वाले अधिकारियों में पर्यटन विभाग के निदेशक अंजलि यादव, कोडरमा डीडीसी ऋतुराज, पतरातू अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडेय, बीडीओ हलधर कुमार सेठी, एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र कुमार चौधरी, थाना प्रभारी गौतम कुमार और अन्य शामिल थे।

### एटीएस की टीम भी पहुंची पतरातु लेक रिसॉर्ट



पतरातू (आजाद सिपाही)। भारत में होने वाले जी-20 समिट को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गयी है बताया जाता है कि दुनिया के 20 शक्तिशाली देश से आने वाले प्रतिनिधि के टीम झारखंड के रामगढ़ जिले के पतरातु लेक रिजॉर्ट ठहरेगीइसके लिए एटीएस की टीम भी सुरक्षा में किसी तरह का कोई चुक ना हो इसके लिए मंगलवार को एटीएस की टीम भी पतरातू लेक रिजॉर्ट पहुंचकर लेक रिजोर्ट में बन रहे जी प्लस 3 वीआईपी गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया।

### सांसद सुनील सिंह पहुंचे रामगढ़, एनडीए के प्रत्याशी के पक्ष में मांगा वोट

# राज्य सरकार की नाकामी को जनता जान चुकी है, 27 को जवाब देगी जनता : सुनील

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। भाजपा और आजसू काफी मजबूती के साथ रामगढ़ उप चुनाव लड़ रही है, और स्पष्ट रूप से नजर भी आ रही है। झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन है और इनके पास बताने के लिए कोई काम नहीं है कि हमने 3 साल में क्या किया है। ये सहानुभूति पर चुनाव लड़ रहे हैं, और इन्हें चुनाव लड़ना चाहिए था अपने किए गए काम के आधार पर और काम तो इन लोगों ने किया नहीं है, इसलिए राज्य के मुख्यमंत्री आज भी कहते हैं करेंगे, करते हैं, देखेंगे और जनता देख रही हैं कि राज्य सरकार जनता के लिए क्या काम किया है। उक्त बातें सोमवार को चतरा के सांसद सुनील सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि यह उप चुनाव सरकार की नाकामी के विरुद्ध भाजपा और आजसू लड़ रही है। राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, अपराधी पर कोई लगाम नहीं है और महिलाएं सुरक्षित नहीं है इसका जवाब रामगढ़ की जनता आगामी 27 फरवरी को एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में मतदान कर देगी।

### सांसद सुनील सिंह ने एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मांगा बोर्ड

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के समर्थन में भाजपा के चतरा सांसद सुनील सिंह, पूर्व किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिश्वर सिंह, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू और रोहित लाल सिंह ने शहर के रानी बागी, थाना चौक, हिरकनगर रांची रोड सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित नुक्कड़ सभा के माध्यम जनता से रूबरू होकर एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया।

### ये थे शामिल

सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, वरुण सिंह, अमरदीप यादव, रंजन सिंह फौजी, राजीव रंजन प्रसाद, योगेश दांगी, दीपक सोनकर, अरविंद सिंह, सुरजीत सिंह छाबड़ा, प्रो आलोक सिंह, खुशी लाल महतो सहित कई भाजपाई शामिल थे।

## चतरा पुलिस ने बम को किया नष्ट



चतरा (आजाद सिपाही)। चतरा पुलिस ने नक्सलियों के मंसूबों पर फिर एक बार पानी फेर दिया है और 2 किलो 500 ग्राम प्रेशर बम को विनिष्ट कर दिया। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि वशिष्टनगर जोरी थाना अतंर्गत कैडिमो गांव स्थित जंगल के आप- पास कुछ हथियार नक्सली भ्रमणशील है और किसी बडी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सहायक समादेष्टा का परमवीर सिंह के नेतृत्व में एक अभियान टीम का गठन कर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कैडिमों जंगल के आप पास नक्सलियों द्वारा करीब 2 किलो 500 ग्राम प्रेशर बम प्लॉट किया गया था। जिसे झाखण्ड जगुआर बीडीडीएस की टीम के सहयोग से सफलता पूर्वक विनिष्ट किया गया। छापामारी दल में सहायक समादेष्टा परमवीर सिंह, जिला पुलिस बल के एसआई रूपेश कुमार, झाखण्ड जगुआर बीडीडीएस की टीम सहित संशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## हनुमंत महायज्ञ के चौथे दिन भगवान हनुमान जी की प्रतिमा का हुआ नगर भ्रमण



कुजू (आजाद सिपाही)। चटनियाँ बस्ती कुजू स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर के प्रांगण में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ के चौथे दिन मंगलवार को आचार्य पालेश्वर पांडेय द्वारा यजमानो के हाथों कई धार्मिक अनुष्ठान कराए गये। वही, यज्ञ मंडप की परिक्रमा में काफी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। साथ ही, मंडप पूजन, वेदी पूजन समेत कई धार्मिक अनुष्ठान के बाद सुज्जित वाहन पर भगवान हनुमान जी की प्रतिमा सवार कर नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के दौरान धर्मप्रेमी द्वारा गाजे-बाजे के साथ जय श्री राम, जय हनुमान के जयघोष से क्षेत्र गुंजयमान रहा। इस दौरान जुलूस यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर मुरपा दुर्गा मंदिर, कुजू चौक, ट्रांसपोर्ट नगर कुजू, कुजू बस्ती, डटमामोड होते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंचे। इधर, देर संध्या काशी वाराणसी से आयी कथावाचिका बाल व्यास आराधना चतुर्वेदी ने भगवान हनुमान जी की कथा का वर्णन किया। इस अवसर पर यज्ञ कमेटी अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति, शिबू महतो, कुजू दक्षिणी मुखिया राकेश कुमार मेहता, बासुदेव महतो, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जय कुमार ओझा, रामाकांत पटेल, रतन प्रसाद साहू, दशरथ केसरी, सुखदेव सोनी, मंदिर निमार्ता कामेश्वर साव, गणेश केसरी, भोला साव, लोकी साव, संजय साहू, चंदर केशरी, कलेश्वर भुइयाँ, पंकज केसरी, कोलेश्वर महतो, रवि केसरी, संजीत कुमार उर्फ परदेशी, प्रमोद यादव, मनोज साव समेत काफी संख्या में धर्म प्रेमी शामिल रहे।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

गोला (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बेटूल कलां गांव गांव निवासी कुलदीप मुंडा 23 ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उसका शव को झूलता हुआ देखा गया। परिजनों ने इसकी सूचना थाना को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि कुलदीप का सोमवार की रात को किसी बात को लेकर उसकी पत्नी ने के साथ झगड़ा हो गया। इसके बाद ही उसने यह कदम उठाया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## पुलिस के जवान डॉक्टर बनकर घायलों का करेंगे प्राथमिक इलाज



टंडवा (आजाद सिपाही)। टंडवा पुलिस के जवान लोगो की रक्षा करने के साथ अब डॉक्टर बनकर घायलो की जान बचाने की कोशिश करेंगे। सुनने मे अटपटा जरूर है पर सरकार के निर्देश पर पुलिस के अधिकारी और जवान सडक दूर्घटना मे घायल हो या किसी अन्य मामले मे जख्मी मरीजो को पहला इलाज जवान करेंगे। इस मामले मे टंडवा थाना परिसर मे अस्पताल के डॉक्टर जयनारायण ने जवान और अधिकारियो को फस्ट एड करने की पूरी जानकारी दी। ईस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया कि दरअसल घटना के बाद सबसे पहले पुलिस के अधिकारी पहुंचते है,लिहाजा फस्ट एड करने की जानकारी रखने की जरूरत है। इसके बाद मरीजो को अस्पताल तो भेजना ही है ।इस मौके पर थाना के एसआई भोला नाथ दास,अभिनव आंनद,गुलाम सर्वर,समेत कई जवान उपस्तिथ थे।

## बलकुदरा पंचायत के विभिन्न स्कूलो में विद्यार्थियों के बीच पठन-पाठन सामग्री का हुआ वितरण



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बलकुदरा पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए निःशुल्क पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया विजय मुंडा, पंचायत समिति सदस्य राजू कुमार मुंडा एवं स्कूल के अध्यक्ष गणेश यादव द्वारा वर्ग 1 से वर्ग 9 तक के छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने बच्चों से पढ़ाई-लिखाई के बावत कई जानकारियां ली। जिसमें कक्षा 4 व 5 के बहुत बच्चे पढ़ाई में कमजोर दिखें। कई बच्चे तो ऐसे भी थें जिन्हें पढ़ाई का कुछ ज्ञान ही न था। इससे खफा होकर मुखिया ने शिक्षको को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर बच्चे पढ़ने नहीं जान रहे हैं तो इसका जवाबदेही स्कूल के शिक्षकों की बनती है। सरकार आपको बच्चों को पढ़ाने के लिए वेतन देती है ना कि स्कूल में आकर टाइम पास करने के लिए। राज्य के गरीब बच्चे सरकारी स्कूल पढते हैं। सरकार पढाई-लिखाई से लेकर सारी चिजे निःशुल्क उपलब्ध कराती है ताकि बच्चों को पठन-पाठन में कोई दिक्कत न हो। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका मीना, रामजन्म शर्मा, राजेश कुमार, माया कुमारी, नालिनी यादव, का विशेष योगदान रहा।

## विस्थापितों ने पेड़-पौधें की संख्या कम किये जाने का किया विरोध, कार्य कराया बंद



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बलकुदरा पंचायत के छाई डैम के आसपास लगे सैंकड़ों पेड़-पौधों का संख्या क्रम किये जाने का विस्थापित ग्रामीणों ने विरोध किया है। बलकुदरा पंचायत के विस्थापित ग्रामीणों ने पीवीयूएनएल कंपनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि बलकुदरा छाई डैम के आसपास लगे सैंकड़ों पेड़-पौधों का संख्या क्रम किया जा रहा है। इससे पता चलता है कि पेड़-पौधों को काटकर हटाने की तैयारी चल रही है। इसका विरोध करते हुए मंगलवार को विस्थापित ग्रामीणों पेड़-पौधों में संख्या क्रम किये जाने कार्य को बंद करा दिया। मौके पर झामुमो के युवा नेता सह विस्थापित नेता योगेन्द्र यादव ने कहा की बलकुदरा के वातावरण को दूषित करने के लिए हमेशा कल-कारखाने द्वारा प्रकृति के साथ छेड़छाड़ किया जाता रहा है। जिससे कारण ग्रामीण कई गंभीर बीमारियों का शिकार होकर मर तक गये हैं। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी, जेएसपीएल, सीसीएल, डीवीसी आदि कंपनियों के प्रबंधकों द्वारा यहां के स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा नहीं दी जाती है। उन्होंने कहा कि हक-अधिकार की मांग को ले हम विस्थापित ग्रामीण इन सभी कंपनियों के खिलाफ आरपार की लड़ाई लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। विरोध-प्रदर्शन में योगेंद्र यादव, मनोज महली, सुनील मुंडा, गुलचंद मुंडा, बैजनाथ उरांव, सुदामा यादव, संतोष सिंह, अनिल मुंडा, सौरभ राणा, कुणाल यादव, अरविंद यादव, सुरज यादव, सुकेश मुंडा, सुभाष यादव, तिलक यादव, इन्द्रजीत मुंडा सहित कई ग्रामीण शामिल थें।

## भुरकुंडा कोलियरी रोडसेल समिति ने भुरकुंडा पीओ को सौंपा पत्र

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा कोलियरी रोडसेल समिति ने मंगलवार को परियोजना पदाधिकारी भुरकुंडा को पत्र सौंपा है। सौंपे गये पत्र के माध्यम से समिति ने दो दिवसीय 3-4 मार्च को बलकुदरा खुली खदान का संप्रेषण ठप करने की चेतावनी दी है। को दिये गये पत्र में समिति ने कहा है कि पिछले 18 नवंबर को विशाल जन प्रदर्शन कर समिति द्वारा प्रबंधन को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था। जिसके बाद प्रबंधन ने समिति को 15 फरवरी तक सभी मांगो पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक प्रबंधन द्वारा कोई साकारात्मक पहल नहीं की गई है। इससे आक्रोशित होकर समिति ने बलकुदरा खुली खदान का संप्रेषण ठप करने का निर्णय लिया है। कहा गया है कि समिति अपनी मांगो को लेकर दो दिवसीय आगामी 3-4 मार्च को बलकुदरा खुली खदान का कोयला संप्रेषण और ट्रांसपोर्टिंग को ठप कर देगा। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। पत्र में समिति के गिरधारी गोप, मुकेश पासवान, रविन्द्र कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, रावेल एक्का, अमरेन्द्र प्रसाद, सरोजकांत झा, रेवती रमण शर्मा आदि के हस्ताक्षर अंकित है।

# चारधाम की यात्रा पर चिंता

चारधाम यात्रा की तारीखें भले ही उत्तराखंड सरकार ने घोषित कर दी हैं, इससे जुड़ी चिंताएं बरकरार हैं। बल्कि, उस मार्ग में नयी दरारें पाये जाने की खबरों ने चिंता बढ़ा दी है। यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले शहर जोशीमठ में सड़कों, खेतों और मकानों में दरारें आने और फिर जमीन धंसने की खबरों से चिंता की लहर तो हर तरफ फैली, लेकिन उत्तराखंड में खौफ की स्थिति पैदा हो गयी। सरकारी तंत्र और स्थानीय निवासी दोनों ही अपने-अपने स्तर पर हालात से उपजी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। इसी बीच चारधाम यात्रा घोषित करने का समय आ गया, जिसका इंतजार सिर्फ उत्तराखंड नहीं, बल्कि देश-दुनिया में फैले श्रद्धालुओं को रहता है। यात्रा हालांकि अप्रैल में शुरू होगी, लेकिन उसकी तैयारियों की प्रक्रिया अभी से शुरू हो गयी है। ऐसे में यह सूचना वाकई गंभीर है कि चारधाम यात्रा के मार्ग में कम से कम दस नयी दरारें देखी गयी हैं। इतना ही नहीं, सड़क की जिन दरारों को सीमेंट से पाट दिया गया था, उनके भी नये सिरे से उभर आने की बात कही जा रही है। हालांकि इन आरंभिक सूचनाओं को लेकर घबराने या हाय-तौबा मचाने की जरूरत नहीं है, लेकिन इनसे मुंह भी नहीं मोड़ा जा सकता। जरूरी है कि सरकार इन सूचनाओं की पहले तो पुष्टि करे कि ये तथ्यात्मक रूप से कितनी सही हैं, उसके बाद इस बात की विशेषज्ञों द्वारा जांच करवाये कि इन दरारों की प्रकृति कैसी है, इनसे किस तरह का और कितना गंभीर खतरा हो सकता है? यह भी कि क्या जोशीमठ में जमीन धंसने की प्रक्रिया से इनका प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई संबंध है? इन पहलुओं की गहराई से जांच होने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है। मगर इस बात को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि ये मसले न सिर्फ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए बल्कि स्थानीय निवासियों के लिए भी गहरी चिंता का कारण बने हुए हैं। एक दशक पहले आयी केदारनाथ आपदा की स्मृतियां धुंधली नहीं पड़ी हैं। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक ही पहाड़ के हर बाशिंदे को परेशान कर रहा है कि चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद जब दरारों वाली इन सड़कों से हजारों गाड़ियां गुजरेंगी, तब किस तरह के हालात पैदा होंगे। ध्यान रहे, चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले साल कुल 17.6 लाख श्रद्धालु आये थे। यह संख्या 2019 के कोविड पूर्व के आंकड़े (12 लाख) से कहीं ज्यादा थी। जोशीमठ हादसे के बाद जानकारों ने यह भी कहा था कि राज्य में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या को नियंत्रित किया जाये। फिलहाल इस साल की चारधाम यात्रा को सुरक्षित बनाने के साथ सरकार को यह भी देखना होगा कि लंबी अवधि में उत्तराखंड के इस संकट को कैसे सुलझाया जाये।

**यात्रा हालांकि अप्रैल में शुरू होगी, लेकिन उसकी तैयारियों की प्रक्रिया अभी से शुरू हो गयी है। ऐसे में यह सूचना वाकई गंभीर है कि चारधाम यात्रा के मार्ग में कम से कम दस नयी दरारें देखी गयी हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नौ फरवरी को संसद में विदेश मंत्रालय द्वारा पेश किये गये आंकड़ों के अनुसार 2022 में 2.25 लाख से अधिक भारतीयों ने भारतीय नागरिकता को छोड़ दिया जो 2011 के बाद से सबसे अधिक है। आंकड़े दर्शाते हैं कि कैसे भारतीय विशेष रूप से उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्ति (एचएनआइ) बेहतर अवसरों, स्वास्थ्य सेवाओं, जीवन की गुणवत्ता और शिक्षा सहित कई अन्य कारकों की तलाश में नये पासपोर्ट के साथ पश्चिम की ओर रुख कर गये।**

# निवेश से पश्चिम में बसना चाहते हैं भारतीय

विजेता सिंह

उच्च आय वाले व्यक्ति अमेरिका, पुर्तगाल, आस्ट्रेलिया, माल्टा और ग्रीस में निवेश के जरिए निवास कार्यक्रमों का हिस्सा बन रहे हैं। 50 वर्षीय पंकज शर्मा, 2019 में कनाडा का रुख कर गये। उनकी पत्नी पूजा टंडन, जोकि आइटी पेशेवर हैं, को वहां एक भूमिका निभाने की पेशकश की गयी। 2022 में परिवार ने स्थायी निवास के लिए कनाडा में आवेदन किया, जो उन्हें कुछ शर्तों को पूरा करने के 5 साल बाद कनाडा की नागरिकता के लिए योग्य बना देगा। पंकज का कहना है कि कनाडा आने का प्राथमिक कारण पेशेवर था, लेकिन यहां आने के बाद उन्होंने महसूस किया कि उनकी बेटी अपने जीवन के एक ऐसे मुकाम पर थी, जहां हम उसकी शिक्षा प्रणाली को बहुत बार बदल नहीं सकते थे।

इसलिए हमने वहां पर स्थायी निवास के लिए आवेदन किया और उसे मिल गया। उनकी बेटी वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली में अक्सर बीमार रहती थी। कनाडा जाने के बाद से एक बार भी सीने में संक्रमण की शिकायत नहीं की। नौ फरवरी को संसद में विदेश मंत्रालय द्वारा पेश किये गये आंकड़ों के अनुसार 2022 में 2.25 लाख से अधिक भारतीयों ने भारतीय नागरिकता को छोड़ दिया जो 2011 के बाद से सबसे अधिक है। आंकड़े दर्शाते हैं कि कैसे भारतीय विशेष रूप से उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्ति (एचएनआइ) बेहतर अवसरों, स्वास्थ्य सेवाओं, जीवन की गुणवत्ता और शिक्षा सहित कई अन्य कारकों की तलाश में नये पासपोर्ट के साथ पश्चिम की ओर रुख कर गये।

**वीजा पांच सालों के बाद एक व्यक्ति को अमेरिकी नागरिकता का पात्र बनाता है।**




**इमीग्रेशन से जुड़े निवेश क्षेत्र में काम कर रहे कैनम इंटरप्राइजिज के लिए भारतीय और मध्य पूर्वी परिचालन के प्रमुख गोल्डी चावला का कहना है कि 2021 में भारतीयों को 211 इबी-5 वीजा मिले, जो किसी भी देश में तीसरे सबसे ज्यादा हैं। इनमें से 194 को उनकी फर्म ने प्रोसेस किया था।**

एचएनआइ कैटागरी के वे लोग हैं, जिनके पास एक मिलियन डालर या 8.2 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति है। हेनले ग्लोबल सिटीजंस रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2021 में भारत में ऐसे 3.47 लाख लोग थे। इनमें से 1.49 लाख एचएनआइ सिर्फ नौ शहरों में पाये गये, जिनमें मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई, गुडगांव और अहमदाबाद शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका, चीन और जापान के बाद निजी संपत्ति के मामले में भारत दुनिया में चौथे स्थान पर है। उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि विशेष रूप से यूएस इबी-5 वीजा, पुर्तगाल गोल्डन वीजा, आस्ट्रेलियन ग्लोबल टैलेंट इंडिपेंडेंट वीजा, माल्टा पर्मानेंट रेजीडेंसी प्रोग्राम और ग्रीस रेजीडेंसी बाय इन्वेस्टमेंट कार्यक्रम के लिए रेजीडेंसी थ्रू इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम के अनुरोधों में उछाल आया है।

शिल्पा मैनन एक वैश्विक निजी निवेश और सलाहकार सेवा फर्म की भारतीय शाखा की वरिष्ठ निदेशक हैं। उनका कहना है, 'भारत वास्तव में पुर्तगाल गोल्डन वीजा के लिए सफल आवेदकों के बीच रैंक में बढ़ रहा है। 2022 में यह चौथे स्थान पर था जो 2021 में पांचवें स्थान पर पहुंच गया। भारत 2020 में 9वें स्थान पर था। पुर्तगाली निवेशक वीजा कार्यक्रम व्यक्तियों और परिवारों को लाभान्वित करता है। उन्हें पुर्तगाल और शेष यूरोपियन संघ में रहने, काम करने, अध्ययन करने या फिर सेवानिवृत्त होने का अधिकार प्रदान करता है।' योग्यता आवश्यकताओं में उच्च घनत्व वाले क्षेत्र में पांच लाख यूरो की संपत्ति खरीदना और पुर्तगाली नागरिकों के लिए कम से कम 10 नौकरियां पैदा करना अनिवार्य है।

वहां निवेश के 5 साल बाद व्यक्ति पुर्तगाली पासपोर्ट प्राप्त कर सकता है, जिससे वह बिना वीजा के 150 से अधिक देशों की यात्रा करने के योग्य हो जाता है। रायटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार पुर्तगाल ने पिछले सप्ताह कार्यक्रम को समाप्त करने का निर्णय लिया। यूएस के इबी-5 वीजा कार्यक्रम में पांच से सात वर्षों की अवधि में आठ लाख डालर की न्यूनतम निवेश राशि की आवश्यकता होती है और अमेरिकी नागरिकों के लिए 10 स्थायी नौकरियों का सृजन भी मांग में होता है। वीजा पांच सालों के बाद एक व्यक्ति को अमेरिकी नागरिकता का पात्र बनाता है।

इमीग्रेशन से जुड़े निवेश क्षेत्र में काम कर रहे कैनम इंटरप्राइजिज के लिए भारतीय और मध्य पूर्वी परिचालन के प्रमुख गोल्डी चावला का कहना है कि 2021 में भारतीयों को 211 इबी-5 वीजा मिले, जो किसी भी देश में तीसरे सबसे ज्यादा हैं। इनमें से 194 को उनकी फर्म ने प्रोसेस किया था। एक अन्य अप्रवासी निवेश फर्म के अभिनव लोहिया का कहना है कि पिछले 6 महीनों में उन्हें 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। मुंबई के कई पेशेवर, दिल्ली और गुडगांव के बैंकर, स्टार्टअप से बाहर निकलने वाले बेंगलुरु के उद्यमी अमेरिका जाना चाहते हैं।

इबी-5 कार्यक्रम के लिए एसक्रो खाते में धन एकत्रित किया जाता है और विकास तथा निर्माण परियोजनाओं के लिए ऋण के रूप में धन दिया जाता है। जैसे ही परियोजना पूरी हो जाती है, उधारकर्ता इस ऋण को बैंक से दीर्घकालिक ऋण के साथ पुनर्वत करता है। आज अमीर परिवार बेहतर स्वास्थ्य सेवा, खुला और लचीला कारोबारी माहौल चाहते हैं और बेहतर शैक्षणिक और पेशेवर अफसरों तक अपनी पहुंच बनाते हैं। वैकल्पिक निवास कार्यक्रम उन्हें यह विकल्प प्रदान करते हैं।

# योग की तरह अब श्री अन्न की बढ़ती लोकप्रियता



विनय कुमार

21 जून को जिस तरीके से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा होने के बाद विश्व में उसका क्रेज बढ़ा है कुछ उसी अंदाज में 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष की घोषणा होने से मोटे अनाज यानि श्री अन्न की लोकप्रियता बढ़ रही है। दरअसल भारत की मांग पर 5 मार्च 2021 को संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट घोषित किया था, जिसे दुनिया के 72 देशों का समर्थन मिला था। भारत की इस पहल पर योग की तरह ही मोटे अनाज की महत्ता पर संयुक्त राष्ट्र ने मुहर लगाकर हमारी परंपरा और खानपान को एक तरीके से स्वीकार किया है जो दुनिया को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 समारोह का नेतृत्व करेगा और श्री अन्न की खेती और खपत को बढ़ावा देने के लिए जागरुकता अभियान भी चलाएगा। यहां तक की जी 20 की बैठकों में भी ज्वार पर चर्चा होगी।

यह बात तो साफ है कि मोटे अनाज अत्यधिक पोषक, अम्ल रहित, ग्लूटेन मुक्त और आहार गुणों से युक्त होते हैं। मोटे अनाज में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआइ) होता है और यह मधुमेह की रोकथाम में भी मददगार होता है। ये आयरन, जिंक और कैल्शियम जैसे खनिजों का अच्छा स्त्रोत हैं। मोटे अनाज वजन कम करने और उच्च रक्तचाप में मददगार होते हैं। इनका आम तौर पर फलियों के साथ सेवन किया जाता है, जो प्रोटीन युक्त होता है। इतना ही नहीं इसका सेवन बच्चों और किशोरों में कुपोषण खत्म करने में भी मददगार साबित हो सकता है। आज बदलती जीवन शैली में जिस तरीके से मधुमेह और उच्च रक्तचाप एक आम बीमारी हो गई है ऐसे में श्री अन्न दुनिया को इस खतरे से बाहर निकालने में मददगार भी साबित हो सकती है। शायद इन्ही गुणों के कारण पुराने वक्त से यह मोटा अनाज हमारे यहां सुपर फूड कहलाता रहा है।

श्री अन्न के अंतर्गत आठ फसलें शामिल हैं। इसमें ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कंगनी, चीना, कोदो, कुटकी और कुट्टू को मोटा अनाज की फसल कहा जाता है। ये फसलें आम तौर पर सीमांत और असिंचित भूमि पर उगाई जाती हैं, जिसके लिए पानी की आवश्यकता भी कम होती है। इसलिए इनकी उपज स्थायी खेती और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करती है। केंद्र सरकार की ओर से लगातार श्री अन्न को लेकर दिए जा रहे प्रोत्साहन और स्वास्थ्य के प्रति लोगों की बढ़ती सजगता से इसकी मांग एक बार फिर बढ़ रही है। खरीद बढ़ने से लाभान्वित होने वाले किसानों की संख्या भी बढ़ी है, जिससे एक बार फिर इसका उत्पादन बढ़ने लगा है। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में भी इसका जिक्र कर चुके हैं और हालिया केंद्रीय बजट में मोटे अनाज को दुनिया में बढ़ावा देने का एलान भी किया गया है।

भारत में परंपरागत रूप से मोटे अनाज का उत्पादन होता रहा है। हालांकि, कृषि क्षेत्र में आधुनिकीकरण और मशीनीकृत कृषि उपकरण और अधिक उपज वाले बीज आ गए जिसके बाद लोगों का रुझान चावल और गेहूं के उत्पादन के प्रति बढ़ गया। परिणामस्वरूप मोटे अनाज की खपत और खेती दोनों सीमित हो गई। समय ने एक बार फिर करवट ली और बदली जलवायु परिस्थितियों के कारण लोगों ने फिर इन अनाजों का उत्पादन करना शुरू किया। हमारे देश में, मोटे अनाज मुख्य रूप से खराब कृषि जलवायु क्षेत्रों, विशेष रूप से देश के वर्षा क्षेत्रों में उगाए जाते हैं। इन फसलों को उच्च तापमान वाले क्षेत्रों में उगाया जाता है और उन्हें शुष्क भूमि फसल कहा जाता है। ये फसलें मिट्टी की कमियों के प्रति कम संवेदनशील होती हैं और इन्हें कम जलोढ़ या लोमी मिट्टी में उगाया जा सकता है। इसके लिए पानी, उर्वरक और कीटनाशकों की भी न्यूनतम आवश्यकता होती है। मोटे अनाज की खेती कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करती है जो आज एक वैश्विक समस्या है। ऐसे में श्री अन्न जलवायु परिवर्तन और दुनिया की मांग के लिए लिहाज से विश्व के लिए सबसे बेहतर विकल्प है।

इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मिलेटस रिसर्च हैदराबाद के आंकड़ों के अनुमान के अनुसार भारत एशिया का 80 प्रतिशत मोटे अनाज का उत्पादन करता है। हरित क्रांति के बाद इन फसलों के क्षेत्रफल में निरंतर कमी आती रही है। एफएओ के अनुसार, वर्ष 2020 में मोटे अनाजों का विश्व उत्पादन 30.464 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) था और भारत की हिस्सेदारी 12.49 एमएमटी थी, जो कुल मोटे अनाजों के उत्पादन का 41 प्रतिशत है। भारत ने 2021-22 में मोटे अनाजों के उत्पादन में 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। श्री अन्न को केंद्र के स्तर से मिलते प्रोत्साहन के चलते आज इस क्षेत्र में सैकड़ों स्टार्टअप भी सामने आए हैं। आज मोटे अनाज से जुड़े व्यंजन हमारे घरों में आसानी से पहुंचने लगे हैं। जरुरत है इसे और प्रोत्साहित करने की और लोगों में इसके प्रति जागरुकता पैदा करने की ताकि हमारी ये धरोहर हम सबों के साथ दुनिया का भी पेट भरने और उसे निरोग रखने में मदद करे।

**(लेखक : वरिष्ठ पत्रकार और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### एक्सएलआरआइ में प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थियों को सामाजिक एवं प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के प्रति जवाबदेह बनाने के लिए एक्सएलआरआइ में सिग्मा-ओइकोस के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर भारत में कचरा प्रबंधन की स्थिति, समस्या व उसके समाधान के तरीकों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर साहस जीरो वेस्ट की संस्थापक विल्मा रोड्रिग्स मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। क्रायक्रम का शुभारंभ संस्थापक विल्मा रोड्रिग्स एवं एक्सएलआरआइ के डीन एकेडमिक्स डॉ संजय पात्रो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम का आयोजन दो सत्र में किया गया। प्रथम पैनल में साहस जीरो वेस्ट की संस्थापक विल्मा रोड्रिग्स ने एक उद्यमशीलता लेंस के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन की खोज के विषय पर संबोधित किया। उन्होंने कहा व्यापार मॉडल में मुनाफे से पहले कस्टमर के साथ प्लैनेट की सुरक्षा को प्राथमिकता दे।भारत में 96 प्रतिशत कचरो को पुनः चक्रण कर उसे दोबारा इस्तेमाल के लायक बनाया जा सकता है। इससे देश की अर्थव्यवस्था की गति में तेजी आ सकती है। उन्होंने कहा अर्थव्यवस्था को फिर से जीवंत करने में भी मदद मिलेगी। साथ ही लोगों को आजीविका भी दी जा सकती है। मौके पर उन्होंने साहस जीरो वेस्ट से जुड़ी कई अहम बातें बतायी।उन्होंने पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक प्रभाव पर भी चर्चा की। पैनल डिस्कशन सत्र में बिंटिग्स के सह संस्थापक सह निदेशक डॉ जयनारायण कुलथिंगल, सिटीजेन टेक्नोलॉजी के सह संस्थापक एवं जीवौल बायोफ्यूल के निदेशक एन चंद्रशेखर ने 'लीवरेजिंग' और उद्यमिता क्षेत्र में प्रौद्योगिकी विषय पर चर्चा की। मौके पर बिंटिक्स, सिटीजेन टेक्नोलॉजी एवं जीवौल बायोफ्यूल जैसे संगठनों द्वारा अपनायी गयी तकनीक पर चर्चा हुई।

### रसोइया संयोजिका संघ ने उपायुक्त कार्यालय में किया प्रदर्शन

## आधार कार्ड के कारण हटायी गयी संयोजिकाओं को पुनः काम पर रखने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की ओर से जिला उपायुक्त कार्यालय के पास जोरदार प्रदर्शन किया गया। मंगलवार को एक प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त के नाम एक मांग पत्र सौंप कर आधार कार्ड के आधार पर हटाए जा रहे रसोइया या संयोजिकाओं को पुनः काम पर रखने की मांग की। उन्होंने बताया बीते दिनों शिक्षा मंत्री के साथ गिरिडीह वार्ता में पारा शिक्षक के तर्ज पर रसोइया संयोजिका को स्थाई करने, आंगनबाड़ी सहायिका के तर्ज पर मानदेय बढ़ाने, पांच लाख तक का निःशुल्क बीमा कराने, साल में दो बार साड़ी देने एवं सेवा निवृत्ति के बाद पेंशन लागू करने के समझौते लागू होने से पूर्व रसोइयाओं को हटाने के आदेश पर रोक लगाने की मांग की। सिर्फ जमशेदपुर में 15000 से भी अधिक रसोइया एवं संयोजिका हैं। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा आधार कार्ड के आधार पर 60 साल पूरा होने पर काम से हटाने का आदेश दिया गया। संघ के प्रदेश महामंत्री अनीता देवी ने कहा फैसले से जिला के सैकड़ों रसोइया प्रभावित होंगी। यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जायेगा।

## श्रीराम मंदिर की तृतीय वर्षगांठ पर निकली भव्य शोभा यात्रा



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्यधाम परिसर में श्रीराम मंदिर के तृतीय वर्षगांठ पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंगलवार को शाम 4 बजे बिरसानगर जोन नंबर तीन स्थित कुंआ मैदान से सुसज्जित रथ पर मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी के मनोरम झांकी, रामगढ़ की प्रसिद्ध बैंड-बाजा, डीजे संगीत एवं केसरिया ध्वजों के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा में शहर के हजारों श्रद्धालुओं के संग राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास एवं संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह शामिल हुए। भगवान श्री राम की शोभा यात्रा को देखने और स्वागत के लिए सड़क के दोनों ओर भारी भीड़ उमर पड़ी। महिलाएं, बच्चे, पुरुष सभी ने जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा में सजाई गई सुंदर झांकियों को निहारने सड़कों के दोनों तरफ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। शोभा यात्रा में पूर्व सीएम रघुवर दास ने माथे पर श्रीरामायण लेकर बिरसानगर से सूर्यधाम तक पैदल यात्रा की। मौके पर संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह शामिल रहे। करीब 15 हजार महिलाओं ने शोभा यात्रा में भाग लिया। मौके पर विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों ने शिविर लगाकर सेवा प्रदान की। वहीं शहरवासियों ने श्रीरामायण एवं शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा बिरसानगर कुंआ मैदान से संकल्प के पश्चात बारीडीह बाजार, बारीडीह गोलचक्कर, सिदगोड़ा 28 नंबर रोड होते हुए सूर्यधाम पहुंची। सूर्य मंदिर पहुंचने पर पूर्व सीएम रघुवर दास ने श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व सीएम रघुवर दास ने भव्य एवं सफल शोभायात्रा के लिए शहरवासियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा मंदिर समिति के भाजपा कार्यकर्ता, युवा मोर्चा और मातृशक्ति के रूप में शामिल हुई माताओं-बहनों के समर्पण और भक्तिभाव से शोभायात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मौके पर भूपेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह राजा, संतोष यादव, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, महामंत्री अखिलेश चौधरी, रूबी झा, कृष्ण मोहन सिंह, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, अधेन्दू बनर्जी, लक्ष्मीकांत सिंह, प्रेम झा, प्रमोद मिश्रा, गुंजन यादव, मिथिलेश सिंह यादव, दिनेश कुमार, कुलवंत सिंह बंटी, पवन अग्रवाल, कमलेश सिंह, खेमलाल चौधरी, संजीव सिंह, रामबाबू तिवारी, बबुआ सिंह, गुरुदेव सिंह राजा, कमलेश साहू, महेंद्र यादव, सुशांतो पांडा, चिंटू सिंह, बोल्टू सरकार, श्रीराम प्रसाद, बबलू गोप, श्रीकांत सिंह, संतोष ठाकुर, हेमंत सिंह, अजय सिंह, ध्रुव मिश्रा, सुरेश शर्मा, दीपक झा, प्रोबिर चटर्जी राणा, ज्ञान प्रकाश बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, अमित अग्रवाल, धर्मेंद्र प्रसाद, बिनोद राय, संदीप शर्मा बौबी, मनोज वाजपेयी, सुनील पांडेय, रमेश विश्वकर्मा, अजीत कालिंदी, इकबाल सिंह, उमेश साव, सत्येंद्र रजक, अनुराग मिश्रा, मनीष पांडेय, नवजोत सिंह, रंजीत सिंह, शशि यादव, गौतम प्रसाद, जटाशंकर पांडेय, नीलू झा, बिमला साहू, शुशीला शर्मा, लक्ष्मी मिर्धा, रुपा देवी, सुधा यादव, रीना तिवारी, सीता सिंह, सरबजीत कौर, जयलक्ष्मी, राजपति देवी, मीणा सिन्हा, सुशीला देवी, प्रमिला देवी, राकेश साहू, निर्मल गोप, ऋषव सिंह, हन्नी परिहार, बंटी सिंह, अशोक सामंत, मृत्युंजय यादव, राकेश शर्मा, संतोष कुमार, राकेश राव, धीरज पासवान, ओंकार सिंह, राहुल कर्मकार, अनिल अग्रवाल, तापस कर्मकार समेत हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### विधायक भानू ने किया सोनडीहा से बिलासपुर तक बनने वाले पथ चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास



**सगमा (आजाद सिपाही)।** विधायक भानूप्रताप शाही के द्वारा उत्तरी सोनडीहा से बिलासपुर तक 3 करोड़ 12 लाख की लागत से बनने वाले पथ चौड़ीकरण का शिलान्यास पार्टी के सबसे बुजुर्ग कार्यकर्ता बुधन साह से पूजा पाठ व शिलापट हटाकर करवाया। शिलान्यास के बाद उन्होंने जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल बड़का भईया अनंत प्रताप देव व छोटका भईया घूम-घूम कर मुझे गाली देने का काम कर रहे हैं। अनंत प्रताप देव को मुझे गाली देने के बजाए अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों के बारे में जनता को बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि सगमा प्रखंड में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, अनुमंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि बब्लू ठाकुर, धर्मजीत यादव, राजेश बैठा, सखीचंद, पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव, पंचायत समिति सदस्य ममता देवी, सगमा मुखिया तेजलाल भुईयां, बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, राजेश जायसवाल, रामप्रताप यादव, संजय यादव, सुधीर यादव, दिनेश ठाकुर, लल्लू ठाकुर, रामकिशोर यादव, अखिलेश मिश्रा, देवराज मिश्रा, तेजधारी यादव, निराजय रजक, बिनोद कुमार राम सहित काफी संख्या में उपस्थित थे।

### रंकाराज गढ़ देवी मंदिर स्थापना दिवस समारोह मनाने को लेकर कमेटी का गठन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंकाराज गढ़ परिवार के द्वारा फाल्गुन शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को गढ़ देवी मंदिर के 100 वर्ष पूरा होने पर मंदिर का स्थापना दिवस समारोह मनाने का निर्णय लिया गया है। इस बाबत गढ़ परिवार के द्वारा एक बैठक कर एक कमेटी का गठन भी किया गया है। जिसमें अध्यक्ष राजा कुमार गोबर्द्धन प्रसाद सिंह, सचिव दिलीप सिंह एवं मोरध्वज प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष शिक्षक धीरज कुमार सिंह एवं मुकेश सिंह तथा गौरक्षण प्रसाद सिंह, विनोद सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, अजय सिंह, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह को सदस्य बनाया गया है। राजा कुमार गोबर्द्धन प्रसाद सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए गढ़ परिवार कमेटी के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का प्रारूप बनाया गया है। जिसमें कार्यक्रम के प्रथमार्द्ध में मंदिर की आरती पुरोहित बालेश्वर दूबे के द्वारा वेद मंत्रोच्चारण के साथ की जाएगी। तत्पश्चात 12.00 बजे दिन से भंडारे का आयोजन किया गया है। साथ ही स्थानीय कीर्तन मंडली के द्वारा भगवती का भजन कीर्तन किया जाएगा एवं संध्या बेला में 8.00 बजे रात्रि से मुंबई के जाने-माने कलाकार इशरत जहां एवं धनबाद के दलजीत सिंह दिवाना का भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा।

### यादव महासभा की बैठक में 26 फरवरी को शताब्दी समारोह को सफल बनाने का निर्णय



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में प्रांतीय यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में यदुवंशियों की एक बैठक की गयी। बैठक से पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव, यादव महासभा के युवा जिला अध्यक्ष सोनू यादव, जिला महासचिव सतवंत यादव, जिला सचिव पिंटू प्रसाद यादव, प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद यादव, सच्चिदानंद यादव, शशि यादव, अविनाश यादव, जयराम राम ने भगवान कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पअर्पित किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 26 फरवरी को गढ़वा के आशीर्वाद रेसीडेंसी के मैदान में आयोजित अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के शताब्दी समारोह को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर यादव महासभा के जिलाध्यक्ष ने कहा कि शताब्दी समारोह में प्रखंड के सभी पंचायतों से भाइयों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए अहीर रेजिमेंट के गठन और जाति जनगणना की मांग को बुलंद किया जाएगा। हम सभी यदुवंशियों को गर्व है कि हमारे समाज के अखंड भारत के लोग 17 अप्रैल 1924 को बिहार के पूर्णिया जिला में एकत्रित होकर पहली बार संगठन बनाये थे। मौके पर राजेश कुमार यादव, मनोज कुमार यादव, अमित यादव, महेंद्र प्रसाद यादव,जनार्दन प्रसाद यादव, शशि यादव, अविनाश कुमार, देवेंद्र कुमार यादव, दौलत कुमार यादव, विकास कुमार यादव, अवध किशोर यादव सहित काफी संख्या में यादव महासभा समाज के लोग मौजूद थे।

**बाइपास सड़क विवाद :** भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी ने दी सफाई, कहा

# कब्रिस्तान के पास पूर्व विधायक की नहीं है कोई जमीन, भ्रम फैला रहे हैं झामुमो के लोग

**अगर कब्रिस्तान के पास पूर्व विधायक की जमीन है, तो झामुमो के लोग साबित करें और उसी जमीन पर होते हुए बाइपास सड़क का निर्माण कराया जाये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अचला-नावाडीह कब्रिस्तान के पास पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी की कोई जमीन नहीं है। झामुमो के लोग मंत्री मिथिलेश ठाकुर की नाकामी को छिपाने के लिए इस तरह का भ्रम फैला रहे हैं कि वहां पूर्व विधायक की जमीन है, उसे बचाने के लिए कब्रिस्तान के रास्ते बाइपास सड़क बनेगी। उक्त बातें भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि



अगर कब्रिस्तान के पास पूर्व विधायक की जमीन है, तो झामुमो के लोग साबित करें। वहां पर पूर्व विधायक की जमीन साबित हो जाने के बाद उसी जमीन पर होते हुए बाइपास सड़क का निर्माण कराया जाए। ताकि कब्रिस्तान को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग मंत्री और संवेदक में हुई साठगांठ

**मंत्री अपने निजी फंड से फ्लाई ओवर बनाने की शुरुआत करायें, इसमें पूर्व विधायक भी आर्थिक सहयोग करेंगे**

**भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी ने कहा कि मंत्री कई अवसरों पर अपने निजी फंड का हवाला देकर विकास का ढिंढोरा पीटते हैं। इस कब्रिस्तान को बचाने के लिए आखिर मंत्री अपना निजी फंड का उपयोग क्यों नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री अपना निजी फंड से फ्लाई ओवर बनाने की शुरुआत करायें। उस कार्य में पूर्व विधायक भी अपनी ओर से आर्थिक सहयोग करेंगे ताकि कब्रिस्तान को बचाया जा सके।**

को छिपाने के लिए इस तरह की अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री को अगर कब्रिस्तान बचाने की इतना ही चिंता है और राज्य सरकार के पास फंड की कमी है, तो मंत्री अपना निजी कोष से कब्रिस्तान के पास क्यों नहीं फ्लाईओवर का निर्माण करा दे रहे हैं। इस मामले में मंत्री और झामुमो कार्यकर्ताओं की पूरी तरह पोल खुल चुकी है। अब गांव-गांव में आम चर्चा शुरू हो चुकी है कि बाइपास निर्माण कार्य के संवेदक और मंत्री में साठगांठ हो चुकी है। इसी कारण से वहां पर पहले का डिजाईन को हटाकर कब्रिस्तान होते हुए सड़क बनाने की प्लानिंग की गयी है ताकि ठेकेदार को कम लागत में ही सड़क निर्माण कराया जा सके।

## धार्मिक स्थल का नाम देकर विकास कार्य को प्रभावित करना दुर्भाग्यपूर्ण : विपुल धर दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** देश के विकास का बाधक धार्मिक स्थल बने यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इसी देश में कई विकास कार्यों के लिए कई हिंदू धार्मिक स्थल टूटे पर किसी ने उसका विरोध नहीं किया। किसी भी राज्य में हिंदू धार्मिक स्थल विकास का रोड़ा नहीं बना है। उक्त बातें योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विपुल धर दुबे ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि गढ़वा में पिछले कुछ दिनों से एक ऐसे कब्रिस्तान का मुद्दा लेकर लोग बाईपास निर्माण कार्य को बाधित कर रहे हैं जो कागज में है ही नहीं। उन्होंने कहा कि पहले भी मुस्लिम समुदाय के लोगों से अचला कब्रिस्तान के लिए कागज मांगा गया था। कागज जमा नहीं करने पर सीओ की ओर से उक्त कब्रिस्तान को हटाने का निर्देश दिया गया था। उसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोग न्यायालय गये वहां भी कब्रिस्तान की जमीन से संबंधित कोई भी कागज जमा नहीं कर सके। जिसके बाद अब सभी लोग अपना केस वापस ले लिये। उसके बाद भी धार्मिक स्थल का नाम देकर विकास कार्य को प्रभावित करना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इसी राज्य में सड़क निर्माण कार्य के दौरान सैकड़ों मंदिर श्मशान घाट धार्मिक स्थल टूटे हैं किसी ने विरोध नहीं किया था, लेकिन आज अवैध कब्रिस्तान के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग प्रशासन पर दबाव बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर यही स्थिति रही तो एक भी विकास कार्य नहीं हो सकेंगे।

## सीओ के चालक की संदेहास्पद मौत की जांच करने रंका पहुंचे बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता

**कहा- हत्या कर आत्महत्या का रूप दिया गया है, इसकी जांच सीबीआइ से करायी जाये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका अंचल पदाधिकारी के चालक राकेश कुमार रवि उर्फ रवि की 3 फरवरी को संदेहास्पद मौत की जांच करने बहुजन समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता मृतक के घर कंचनपुर रंका पहुंचे और बातचीत व जांच पड़ताल की। बताते चलें कि रंका अंचल पदाधिकारी के चालक राकेश कुमार रवि का शव 3 फरवरी की रात्रि में उसी के घर में पंखा के कुंडी से साड़ी के फंदे में लटका मिला था। मृतक राकेश कुमार रवि गढ़वा जिला बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय कुमार गौतम के भतीजे थे। जांच पड़ताल के क्रम में संजय कुमार गौतम ने बताया कि जो साड़ी का फंदा बंधा हुआ था वह सरकवांसी नहीं था तो बिना सरके कैसे किसी की मौत हो सकती है? साथ ही वह जिस रूम में लटका था उस रूम के पंखे की कुंडी तक पहुंचने का कोई उपाय नहीं था। इसके बावजूद भी वह वहां कैसे पहुंचा? यह संदेह के घेरे में है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि जिला अध्यक्ष संजय कुमार गौतम के भतीजे की मौत आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या कर शव को आत्महत्या का रूप दिया गया है। जिसकी जांच उन्होंने सीबीआई से कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर जिला प्रशासन के द्वारा कार्रवाई नहीं की गई तो फरवरी के बाद मार्च में बहुजन समाज पार्टी उग्र आंदोलन करने को बाध्य हो जाएगी।

मौके पर सुरेश्वर सिंह, सुरेश्वर राम, डॉ साबिर अंसारी, जिला परिषद के देवेंद्र नाथ तिवारी, बसपा राज्य कमेटी के मनीष कुमार सिंह ने अपराधियों द्वारा हत्या कर उसे आत्म हत्या का रूप देने की घोर निंदा की है।

## जविप्र दुकानदार के खिलाफ लाभुकों ने किया प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पतरिया गांव के दर्जनों कार्डधारी लाभुकों ने मंगलवार को जविप्र दुकानदार सिया स्वयं सहायता समूह के खिलाफ पंसस प्रिंस कुमार ठाकुर के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर जमकर बवाल काटा। सभी कार्डधारी लाभुक प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट के पास खड़े होकर सीओ सह बीएसओ अजय कुमार दास को घेराव कर अंदर जाने से रोक दिया। सीओ द्वारा डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिये जाने के बाद जाम हटाया गया। इस संबंध में लाभुक वार्ड सदस्य चंदन राम, जय गोविंद राम, विजय राम, देव कुमारी देवी, मीना देवी, हेमंती देवी, कुंती देवी, उमेश राम, श्रीनाथ यादव, बिंदा देवी, सविता देवी, प्रभा देवी, शांति देवी, संगीता देवी के आलावे अन्य कई लाभुकों ने बताया कि जन वितरण दुकानदार सिया स्वयं सहायता समूह द्वारा लगातार चार माह से राशन नहीं दिया जा रहा है। परिणाम स्वरूप गरीब लोग परेशान हैं। साथ ही दुकानदार द्वारा कार्ड धारी लाभुकों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। वहीं सीओ सह बीएसओ ने बताया कि यह जांच का विषय है। जांच उपरांत दुकानदार को गलत पाये जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यक्रम :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी का होली मिलन समारोह आयोजित

# गरीब लड़कियों की शादी कराने में अहम भूमिका निभा रही है संस्था : अलखनाथ पांडेय

**संस्था भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा से संबंधित कई जागरूकता कार्यक्रम भी विभिन्न प्रदेशों में चला रही है : सचिव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के तत्वावधान में शहर के उत्सव गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर सभी ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर होली पर्व की बधाई दी। समारोह में गीत-संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समारोह में गीत-संगीत की धुन पर आये हुए लोगों ने जमकर आनंद लिया। आये हुए कलाकारों ने बेहतरीन कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। प्रस्तुति को देखकर उपस्थित पुरुषों, महिलाओं व बच्चों ने जमकर आनंद लिया। भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का त्यौहार है। लोग इसे होली मिलन समारोह के रूप में मनाकर भाईचारे को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था का कार्य काफी सराहनीय है। अब तक कई गरीब लड़कियों की निःशुल्क शादी करायी है। समय-समय पर सामाजिक कार्य भी किये जाते हैं।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष केशरी ने कहा कि होली अंहकार पर करुणा प्रेम की जीत का प्रतीक है। होली एक ऐसा पर्व है कि गिले शिकवे भूल कर लोग एक-दूसरे से गले मिलते हैं। समारोह में शामिल महिलाओं और पुरुषों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि इस बैनर के तले अब तक हजारों गरीब असहाय लड़कियों की शादी करायी गयी है। वहीं भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा से संबंधित कई जागरूकता कार्यक्रम भी झारखंड बिहार सहित अन्य प्रदेशों में चल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में गढ़वा में भी गरीब असहाय बहनों की शादी कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी कराने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के रहते किसी भी बहन को एवं किसी भी गरीब को पैसे के अभाव में शादी विवाह कार्य नहीं रुकेगा। हम लोग समय-समय पर निशुल्क शादी समारोह कराने का काम करते हैं। जरूरतमंद लोग सोसाइटी के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा में होने वाले ऐतिहासिक शादी समारोह को लेकर संस्था के पदाधिकारी गांव-गांव पहुंचकर काउंसलिंग भी करना शुरू कर दिये हैं।

कार्यक्रम का संचालन मो. परवेज खान, प्रदेश अध्यक्ष साउद आलम, सहायक सचिव राजेश कुमार सिन्हा, हसीबुल्लाह अंसारी, जिला प्रबंधक अयूब खान उर्फ बबन, जांच अधिकारी मुकेश कुशवाहा, फील्ड इंचार्ज टिंकू तिवारी, सुनीता पांडे, संजय केशरी, भाजपा नेता जवाहर पासवान, बिनोद बघेल, सन्नी चंद्रवंशी, विजय ठाकुर, डा. बीएन ठाकुर, शत्रुधन माली, कंचन जायसवाल, जगजीवन बघेल, छुन्नू कुरैशी सहित काफी संख्या में गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-20/2022-23**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 28.02.2023 के अपराहन 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 01.03.2023 के अपराहन 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 01.03.2023 के अपराहन 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । 3. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल सं0–1, चतरा । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. जिला नियंत्रण कक्ष चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Special Repair of P.D.J. Residence, Chatra, For the Year 2022 -23 | 38,16,200.00 | 76500.00 | 5000.00 | 06 Months |

PR.NO.290876 Building(22-23):D

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, चतरा।

**कार्यालय:-जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार**
**बालिका उच्च विद्यालय परिसर लातेहार**
**ई मेल deolatehar1@gmail.com / rmsaltr@gmail.com**

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 82 दिनांक 12.12. 2022 द्वारा प्राप्त आदेश एवं दिनांक 20.02.2023 को जिला पुस्तकालय अनुश्रवण समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में जिला पुस्तकालय, पुस्तक आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित संस्थाओं /प्रतिष्ठानों /अधिकृत विक्रेताओं से निम्नांकित पैकेजवार पुस्तक की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| पैकेज | विवरण | अनुमानित संख्या | अनुमानित मूल्य | अग्रधन (in the form of DD) |
|---|---|---|---|---|
| I | पुस्तकालय हेतु किताबें | सूची अनुसार | 500000.00 | 5000.00 |

इच्छुक निविदादाता द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय, लातेहार में दिनांक 28.02.2023 के पूर्वाहन 10:00 बजे तक निविदा प्रपत्र जमा किया जा सकता है, । निविदा प्रपत्र में उल्लेखित सामग्री की मुहर बन्द निविदा तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबन्द लिफाफा में स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए लिफाफा दिनांक 28.02.2023 के पूर्वाहन 10:00 बजे तक जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय लातेहार में जमा किया जाना है।

जिला समिति द्वारा दिनांक 28.02.2023 के पूर्वाहन 11:00 बजे निविदा खोली जाएगी। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा रदद् करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

नोट :– उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित अन्य शर्त एवं कार्य का विस्तृत विवरणी www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार।

PR 290866 Human Resource Developement(22-23)#D

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय, मंडल कारा, गुमला**

**अति अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना**

**eTender – HJ & DM/DJ – GUMLA/ Y-1/2023-24/Letter No. 348**

1. **कारा का नाम**– मंडल कारा, गुमला।
2. **विषय**– कारा में खस्सी माँस की आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण।
वित्तीय वर्ष 2023–24 (दिनांक–01.04.2023 से दिनांक–31.03.2024 तक) की वार्षिक निविदा। **निविदा प्रपत्र का मूल्य** (Non-Refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में **अधीक्षक, मंडल कारा, गुमला** के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है:–
(i) 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु–2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
(ii) 10.00 लाख से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
(iii) 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
3- Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि 02.03.2023 से 07.03.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा जमा करने की तिथि 02.03.2023 से 07.03.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
5- Tender Fee, EMD का original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक 08.03.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 09.03. 2023 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
6. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान– दिनांक 10.03.2023 को अपराह्न 02:00 बजे, उप विकास आयुक्त, गुमला के कार्यालय कक्ष में।
7. उपरोक्त संबंधित निविदा website jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
8. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गुमला के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
काराधीक्षक,
मंडल कारा, गुमला।

PR 290881 (Police) 22-23 (D)

**e- Procurement Cell**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,**
**CIRCLE NO-2, RANCHI,COMBINED OFFICE BUILDING,**
**BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT JHARKHAND, RANCHI**

**Notice Inviting Tender**
**(Very Short Notice)**
**ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

**Tender Reference No.-(11)BCD/CIR-2/RANCHI/LATEHAR,DIV/2022-23 Date:-21-02-2023**

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT MURGIHAT PANCHAYAT - MURGIHAT, BLOCK-MANIKA , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 28-02-2023 | |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 09-03-2023 को अपराहन 3.00 बजे | |
| 3 | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 10-03-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक | |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 10.03.2023 को अपराहन 3.00 बजे | |
| 5 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 6 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9431024895/8987663716 | |
| 7 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 | |

•इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 290848 Building Dept Circle - 2(22-23).D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 22 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in
08

## विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**कैरो।** प्रखंड के बी आर सी भवन में मंगलवार को जेसीआरटी रांची के निदेर्शानुसार डायट चिरी द्वरा डॉक्टर अनुग्रह नरायन+2 उच्च विद्यालय कैरो में प्रखंड स्तरीय जिला विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंडस्तरीय उच्च विद्यालय के वर्ग छः के छात्रों के बीच दैनिक जीवन में विज्ञान की संभावनाएं विषय पर चित्रांकण प्रतियोगिता एंव सामान्य विज्ञान नवीनतम विज्ञान समाचार बीमारियों एंव उपचार इत्यादि पर क्विज कार्यक्रम आयोजन किया गया प्रखंड स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को 28 /2/2023 को डायट चिरी परिसर में पुरस्कृत किया किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डायट संकायों सदस्य रविशंकर कुमार महबूब आलम के प्रधानाध्यापक गणेश शास्त्री सयुम अंसारी राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय उर्दू गराडीह शिक्षक अनिता उरांव विज्ञान शिक्षक का प्रोजेक्ट स्कूल हनहट प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओमप्रकाश कार्यक्रम में मौजूद थे।

## बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त



**लोहरदगा।** नदी घाट से बालू का दोहन पर पूर्णतया रोक लगाने के बावजूद बालू माफिया सरकारी आदेश के विरुद्ध बालू का दोहन करने में लगे हैं। वही लोहरदगा सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लोहरदगा सदर थाना क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों में बालू की अवैध निकासी हो रही है। इस पर टीम गठित करते हुए लोहरदगा सदर थाना पुलिस ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस क्रम में शंख नदी बालू घाट मे 3 ट्रैक्टर बालू निकासी कर रहे थे। पुलिस टीम को देखते ही बालू निकासी में लगे ट्रैक्टर चालक और मजदूरों में हड़कंप मच गयी। मौके पर से पुलिस टीम ने बालू से लदे तीन ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है। वही छापामारी करने गयी सदर थाना के सब इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार, व सशस्त्र बलों ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर और बालू माफियाओं को दूर तक खदेड़ा। शंख नदी बालू घाट में पुलिस की दबिश बढ़ा दी गयी है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक सदर थाना पुलिस का की प्रक्रिया में लगे हुए हैं।

## डॉ टी साहू ने शिशु मंदिर में नवनिर्मित प्याऊ का उद्घाटन किया



**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में नगर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ टी साहू के द्वारा भव्य प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इस प्याऊ का निर्माण डॉ टी साहू के सौजन्य से किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध कारिणी समिति के सभी सदस्य सभी मौजूद थे। प्रबंध कारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद ने कहा यह विद्यालय हित में परम पुनीत कार्य है यह कार्य सराहनीय है विद्यालय परिवार सहर्ष कृतज्ञता प्रदान करती है। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा यह पुनीत कार्य बच्चों के हित के निमित्त सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। जल ही जीवन है तथा बालकों के प्रति डॉ टी साहू का अपूर्व प्रेम की भावना प्रकट होती है। विद्यालय परिवार उनको आभार प्रकट करती है। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव अजय प्रसाद, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, अभिभावक प्रतिनिधि शोभा देवी, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## कंप्यूटर दक्षता टेस्ट का आयोजन



**लोहरदगा।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), लोहरदगा अंतर्गत प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) के रिक्त 03 और सहायक तकनीकी प्रबंधक (एटीएम) के रिक्त 12 पदों के आलोक में कंप्यूटर दक्षता टेस्ट का आयोजन आज डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में किया गया। बीटीएम के 03 पदों के विरूद्ध 11 और एटीएम के 12 पदों के विरूद्ध 74 आवेदन जिला को प्राप्त हुए थे। इसमें बीटीएम पद के लिए 08 और एटीएम पद के लिए 33 अभ्यर्थी आज आयोजित कंप्यूटर दक्षता जांच में शामिल हुए। इस मौके पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, आत्मा परियोजना उपनिदेशक तृप्ति तिर्की व अन्य सहयोगी उपस्थित थे।

## टाना भगत के जीवन पर चर्चा की



**कैरो।** प्रखंड के खरता बदिया बथान के समीप स्थापित स्वतंत्रता सेनानी नारू टाना भगत का 120वां जन्म दिवस के अवसर पर पूजा पाठ व माल्यार्पण किया गया। जिसमें स्वतंत्रता सेनानी के वंशजो सहित ग्रामीण उपस्थित होकर पूजा पाठ कर माल्यार्पण करते हुए नारू टाना भगत के जीवन पर चर्चा किया गया। मौके पर जगेश्वर टाना भगत, चौधरी टाना भगत, फगुवा टाना भगत, बुधेस्वर टाना भगत, तोने टाना भगत, श्रवण उरांव एम तिवारी, लक्ष्मी टाना भगत, टाना भगत, राजकुमार टाना भगत, जयमंगल मुंडा, बुलु महतो सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## आज के समय में भी जनता का पैसा बैंक में सुरक्षित नहीं है:शैलेश



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के मुरपा मोड़ चौक स्थित एसबीआई बैंक मैनेजर झा पर शैलेश सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरा सेविंग अकाउंट से 10-10 हजार और एक बार 4500 करके तीन बार अकाउंट से कट गया, हमने एसबीआई बैंक मैनेजर से मेरे अकाउंट का डिटेल जानने का कोशिश किया कि पैसा अपने आप कैसे कटा। वही एसबीआई के मैनेजर झा के द्वारा बोला गया कि हम नहीं जानते हैं? वहीं शैलेश सिंह बालूमाथ के पत्रकारों से मुखातिब होकर बताया कि बताऐ कि आज के समय में भी जनता का पैसा सुरक्षित नहीं है? इतना बड़ा बैंक और मैनेजर झा के द्वारा किसी तरह का जिम्मेवारी नहीं लेना क्या संकेत करता है ? जनता का पैसा कैसे सुरक्षित रहे इसके लिए कौन जिम्मेवार रहेगा? बता दें कि मैनेजर झा के द्वारा साफ पल्ला झाड़ते हुए कहते हैं कि हम नहीं जानते हैं वही शैलेश सिंह के द्वारा बालूमाथ थाने में आवेदन देकर जांच कर सही न्याय दिलाने का आग्रह किया है। वहीं जब मैनेजर झा से पुरी जानकारी लेना चहा तो उनका मोबाईल नाटरिचेबल बताया।

### ग्रामीणों को बचाते खुद अधिकारी भी खतरे में आ गये

# सीढ़ी के सहारे घर की छत पर चढ़ हाथी से बचायी जान

> **जैसे ही ऊपर चढ़े हाथी उसी घर के पास पहुंच कर घर के इर्दगिर्द मंडराने लगा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा में जारी हाथियों के कहर के बीच अधिकारियों की टीम ने लोगों को हाथी से दुर करने के प्रयास में खुद ही खतरे में अपनी जान डाल दी। जानकारी के अनुसार सोमवार को अधिकारी भी हाथियों के आगे आते आते बच गये। शाम में लोगों को दुर करने के प्रयास में सिविल एसडीओ अरविंद कुमार लाल, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा और सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता खतरे से अनभिज्ञ भीड़ से आगे आ गये थे। इसी बीच हाथी झाड़ियों से बाहर निकल आया और अधिकारियों की ओर ही बढ़ने लगा।

खतरे को भांपते हुए तीनों अधिकारी एक ढलाई घर में टंगा सीढ़ी से छत पर चढ़ गये।

जैसे ही ऊपर चढ़े हाथी उसी घर के पास पहुंच कर घर के इर्दगिर्द मंडराने लगा। कुछ देर बाद ही हाथी वहां से प्रस्थान किया। तब जाकर अधिकारियों की टीम नीचे उतरी और अपनी जान बचायी।

# मातृभाषा हिंदी भारत की समृद्ध भाषा है: अरुण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समीप सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ लातेहार के वंदना सभागार में विश्व मातृभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के समिप दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय के आचार्य फूलचंद सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को महत्व बताते हुए कहा गया कि हमारी मातृभाषा हिंदी को बढ़ावा दिए जाने के लिए हर स्तर पर प्रचार होना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने मातृभाषा के बारे में बताते हुए कहा कि आज जब विदेशी भाषाओं को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है तो इस स्थान पर अपनी सभ्यता-संस्कृति को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए मातृभाषा को ज्यादा से ज्यादा व्यवहार में लाना बहुत जरूरी हो गया है। मातृभाषा हिंदी भारत की समृद्ध भाषा है। यह हमारी भारत की पहचान है। हमे इस पर गर्व होना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निम्नांकित आचार्य और दीदी की गरिमामई उपस्थिति रही लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, विजेंद्र शर्मा, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम, अभिनय कुंभकार, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग , श्वेता श्रीवास्तव, प्रवीण प्रसाद यादव, रूपेश सिंह, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक मौजूद थे।

## किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कैरो।** कैरो प्रखंड में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा लोहरदगा के सौजन्य से मंगलवार को प्रखंड परिसर में किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। किसान मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, बीडीओ और अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि जब किसान आगे बढ़ेंगे तभी हमारा देश आगे बढ़ेगा। देश की बड़ी आबादी कृषि कार्य पर ही निर्भर हैं जब तक किसान आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होंगे तबतक हमारा देश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं बन सकता है। आज आबादी बढ़ रही है और जमीन जो था भी वही है कृषि योग्य जमीन का भी उपयोग घर मकान कल कारखाने आदि बनाने में भी किया जा रहा है। प्रति क्षेत्रफल पैदावार बहुत कम है जब तक किसान भाई वैज्ञानिक तरीके से उन्नत तरीके से खेती बाड़ी नहीं करेंगे पैदावार को बढ़ाया नहीं जा सकता है। उन्नत खेती के लिए कृषि के आधुनिक तरीके को अपनाए, उन्नत बीज खाद का प्रयोग करें, मिट्टी की जांच कराते रहें,आवश्यकता अनुसार ही दवा का भी उपयोग करें। सहायक तकनीकी पदाधिकारी एन एफ एस एम दिनेश चंद्र ने किसानों को कृषि की नयी तकनीक के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला सहायक कृषि पदाधिकारी कुलदीप ओहदार ने किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बतलाते हुए कहा कि अभी सरकार द्वारा 2020-23 वितीय वर्ष में अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज अभियान के रूप में चलाया जा रहा है जिसके तहत ज्वार बाजरा गोंदली, मडुआ, कोदो सहित मोटे अनाज को बढ़ावा देने की बात कही। किसान मेला में किसानों द्वारा लगाये गये कृषि प्रदर्शनी में उत्कृष्ट उत्पाद लाने वाले किसानों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर उत्साह बढ़ाया गया।

## लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**महुआडांड।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एसडीओ बीडीओ विधिक सेवा प्राधिकार के एल ए डी सी राहुल कुमार के द्वारा लोगों को कानून को लेकर जागरूक किया गया। नेशनल लोक अदालत घरेलू हिंसा पोक्सो एक्ट वाहन बीमा समेत अन्य प्रकार की कानून से जुड़ी जानकारी दी गयी। आगे लोगों को यह भी बताया गया कि न्यायालय निलंबित वैसे मामले जिसमें 7 वर्ष से कम की सजा हो तथा उस व्यक्ति की वार्षिक आय तीन लाख से कम है वैसे मामलों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा निष्पादन किया जा सकता है। मौके पर पीएलबी इंद्रनाथ प्रसाद अनु रीमा देवी देव आनंद प्रसाद आजाद अहमद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## जल्द पूर्ण करें पीएम आवास : बीडीओ

**बरवाडीह (आजाद सिपाही )।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार के सभागार में बीडीओ ने पीएम आवास निर्माण की समीक्षा बैठक की। इसमे पंचायत स्वयं सेवक, मुखिया, पंचायत सेवक उपस्थित थे। बीडीओ ने काफी संख्या में पीएम आवास के अधूरे पड़े रहने पर नाराजगी जताई। उंन्होने स्वयंसेवकों को आदेश दिया कि दस दिनों के अंदर अधूरे आवास का निर्माण पूरा कराएं, नहीं तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी। उंन्होने तीन साल से कई पीएम आवास का निर्माण पूरा नही होने पर चिंता जताई और कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि उन लाभुको को पीएम आवास की आवश्यकता नही थी। जिन्हें पीएम आवास आवंटित कर दिया गया है। जिस कारण वैसे लाभूक आवास निर्माण कराने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनपर विभागीय कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गयी है। बैठक में मुखिया कालो देवी, जितेंद्र सिंह, बिपिन सिंह, आशीष कुमार, बालदेव परहिया, बेरोनिका कुजूर, बुधेश्वर सिंह गोपाल सिंह, रविंद कुमार समेत मुखिया, पंचायत सेवक उपस्थित थे।

# भाजपा ने जताया एतराज बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष से देश के प्रधानमंत्री की तस्वीर उतारने के मामले में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी के नेतृत्व में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी ने बतया की 20 फरवरी को स्थानीय विधायक सह राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के आगमन प्रखंड मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित था। उनके जाने के बाद पता चला कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तस्वीर सभा कक्ष से हटा दिया गया है। जैसे ही मुझे मालूम हुआ तो मैं स्वयं प्रखंड मुख्यालय सभा कक्ष में जाकर देखा सारे तस्वीर लगी है मुख्यमंत्री की तस्वीर है पर प्रधानमंत्री की तस्वीर मुख्यमंत्री के बगल में नहीं था। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा की प्रधानमंत्री किसी एक व्यक्ति या पार्टी विशेष के नहीं होते। मालूम होना चाहिए कि देश के प्रधानमंत्री 140 करोड़ जनता के प्रधानमंत्री है। ऐसे में सभा कक्ष से प्रधानमंत्री जी की तस्वीर हटाना सवैधानिक परम्परा का अपमान है। पूरे देश का अपमान है। ऐसा ओछी कार्य किसके इशारों पर किया गया है किसी एक व्यक्ति विशेष को खुश करने के लिए किया गया है इसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कारवाई होनी चाहिए। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी, बिंदेश्वर महतो, केदार प्रसाद गुप्ता, विनोद लकड़ा, छेदी राम, सुहेल अमीन, पंकज कुमार साहू आदि मौजूद थे।

# छिपादोहर में सड़क दुर्घटना में सीआरपी जवान घायल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर संकुल साधन सेवी सुमन कुमार मंगलवार दोपहर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में सीआरपी सुमन कुमार का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड निवासी सुमन कुमार छिपादोहर सीआरसी क्षेत्र में संकुल साधन सेवी के पद पर कार्यरत है। सीआरपी सुमन कुमार अन्य दिनों की तरह मंगलवार को भी छिपादोहर सीआरसी में ड्यूटी करने गए थे। ड्यूटी समाप्त होने के बाद दोपहर 3:00 बजे के करीब अपने मोटरसाइकिल से शिक्षक विनोद कुमार महतो के साथ अपने घर वापस बरवाडीह आ रहे थे। इसी क्रम में छिपादोहर मुख्य मार्ग लुहूर के समीप एक कुत्ता को बचाने के क्रम में मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसमें दोनो घायल हो गए। हेलमेट पहनने के कारण सुमन कुमार को सिर में चोट नहीं लगी केवल पैर और हाथ में चोट लगी है। दोनों घायलों को अगल-बगल के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन एवं ड्रेसर राजेश चंद्रा उर्फ बबलू सिन्हा ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर रंजन ने दोनों को खतरे से बाहर बताते हुए अस्पताल से मुक्त कर दिया।

### नक्सलियों ने सड़क निर्माण रोका

# दिनदहाड़े निर्माण कार्य में लगी मशीनों को जलाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार/मनिका/बरवाडीह।** लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के राकीकला बड़का बिठहा में नक्सलियों ने मंगलवार को दिनदहाड़े सड़क निर्माण कार्य में लगे मशीन और ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों ने सड़क निर्माण का कार्य बंद करने की धमकी भी दी है। घटना में शामिल नक्सलियों ने खुद को टीपीसी से जुड़ा बताया है। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार होकर नक्सली मंगलवार की दोपहर रांकी कला के पास सड़क निर्माण के कार्य स्थल पर पहुंचे और मजदूरों को धमकी देकर कार्य बंद करा दिया। वही मौके पर काम में लगे मिक्सर मशीन और ट्रैक्टर में आग लगा दी। जाने के पहले उन्होंने संगठन से आदेश नहीं मिलने तक काम बंद करने का निर्देश दिया। नक्सलियों के जाने के बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। वहीं नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए आसपास के इलाकों में छापामारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि लेवी के लिए नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। विदित हो कि तुम्बागड़ा से रांकी कला होते हुए केढ़ को जोड़ने वाली यह लातेहार और पलामू जिले के के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

## डीएसइ ने आरोपी शिक्षक पर दिया कर्रवाई करने का निर्देश

**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड के डोकी पंचायत के सिरिश गाव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिरिश के प्रधानाध्यापक मंगरु यादव समय से विद्यालय नहीं पहुंचने। व एमडीएम भी सही ढंग से नहीं चलाने मामले पर जिले की डीएसई कविता खलखो ने आरोपी शिक्षक मंगरू यादव पर करवाई का निर्देश दिया है। डी एस ई कविता खलखो मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों की निरीक्षण के दौरान उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि सीआरपी व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के यह जानकारी मिली है की शिक्षक मंगरू यादव द्वारा मनमानी ढंग से मधयान भोजन चलाया जाता है। ग्रामीणों ने दोषी शिक्षक पर करवाई की मांग जिले की डीएसई कविता खलखो से की है। ग्रामीणों ने कहा की शिक्षक का अभी भी यही रवैया है।

# सोलर जलमीनार खराब सांसद प्रतिनिधि ने उपायुक्त से जांच की मांग की

> **खराब जल मीनार लोगों के लिए सफेद हाथी का दांत साबित हो रहा है।**



**रवि कुमार गुप्ता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 15वें वित्त आयोग की राशि से निर्मित सोलर जल मीनार इन दिनों खराब पड़ी हुई है। खराब जल मीनार लोगों के लिए सफेद हाथी का दांत साबित हो रहा है। प्रखंड के तुरी टोला मोरवाई पंचायत के उच्च विद्यालय के समीप, सैदुप, लात, छिपादोहर सहित अन्य स्थानों पर लगी जलमीनार बीते कई माह से खराब है। उक्त कारण लोगों का पानी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने जिले के उपायुक्त से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इस सम्बंध में लात के ग्रामीण अभिषेक कुमार, सैदुप के बाबूलाल सिंह समेत अन्य लोगों ने बताया कि पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने 15 वें वित्त आयोग की राशि से गत वर्ष ही जलमीनार लगाया था। यह बीते 3 माह से खराब पड़ा हुआ है। पंचायत प्रशासन या संबंधित विभाग इसकी सुध नहीं ले रहा है। उससे हमलोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### जल मीनार लगाने में बरती गयी है अनिमितताः सांसद प्रतिनिधि

सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने बताया कि शुद्ध पीने के पानी एकमात्र साधन उक्त जलमीनार है। उसके खराब हो जाने से करीब एक सौ से डेढ़ सौ घर के लोग दूर से पानी लाते हैं। जल मीनार खराब होने से लोगों को भारी फजीहत हो रही है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा की जलमीनार लगाने में घोर अनियमितता बरती गयी। अनियमितता का यह आलम है।कि निर्माण के साथ ही पाइप में लीकेज नल में खराबी आ जाना और सोलर प्लेट का काम बंद कर देना सहित अन्य समस्याएं उत्पन्न हो गई है।यहां तक कि जलमीनार स्थल में योजना का बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। जल मीनार के फाउंडेशन में मानकों की अनदेखी की गई है निर्माण के दौरान ग्रामीणों ने सवाल उठाया था लेकिन ग्रामीणों की बातों को अनदेखी कर दी गयी। जलमीनार के बगल में शोखता का निर्माण भी नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मुखिया और पंचायत सचिव से कई बार इसकी शिकायत की है लेकिन इसकी सुध तक नहीं ली गयी।

## बिशुनपुर पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोपी को भेजा जेल



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गुदरी थाना क्षेत्र के अरंगलोया गांव निवासी 20 वर्षीय प्रेम उरांव को नाबालिग लड़की को शादी की नियत से अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार कर मंगलवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की के पिता ने युवक पर अपनी बेटी के अपहरण करने का आरोप लगाते हुए 19 फरवरी को सनहा दर्ज कराया था। उपरोक्त आवेदन में लड़की के पिता के द्वारा बताया गया था कि 16 फरवरी को युवक द्वारा बहला-फुसलाकर मेरी नाबालिग पुत्री को कोचिंग ले जाने के बहाने रास्ते से अपहरण कर लिया गया है। इधर मामले की सूचना वरीय अधिकारियों को समर्पित करते हुए युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान युवक द्वारा नाबालिग लड़की को दो दिनों तक छत्तीसगढ़ के किसी गांव में रखा गया था। पुनः आरोपी द्वारा लड़की को रांची लाया गया और उसे बाहर ले जाने की फिराक में था, तभी पुलिस को सूचना मिली और आरोपी को रांची स्थित अरगोड़ा टुगंरी टोली से गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जहां आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि दो दिनों तक मेरे द्वारा इसे छत्तीसगढ़ में रखा गया था। लड़की से मैं शादी करना चाह रहा था। इधर नाबालिग लड़की के बयान के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। वहीं नाबालिग लड़की को सीडब्ल्यूसी के समक्ष उपस्थित करते हुए पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## 57 टीबी मरीजों के बीच निक्षय पोषण खाद्य पदार्थों का किया गया वितरण

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पीएम निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में शिविर लगाकर 57 टीबी मरीजों के बीच निक्षय पोषण खाद्य पदार्थों का वितरण किया गया। इस दौरान सीएस राजू कच्छप ने कहा कि पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को वर्ष 2025 तक पूरा करने हेतु राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्नमूलन अभियान चलाया जा रहा है। यक्ष्मा रोगियों को इलाज के साथ पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए सिसई प्रखंड के 55 सरकारी कर्मी, एनजीओ कार्यकर्ता, राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता व व्यवसायियों को चिन्हित कर निक्षय मित्र बनाया गया है। इनके सहयोग से प्रखंड के 57 चिन्हित यक्ष्मा रोगियों को छह माह तक पोषाहार उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने रोगियों से छींकने-खांसने के दौरान मुंह और नाक में कपड़ा रखने और अन्यत्र नहीं थूकने की सलाह दी। सीएस ने कहा कि टीबी रोग का मुफ्त में दवा व इलाज होता है। किसी को भी एक सप्ताह से अधिक खांसी होने पर जांच कराने की सलाह दी है। कार्यक्रम के दौरान चिन्हित 55 निक्षय मित्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी गणेश राम, प्रमुख मीना देवी, बीडीओ सुनीला खलखो, राज्य सांसद प्रतिनिधि अनिल साहू, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, बैबुल अंसारी, धनीराम यादव, सुनील जायसवाल, दीपक सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारियों की जान-माल की सुरक्षा दे सरकार : मंगरा उरांव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के संयोजक मंगरा उरांव, सदस्य शहजाद अनवर द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि झारखंड आंदोलनकारी सह आरटीआई कार्यकर्ता मेदनीनगर पलामू के शंकर प्रसाद चौधरी पर विगत दिनों मेदनीनगर पलामू के मत्स्य विभाग में आरटीआई कार्यकर्ता के द्वारा मांगे गये बिंदु पर सुनवाई हेतु आरटीआई कार्यकर्ता शंकर प्रसाद चौधरी तथा मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड के द्वारा दिये उत्तर पर डीसीओ के कार्यालय पर सुनवाई 17 फरवरी 2023 को चल रही थी। इसी बीच सुनियोजित ढंग से मत्स्य जीवी सहयोग समिति के कर्ता-धर्ता सदस्य लक्ष्मण चौधरी, रवि चौधरी, अशोक चौधरी, सूरज चौधरी, प्रेम चौधरी, मनोज चौधरी, मुकेश चौधरी, कल्लू चौधरी सभी आपसी रिश्तेदार तथा अन्य दबंग किस्म के 30-40 सदस्यों ने दबंगई दिखाते हुए कार्यालय कक्ष में आरटीआई कार्यकर्ता सह झारखंड आंदोलनकारी साथी शंकर प्रसाद चौधरी के साथ दुर्व्यवहार गाली-गलौज पर उतारू हो गए और जान मारने की धमकी दे डाले। इस संबंध में गुमला जिला के संयोजक मंगरा उरांव ने इस मामले को गंभीर बताते हुए मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन मेदिनीनगर से अपील करते हुए कहा है कि इस घटना की जांच उचित ढंग से करा कर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## जान से मारने की धमकी से भयभीत व्यक्ति ने थाने में की शिकायत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के वृंदा बरटोली निवासी चूयां भगत पिता चमरा भगत ने गुमला थाना में मंगलवार को आवेदन देकर अपने ही गांव के राम खड़िया पिता मंगरू खड़िया पर सामान चोरी करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। चूयां ने इस मामले की गुमला थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि सोमवार को वह घर बनाने के लिए छड़ सीमेंट टूल मशीन तार इत्यादि समान जमा किया था, जो करीब 50,000 रुपये की लागत का है। जिसको राम खड़िया ने चोरी कर ली है। आरोप यह भी लगाया गया है कि वह कई बार चूयां के घर आकर चूयां को जान से मारने की धमकी दे चुका है। चूयां ने बताया कि राम खड़िया अपराधी प्रवृत्ति का युवक है। वह अपने दोस्तों के साथ मिलकर बरटोली रास्ता से बालू का रंगदारी टैक्स वसूलता है। वहीं आरोपी से चोरी के संबंध में पूछे जाने पर वह जान से मारने की धमकी दे रहा है।

**कार्यक्रम :** सरस्वती विद्या मंदिर, गुमला में भैया-बहन सह आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले भैया-बहन किये गये पुरस्कृत

> आप निरंतर ऐसे ही प्रयास करते रहें जिससे विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सके : प्रभात कुमार दास



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सरस्वती विद्या मंदिर, गुमला में निबंध प्रतियोगिता, प्रतिभा चयन, चित्रकला, संस्कृति ज्ञान में अच्छा प्रदर्शन करने वाले भैया-बहन सह आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। प्रांतीय निबंध प्रतियोगिता में कक्षा द्वादश की बहन पल्लवी कुमारी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। सचिन सिंह, केदारनाथ साहू, प्रियंका कुमारी, अनमोल कुमार दास, महिमा कुमारी को निबंध प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार तथा पल्लवी उपेंद्र सिंह को प्रतिभा चयन में अच्छा प्रदर्शन के लिए एक हजार की नगद राशि प्रदान की गई। संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रमुख देवेंद्र नाथ तिवारी को संस्कृति ज्ञान परीक्षा बाह्य सहभागिता पुरस्कार तथा विगत तीन वर्षों की तुलना में अधिक नामांकन के लिए आचार्य योगेंद्र कुमार, स्वप्न कुमार राय तथा देवेंद्र नाथ तिवारी को पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में प्रबंधन समिति के सह सचिव प्रभात कुमार दास तथा कोषाध्यक्ष राम किशोर रजक की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी पुरस्कारों का वितरण इनके कर कमलों से हुआ।

सह सचिव प्रभात कुमार दास ने भैया बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप निरंतर ऐसे ही प्रयास करते रहें जिससे विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सके। ज्ञात हो कि उपर्युक्त पुरस्कार प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन गिरिडीह में प्राप्त हुआ है।

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा गौरव दिवस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी मातृभाषा हमारे संस्कार और व्यवहार की जननी है। अतः हम विश्व में कहीं भी रहें अपनी मातृभाषा को कभी ना भूलें।

## जेएमएम के नवगठित प्रखंड कमेटी का विरोध शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

> नवगठित प्रखंड कमेटी फर्जी एवं गलत तरीके से बनायी गयी है : पीसी बड़ाईक

**बसिया।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नवगठित कमेटी के चयन की घोषणा के साथ ही यह विवादों में आ गया है। बसिया प्रखंड में जेएमएम कमेटी की घोषणा के बाद जेएमएम के अनेक नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

जेएमएम के वरीय नेता पीसी बड़ाईक ने नवगठित प्रखंड कमेटी को फर्जी करार देते हुए कहा कि जो कमेटी का गठन किया गया है, वो गलत तरीके से हुआ है और मुझे प्रखंड प्रभारी बनाया गया है जबकि इसकी कोई सूचना मुझे नहीं दी गयी है। नवगठित कमेटी में जो लोग शामिल हैं उन्हें मैं नहीं पहचानता हूं। उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी प्राप्त हुई कि 16 फरवरी को कमेटी गठन हेतु मीटिंग हुई है परतु ऐसी कोई मीटिंग नहीं हुई है और प्रभारी के तौर पर वे इस तथाकथित मीटिंग में उपस्थित नहीं थे।

पीसी बड़ाईक ने कहा कि वे जेएमएम के बहुत पुराने सिपाही रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष द्वारा उनकी बातों को नजरअंदाज किया गया है। पीसी बड़ाईक ने कहा कि वे इस कमेटी को मान्यता नहीं देंगे।

जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष निकोलस मुंडा ने नवगठित कमेटी का विरोध करते हुए कहा कि नवगठित कमेटी के चयन हेतु 16 फरवरी की बैठक की कोई जानकारी उन्हें और प्रखंड के कार्यकर्ताओं को नहीं दी गयी है और नवगठित कमेटी पूरी तरह फर्जी है। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को जो बैठक बुलायी गयी थी उसे स्थगित कर दिया गया था। निकोलस मुंडा ने गुमला जिलाध्यक्ष से बसिया के नवगठित कमेटी को भंग करने और पुनः पूरी पारदर्शिता के साथ प्रखंड कमेटी का गठन करने की मांग की है।

इस संबंध में जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष अलीम खान ने कहा कि पीसी बड़ाईक को प्रभारी बनाया गया है, परंतु उन्हें जानकारी नहीं थी और जिला कमेटी के निर्देश पर कमेटी का गठन किया गया है। वे इस संबंध में कल यानी बुधवार को जिला अध्यक्ष समेत पूरी कमेटी से मिलने वाले हैं। जिला कमेटी चाहे तो नवगठित कमिटी को भंग कर सकती है। इसके साथ ही अलीम खान ने स्वीकार किया कि वे जिला समिति के बिना निर्देश के अल्पसंख्यक और किसान मोर्चा का गठन किये हैं।

मालूम हो कि विगत दिनों बसिया प्रखंड जेएमएम कमेटी, अल्पसंख्यक मोर्चा और किसान मोर्चा का गठन किया गया है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण घायल

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थानांतर्गत कलिगा गांव में रांची-सिमडेगा मुख्य पथ पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोरेंग निवासी बाल गोविंद साहू उम्र लगभग 40 वर्ष, पिता शिव शंकर साहू घायल हो गया। जिसके बाद घायल को आनन-फानन में रेफरल अस्पताल बसिया पहुंचाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। इसके उपरांत मोरेंग पंचायत के कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष अखिल साहू और कलिगा निवासी ग्रामीण सुनील साहू ने कहा कि 108 एंबुलेंस को कई बार फोन करने पर भी जब वह नहीं आया तो टेंपों से घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। घायल के परिजन एवं कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि हॉस्पिटल में सरकारी एंबुलेंस नहीं होने से प्राइवेट एंबुलेंस से रांची ले जाना दुखद है।

## प्रखंड कार्यालय परिसर में बने पुस्तकालय के संचालन को लेकर बीडीओ ने की बैठक

> बीडीओ- सीओ ने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पुस्तकालय की महत्ता की जानकारी देने का किया आग्रह



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बने पुस्तकालय के संचालन हेतु मंगलवार को बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने बैठक की। बैठक में शिक्षाविद् एवं प्रखंड के कर्मी मौजूद रहे। इस दौरान पुस्तकालय के संचालन को लेकर गहन चर्चा की गई। जिसमें बीडीओ व सीओ ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पुस्तकालय की महत्ता की जानकारी दें क्योंकि यह घाघरा के लिए नया है। इसलिए हम सभी को शुरुआती दौर में मेहनत करने की जरूरत है। विद्यार्थी एक बार लाइब्रेरी में बैठकर अध्ययन करना शुरू कर दें, जिसके बाद विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल है। लाइब्रेरी में हर वह सुविधा उपलब्ध होगी जिससे विद्यार्थी ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन भी तैयारी कर सकते हैं।

यहां बता दें कि 15 मार्च तक लाइब्रेरी को शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही यह भी बताया कि प्रोजेक्टर के माध्यम से आईएएस व आईपीएस अधिकारियों के द्वारा भी समय समय पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रशासन के द्वारा उठाये गये इस कदम को अनिरुद्ध चौबे व विपिन बिहारी सिंह के अलावे कई शिक्षाविदों ने सराहनीय बताया है और कहा है कि यह घाघरा के विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रशासन के द्वारा उठाये गये इस कदम को हम घाघरा वासी कभी थमने नहीं देंगे।

**हाथी का उत्पात :** ओल्मुण्डा पंचायत के असरो पहानटोली, रेडवा पोढ़ा सहित आसपास के क्षेत्र में जंगली हाथी के आने से दहशत का माहौल

# झुंड से भटके एक जंगली हाथी ने कई घरों को पहुंचाया नुकसान

> जंगली हाथी ने घरों को ध्वस्त कर अनाज भी खाकर कर दे रहा है बर्बाद
>
> घटना की जानकारी मिलने पर वनरक्षियों ने नुकसान का मुआयना करने गांव पहुंचे







आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** ओल्मुण्डा पंचायत के असरो पहानटोली, रेडवा पोढ़ा सहित आसपास के क्षेत्र में सोमवार रात जंगली हाथी के आने से दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया।

दहशत के कारण कई गांवों के लोग आधी रात को उठकर हाथी को देखने और भगाने का प्रयास करते रहे। मंगलवार सुबह भी सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पहाड़ों पर चढ़कर झुंड से भटके एक जंगली हाथी को भगाने का प्रयास किया, किन्तु हाथी आसपास के झाड़ियों व जंगल में भटकता रहा। जंगली हाथी के कारण लोगों में भय व दहशत का माहौल बना है। उक्त हाथी ने सोमवार रात कई घरों को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज को बरबाद कर दिया।

वहीं पहानटोली गांव में बीती रात तीन बजे के करीब झुंड से बिछड़े हाथी ने गांव के बिरसा खड़िया, केश्वर खड़िया, जानो देवी के मिट्टी के बने घर को क्षतिग्रस्त किया और घरों में रखे धान को बरबाद कर दिया।

वहीं जंगली हाथी द्वारा असरो चट्टाईनटोली के चरण लोहरा, यशोदा देवी, जसमति देवी के घरों को भी क्षतिग्रस्त किया है।

बिरसा खड़िया के घर के जिस हिस्से को हाथी ने ध्वस्त किया, उसके अंदर परिवार के पांच लोग उर्मिला कुमारी, शनियारो कुमारी, रेशमी केरकेट्टा, जयमा टेटे व डेढ़ साल की बच्ची सोनी कुमारी सोये हुए थे। मिट्टी की दिवाल के नीचे दबने से उर्मिला कुमारी को पैर-कमर में चोट लगी है।

घटना की जानकारी मिलने पर वनरक्षी सुनील उरांव व वनरक्षी पीटर बाड़ा नुकसान का मुआयना करने गांव पहुंचे।

वहीं उन्होंने जंगली हाथी से लोगों को दूर रहने और उकसाने से बचने की अपील की।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को किया गया जागरूक



**भरनो (आजाद सिपाही)।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भरनो प्रखंड के झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा ग्राम पंचायत तुरिअम्बा में ग्राम स्तर पर डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बीच कास्टर कॉर्डिनेटर बिंदिया कुमारी एवं प्रदीप सारंगी के द्वारा वित्तीय समावेशन डिजिटल लेन-देन, बीमा ड्यूल एथोटिकेशन पर समूह की दीदियों को जानकारी दी गयी। साथ ही येफेल ट्रेनर बैंक सखी हिना प्रवीण ने कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़कर प्रखंड के सभी गांव और पंचायत में बैठक कर डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि एसएचजी का खाता एवं व्यक्तिगत खाता को लेन-देन चालू रखने, उन्हें एनपीए ना होने दे और सभी कोई जीवन बीमा अवश्य करायें, ताकि और कम ब्याज पर ऋण संबंधी विशेष जानकारी दी गयी। मौके पर सीसी बिंदिया कुमारी, सीसी प्रदीप सारंगी, हिना प्रवीण, गीता देवी, कविता कुमारी सहित स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं मौजूद थीं।

## अगलगी से पीड़ित टाना भगत परिवार को बीडीओ ने राहत सामग्री उपलब्ध करायी



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बीती शनिवार रात बरगांव डुंगरीटोली गांव के टाना भगत परिवार के घर में लगी आग में पूरा घर व सामान जलकर बरबाद हो जाने के पश्चात मंगलवार को बीडीओ सुनीला खलखो ने प्रखंड कार्यालय में पीड़ित परिजनों को छह कंबल, छह साड़ी, महीने भर का राशन व राहत सामग्री सहित परिवार के एक महिला जानो टाना भगत (62) का पेंशन पीपीओ उपलब्ध कराया। बीडीओ ने कहा कि उक्त परिवार में 67 वर्षीय मदरु टाना भगत वृद्ध हैं। वहीं एक सदस्य एतवा टाना भगत विकलांग हैं और इनका विकलांगता प्रमाण पत्र भी बना हुआ है, लेकिन दोनों का आधार और बैंक खाता नहीं रहने के कारण इनका पेंशन नहीं बन सका है। जल्द ही पेंशन से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों को बनवाकर दोनों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। वहीं परिवार को बाबा साहेब अंबेडकर आवास योजना का भी लाभ दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं बीडीओ के द्वारा पंचायत की मुखिया सुनीता देवी व पंचायत सचिव संत कुमार साहु को परिवार के दोनों सदस्यों का आधार कार्ड और बैंक खाता खुलवाने व पीड़ित परिवार को किसी प्रकार का परेशानी न हो इसका ध्यान रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख मीना देवी, लिपिक नूतन कुमारी सहित अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## बीडीओ ने प्रखंड सभागार में आयुष्मान कार्ड एवं टेलीमेडिसिन को लेकर की बैठक



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में आयुष्मान कार्ड, टेलीमेडिसिन संबंधित बैठक बीडीओ डॉ. शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में जिला ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमर हार्डमारे, सीएससी मैनेजर रंजन नंदा, अभिषेक कुमार राय मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित प्रखंड के मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, प्रज्ञा केंद्र संचालकों को आयुष्मान कार्ड, टेलीमेडिसिन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सीएससी मैनेजर अभिषेक कुमार राय ने आयुष्मान कार्ड के बारे में बताया कि सरकार के द्वारा पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनाया जाता है, जो किसी भी राशन कार्डधारी का बनना है। जिनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है उनका ई-केवाईसी कराना है। सीएससी मैनेजर रंजन नंदा ने टेलीमेडिसिन के बारे में बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने नजदीकी सीएससी सेंटर जाकर किसी भी प्रकार की दवा चाहे वो आयुर्वेद हो या एलोपैथ हो अपने घर मंगा सकते हैं और डॉक्टरों से भी अपनी बीमारी के बारे में घर बैठे बात कर सकते हैं। बैठक में बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह ने सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को कड़ी फटकार लगायी। साथ ही कुछ प्रज्ञा केंद्र के लाइसेंस को रद्द करने की भी बात कही। साथ ही सभी को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने पंचायत भवन में बैठ कर लोगों की समस्या का समाधान करें और अधिक से अधिक लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलायें। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कांति कुमारी, चैनपुर बीपीआरओ राम कुमार यादव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी हुलेश प्रसाद, बेन्दोरा पंचायत मुखिया सुशील दीपक मिंज, रामपुर मुखिया दीपक खलखो के साथ प्रखंड के सभी मुखिया एवं प्रखंड के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालक उपस्थित थे।

## घाघरा पुलिस ने प्रखंड मुख्यालय के पांच जगहों पर क्यूआर कोड चिपकाया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस के द्वारा क्यूआर कोड बेस्ट बीट पुलिसिंग के तहत प्रखंड मुख्यालय के पांच जगहों पर क्यूआर कोड चिपकाया गया। इस दौरान थानेदार अमित कुमार चौधरी, एसआई अभिषेक कुमार ने चांदनी चौक, देवाकी बाबा धाम मंदिर, एसएस हाई स्कूल के सामने, एचडीएफसी एटीएम बाजार मोड़, पुराना पेट्रोल पंप में क्यूआर कोड चिपकाया गया। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी ने बताया कि जिस जगह पर क्यूआर कोड चिपकाया गया है उस जगह पर पुलिस के पदाधिकारी गस्ती के दौरान क्यूआर कोड को स्कैन करेंगे जिससे पदाधिकारी के रियल टाइम लोकेशन को मुख्यालय में देखा जाएगा। जिससे यह पता चल पाएगा कि पुलिस के पदाधिकारी वास्तव में उक्त स्थल पर गए थे या नहीं। यहां बता दें कि जिन जिन जगहों पर क्यूआर कोड चिपकाया गया है वैसे जगहों पर पुलिस की गतिविधि बढ़ेगी क्योंकि दिन में कम से कम तीन बार पुलिस के पदाधिकारी को अपने मोबाइल से क्यूआर कोड को स्कैन करना है।

## जिला योजना समिति ग्रामीण के लिए 13 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

# निर्वाचित सदस्यों को पीठासीन अधिकारी ने दिया प्रमाण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ग्रामीण क्षेत्र से जिला योजना समिति-2023 के सदस्यों का निवार्चन प्रक्रिया आज पलामू समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में संपन्न हुआ। जिला योजना समिति (ग्रामीण) के लिए कुल 13 सदस्यों के निवार्चन हेतु 13 अभ्यर्थियों ने अपना नाम निर्दिष्ट किया। इसके उपरांत सभी 13 अभ्यर्थियों को पीठासीन अधिकारी-सह-जिला पंचायत राज पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह द्वारा निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की गयी। साथ ही निर्वाचित सभी योजना समिति सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया गया। सभी निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों में खुशबू कुमारी, सुदामा प्रसाद, रिंकी कुमारी, विजय कुमार, अरविंद सिंह, जय शंकर कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, अमित कुमार जायसवाल, संजू देवी, फजायल अहमद, आलोक कुमार सिंह, रामलव प्रसाद एवं माया कुमारी शामिल हैं। निर्वाचन के मौके पर पीठासीन अधिकारी-सह-जिला पंचायत राज पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह सहित जिप अध्यक्ष निवार्चन प्रक्रिया में अजय पांडेय, विनोद कुमार गुप्ता, रामलखन राम, संजय प्रसाद, राजन बाख्ला आदि ने सहयोग किया।



## पूजा पद्धति से बच्चों में संस्कार आती है : बचन ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी (पलामू)।** पांकी प्रखंड अंतर्गत माड़न पंचायत के अहीरगुरहा मे आदि फूड्स सरना समाज ने आठवाँ स्थापना दिवस सरनास्थल मे झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पहुंचे पांकी विधायक डां शशिभूषण मेहता के निजी सचिव प्रो. बच्चन ठाकुर ने कहा प्रकृति के बीच रहने वाले लोग प्रकृति की पूजा करते है। सरना समाज के लोग प्रकृति की पूजा कर झंडा के प्रति आस्था प्रकट करते हैं। जा पद्धति सही रहे तो बच्चों मे संस्कार आती है। संस्कार के बगैर अच्छे समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है।

## समाजसेवी ने निजी खर्च से नहर की सफाई कर नालियों के पानी का कराया निकासी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** शहर के युवा समाजसेवी सह नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी जानु चौधरी ने नगर पंचायत क्षेत्र के अररुआ कला ग्राम में अपने निजी खर्चों से भरे पड़े नहर की जेसीबी मशीन से सफाई कराते हुए कई घरों के नालियों के पानी का निकास कराया। उन्होंने बताया कि महीनों से उक्त स्थल पर कई घरों के नालियों के पानी का जमाव हो जाने से ग्रामीणों और राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिस वजह से मोहल्ले में हमेशा आपसी विवाद की स्थिति बनी रहती थी। जिसकी जानकारी ग्रामीणों के द्वारा मिलने पर उक्त भरे पड़े नहर की सफाई कराकर जल निकासी सुनिश्चित कराया। साथ ही आवागमन के ऊबड़ खाबड़ रास्ते को मिट्टी भराई कर समतल कराया।मौके पर मौजूद लोरिक पासवान, राजकुमार पासवान, अनील पासवान,महेन्द्र पासवान, शिक्षक नवनीत कुमार,राजेश पासवान, मंगरू पासवान,बबलु कुमार, राजन पासवान सहित कई ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए जानु चौधरी की सराहना की। बता दें कि बीते कोरोना काल में भी जानु चौधरी के द्वारा सैकड़ों गरीबों को भोजन,वस्त्र और जरूरी सामानों का निःशुल्क वितरण भी किया जा चुका है। जबकि वे जरूरत मंद गरीबों की मदद को लेकर हमेशा तत्पर रहते हैं।

## निजी आइडी से अवैध ई-रेल टिकट का धंधा करने के आरोपी को किया गिरफ्तार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आरपीएफ जपला की टीम ने अवैध ई -टिकट की बिक्री करने वाले छतरपुर निवासी रितेश कुमार सिंह की छतरपुर स्थित ओम फोटोस्टेट एवं डिजिटल स्टूडियो में छापामारी की। छापामारी के दौरान उक्त व्यक्ति को अवैध ढंग से निजी यूजर आईडी का उपयोग कर ई टिकट बनाने का खुलासा हुआ। रितेश कुमार सिंह की दुकान से एक लैपटॉप, एक एचपी लेजरजेट प्रिंटर, वन प्लस मोबाइल फोन, भविष्य के 6929 रुपये के सात टिकट, 24 नम्बर अतीत के ई रेल टिकट 26,881 रुपये के व दो पर्सनल यूजर आईडी जब्त किया गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर निशांत कुमार ने बताया कि आरोपी रितेश कुमार सिंह को जब्त सामानों के दस्तावेज के साथ रेलवे कोर्ट डाल्टनगंज भेज दिया गया है। छापामारी दल में आरपीएफ के निशांत कुमार, एचसी अनवर हुसैन, एजाज खान, विजय कुमार सिंह, अबरार रफीक, एएसआई अनिल कुमार चौधरी आदि लोग शामिल थे।

## केतात हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** केतात में हो रहे मनोकामना सिद्धपीठ पंचमुखी हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर जल यात्रा गाजेबाजे के साथ निकाली गयी। जो जय श्रीराम, जय हनुमान के जय घोष से पूरा इलाका गुंजायमान हो गया। यह कलश यात्रा केतात से निकल कर बीमोड़ होते हुए रेहला कोयल नदी में पूजा अर्चना के बाद कलश में जल भर कर पुनः केतात यज्ञ स्थल में आकर समाप्त हो गयी। इस कलश यात्रा में घोड़े और रथ आकर्षक का केन्द्र था। यात्रा के समय डंडिला खुर्द गांव के मोड़ पर नवयुवक संघ डंडिला खुर्द के द्वारा यज्ञ करवा रहे जगतगुरु विष्णु विक्रम जी महाराज और साथ मे सभी जगतगुरुओं को माला पहना कर स्वागत किया गया ।तत्पश्चात सभी कलश यात्रियों को सरबत पानी पिलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार शुक्ला (गुड्डू),शशि भूषण शुक्ला, नंदलाल शुक्ला, ललन चौबे, विकास शुक्ला, छोटे शुक्ला, नीरज शुक्ला, लालबाबु शुक्ला, उमा शंकर पाण्डेय, मिथिलेश चौबे,सुशील शुक्ला, पवन शुक्ला, मनोज शुक्ला, आलोक शुक्ला, पुनीत शुक्ला, लकी शुक्ला, आर्यन शुक्ला, वरुण शुक्ला और सभी शुक्ला परिवार उपस्थित थे।

## विधायक व नगर अध्यक्ष ने किया अनुमंडल मैदान जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास

# एकजुटता से होगा हुसैनाबाद का सर्वांगीण विकास : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास विधायक कमलेश कुमार सिंह , नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार व नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया।इस मैदान का जीर्णोद्धार का कार्य तकरीबन 70 लाख की राशि से किया जाएगा। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद का अनुमंडल मैदान खेल के साथ साथ विभिन्न आयोजनों के लिए काफी उपयोगी है। इसे बचाना सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद में विकास के कार्यों के लिए वह हमेशा आगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान के जीर्णोद्धार के साथ साथ विधायक कोटा की राशि से बड़ा स्टेज का निर्माण भी कराया जायेगा। जिससे किसी भी कार्यक्रम को कराने में परेशानी नहीं हो। उन्होंने संवेदक से बेहतर कार्य करने की हिदायत दी। नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि उनका लक्ष्य हुसैनाबाद शहर को विकास के मामले में अग्रणी बनाना है। उन्होंने कहा कि जल्द ही हुसैनाबाद शहर नए रूप में दिखने लगेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, विनय पासवान, पप्पू सिंह, रत्न लाल, हाजी अब्बास अंसारी, खयालु खान, अभय कुमार सिंह उर्फ टुन्ना सिंह, विमलेश सिंह, अप्पू सिंह, महेंद्र सिंह, हंसराज सिंह, चिराग पासवान, राजेंद्र पाल, जीसान हसन, रहमान राइन समेत कई लोग मौजूद थे।



## राज्य नहीं, जन गोष्ठी आधारित सामाजिक आर्थिक इकाई का वैधानिक अधिकार चाहिए : मगही समाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कचहरी में जिला परिषद कार्यालय के सामने प्रगतिशील मगही समाज की ओर से मगध जो प्राचीन काल से गौरवशाली एवं समृद्धशाली जनगोष्ठी रहा है, इसे स्वतंत्र सामाजिक आर्थिक इकाई का वैधानिक दर्जा देने की मांग को लेकर धरना दिया गया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी के माध्यम से गृह मंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को मांग पत्र भेजा गया। धरना को संबोधित करते हुए समाज के सचिव जगदीश सिंह ने कहा कि मगध अपने आप में पूर्ण आत्मनिर्भर सामाजिक आर्थिक इकाई (जन गोष्ठी) है। जिसकी अपनी भाषा,अपनी संस्कृति, अपना इतिहास, नक्ष, भौगोलिक स्थिति, और भावनात्मक विरामत है। जिसे आज तीन राज्य यथा बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्य का बलरामपुर जिला में विभक्त कर दिया गया है। यह कृत्य पूर्ण रूप से प्रकृति विरोधी है। क्योंकि जन गोष्ठी पूरी तरह से प्राकृतिक व्यवस्था और प्राकृतिक संरचना होता है। प्रकृति ने मगध को पूर्ण आत्मनिर्भरता के लिए अपार संसाधन उपलब्ध किया गया है, अगर मगध के पूरे भू भाग को एकीकृत कर इसे स्वतंत्र सामाजिक आर्थिक इकाई का वैधानिक अधिकार मिल जाय तो यहां शत प्रतिशत स्थानीय रोजगार सृजन होगा। पूंजीवादी व्यवस्था के शोषण जाल से मुक्ति मिल जाएगी। इसकी अपनी मातृभाषा और संस्कृति प्रस्फुटित हो उठेगा, जिससे सामाजिक सौहार्द बढ़ेगा, और अपराध, भ्रष्टाचार, अपसंस्कृति पर विराम लगेगा। समाज के संरक्षक विश्वनाथ सिंह ने कहा कि भारत के लोग अब अपने- अपने जन गोष्ठी में जन गोष्ठी आधारित व्यवस्था के लिए जागरूक होने लगे हैं।



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।
पत्रांक....................../ हुसैनाबाद, दिनांक ....................../

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**WRD/MID/HUSSAINABAD/ F2-34/2022-23** जिसका **PR No.-290388 Minor Irrigation (22-23)#D** है, के **NIT** के प्रकाशन की तिथि जो कि 22.10.2022 था, उसे 15.02.2023 समझा जाए।
निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।
सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।

PR 290781 Minor Irrigation (22-23)D
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

# स्वस्थ्य और सुरक्षित जीवन के लिए जरूरी है पौधरोपण : कौशल

## पर्यावरणविद एवं मुखिया ने विवाह के रस्म मटकोड़वा पर पौधरोपण कर वर- वधु को आशीर्वाद स्वरूप समर्पित किया पौधा

**भगवान शिव स्वरूप पेड़ पौधों लगाने से जीवन में नहीं पड़ेगी ऑक्सीजन सिलेंडर लेने की जरूरत : मुखिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** यूपी सोनभद्र जिले के कोन में एक विवाह समरोह में शामिल होकर मटकोडवा स्थल पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड का बारहमासी आम पौधा लगाया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। वहीं उन्होंने वर- बधू को आम व कपूर का पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत इस विवाह से पहले भी उन्होंने आम के पौधे लगाए थे जो अभी फल फूल दे रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को जीवन के हरेक महत्वपूर्ण मौके पर पौधरोपण कर उसे यादगार बनाना चाहिए। इससे जीवन और पर्यावरण दोनों की रक्षा होती है। उन्होंने लखनऊ के मनोज गुप्ता की पुत्री रिया और यूपी के बीपीएसए संस्था के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल के पुत्र चंद्र गोपाल के विवाह समारोह में शामिल होकर वर वधु को पौधों के साथ आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और समृद्ध जीवन की कामना की। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि पर्यावरण धर्म के आठ मूल्य ज्ञान मंत्रों के तहत पहला मूल मंत्र में कोई भी शुभ कार्यों पर पौधा को लगाना एवं दान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि घर में सदस्यों की संख्या बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए व प्रकृति के संरक्षण और सम्वर्द्धन के लिए वृक्षों की संख्या भी बढ़नी चाहिए। क्योंकि पेड़ पौधा को हमारे भारतीय संस्कृति में भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है। उक्त कार्यक्रम के प्रमुख लोगों में लखनऊ के विजय गुप्ता, अनुज गुप्ता, रेखा देवी, अनिल गुप्ता रामभरो प्रसाद, रीता देवी, अनुराधा देवी, शानू देवी, रितिका रावटसगंज भाजपा विधायक भूपेश चौबे, धीरज पांडेय, जवाहर पासवान, नंद गोपाल, वर्षा रानी, अंजनी देवी, यसवाल, डॉअभिषेक, सुभाष प्रसाद, नन्हक चंद्र, नंदकिशोर, प्रदीप, अजय,पलामू सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, प्रदीप प्रसाद, कार्तिक प्रसाद, गीता देवी, कल्पना देवी, चिंता देवी, रामजी प्रसाद, संजय ,सरोज,सूरज कुमार, पंकज कुमार, रॉकी कुमार, विकास कुमार, पूर्णिमा कुमारी भी शामिल थे।



अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–अनुमण्डल दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी।
(नजारत शाखा)
प्रेस विज्ञप्ति

त्रिस्तरीय पंचायत (आम) चुनाव–2022 के लिए अधिग्रहित वाहन का किराया भुगतान किया जाना है, जिसके लिए वाहन का लॉग बुक, बैंक खाता विवरणी एवं आधार कार्ड का छायाप्रति आवश्यकता है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सभी संबंधित वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि चुनाव कार्य में प्रयुक्त वाहन का लॉग बुक, बैंक खाता विवरणी एवं आधार कार्ड दिनांक 26.02.2023 तक अनुमण्डल कार्यालय, खूँटी के नजारत शाखा में जमा करना सुनिश्चित करेगें। लॉग बुक, बैंक खाता विवरणी एवं आधार कार्ड जमा नहीं करने की स्थिति में राशि का भुगतान नहीं होने पर वाहन मालिक स्वंय जिम्मेवार होगें।

ह0/–
अनुमण्डल पदाधिकारी,
खूँटी।

PR 290817 District(22-23)D

## 6 मार्च को होली मिलन समारोह में राजद के कई बड़े नेता होंगे शामिल : महेंद्र यादव

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के मोतीराज महिला कॉलेज परिसर में मंगलवार को राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव के अध्यक्षता में प्रखण्ड इकाई की बैठक हुयी।बैठक में आगामी 6 मार्च को स्थानीय राधा कृष्ण मैदान में 11 बजे दिन से शाम 6 बजे तक पार्टी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को सफल बनाने पर चर्चा हुयी। होली मिलन समारोह के बतौर मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव तथा विशिष्ट अतिथि पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम, प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, अनुसूचित जाति के जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू भुईयां सहित राजद के कई वरीय नेता शामिल होंगे।वही प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव ने कार्यकताओं सहित आम लोगों से समारोह को सफल बनाने की अपील की।

# सड़क निर्माण कार्य में लगे मिक्सचर मशीन और ट्रैक्टर को नक्सलियों ने किया आग के हवाले

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू ।** मनिका थाना क्षेत्र के रांकी कला गांव में मंगलवार को नक्सलियों ने मंगलवार को दिनदहाड़े सड़क निर्माण कार्य में लगे मशीन और ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों ने सड़क निर्माण का कार्य बंद करने की धमकी भी दी है। घटना में शामिल नक्सलियों ने खुद को टीपीसी से जुड़ा बताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना लगभग दोपहर 2:00 बजे की है। मोटरसाइकिल पर सवार होकर नक्सली मंगलवार की दोपहर रांकी कला के पास सड़क निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे और मजदूरों को धमकी देकर कार्य बंद करा दिया। वही मौके पर काम में लगे मिक्सर मशीन और ट्रैक्टर में आग लगा दी। जाने के पहले उन्होंने संगठन से आदेश नहीं मिलने तक काम बंद रखने का निर्देश देते हुए घटना को अंजाम देकर चलते बने। यह सड़क रांची रोड दुलसुलमी से केड़ तक बनाई जा रही है। इधर सूचना मिलते ही पहले सतबरवा पुलिस उसके बाद मनिका पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और अनुसंधान शुरू कर दिया। इस दौरान मौके पर उपस्थित ठेकेदार और मनिका थाना प्रभारी राणा प्रताप सिंह के बीच तू तू मैं मैं भी हुआ। साथ ही ठेकेदार और कुछ पत्रकारों का मोबाइल भी पुलिस द्वारा छीन ली गयी। बाद में वीडियो और फोटो डिलीट करने की शर्त पर पत्रकारों का मोबाइल लौटा दिया गया। वही सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा कि जितना बनेगा अनुसंधान में मदद करेंगे।



### क्या कहते है थाना प्रभारी

मनिका थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना को अंजाम नक्सलियों ने दिया है या अपराधियों ने इसका जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

## बराही धाम में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के चर्चित बराही धाम परिसर में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम मंगलवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर उतर प्रदेश, बिहार, झारखंड के भोजपुरी लोक गायिका गायक,करिश्मा राठौर, कंचन सिंह, अंकित सिंह, धर्मेन्द्र धाकड़, राजन रसीला व तिरुपति बालाजी के कलाकारों की धूम रही। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में पहुँचकर शिव मंदिर में जलाभिषेक पूजा अर्चना की पूरा तीन दिन हर हर महादेव के जयघोष से पूरा पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा,वही जागरण कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा एक से बढ़ कर एक भजनों की अमृत वर्षा से पूरा परिसर में उमड़ी भीड़ झूमते नजर आए।कार्यक्रम का शुभारंभ एनसीपी के वरीय युवा नेता सूर्या सोनल सिंह, शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मप्रेमी व समाजसेवी रंधीर कुमार सिंह , समाजसेवी आकाश श्रीवास्तव, प्रिंस सिंह, जितेंद्र सिंह ,अयोध्या सिंह टिकैत बिहार उत्तर प्रदेश के चर्चित एंकर रवि कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।साथ ही रंधीर कुमार सिंह ने सभी कलाकारों व अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।मौके पर सूर्या सोनल सिंह ने कहा कि बराही धाम को और भी बेहतर तरीके से डेवलप किया जाएगा।जिससे क्षेत्र का नाम पूरे देश विदेश में रौशन हो।मौके पर रंधीर सिंह ने कहा की बराही धाम धार्मिक स्थल के साथ पर्यटक स्थल के रूप में क्षेत्र के लोगों के सहयोग विकसित किया जा रहा है आने वाले समय मे बराही धाम पलामू के साथ साथ झारखंड राज्य में एक अलग पहचान होगी। मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में बराही धाम समिति के सभी सदस्य काफी सक्रिय थे।



उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह
(अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा गिरिडीह)
ई-मेलः- dwo.giridih@gmail.com

आवश्यक सूचना

प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना वर्ष– 2022–23 हेतु आवेदन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना।

ऑनलाईन आवेदन करने की समय सीमाः–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही प्रारम्भ होने की तिथि | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 21.02.2023 | 06.03.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 10.03.2023 | 17.03.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 10.03.2023 | 18.03.2023 |

नोट :– आवेदन करने की प्रक्रियाः– बेबसाइट https://ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
गिरिडीह

PR 290783 Welfare (22-23)_D

कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, रॉंची

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 100/22–23

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 27/02/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 28/02/2023 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 28/02/2023 को 1.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉंची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | झारखण्ड विधान सभा अध्यक्ष आवास एवं झारखण्ड लोक सेवा आयोग कार्यालय भवनों में अधिष्ठापित स्पलीट एवं विन्डो टाईप वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 4,25,937=00 | 9,000=00 | 750=00 | एक वर्ष |
| 2. | व्यवहार न्यायाल, लोहरदगा के विभिन्न भवनों में कम्प्युटर वायरिंग, एल0ई0डी स्मार्ट टी0वी0, विडियो कॉन्फ्रेन्सन ए0 सी0 प्वाईट में मरममति एवं टयूब लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 3,91,521=00 | 8,000=00 | 750=00 | 14 दिन |

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची

PR 290892 Energy (22-23)_D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 22 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## नगर निगम आयुक्त को फुटपाथ दुकानदार संघ सिटी सेंटर ने सौंपा ज्ञापन



धनबाद (आजाद सिपाही)। मंगलवार को नगर आयुक्त धनबाद को सिटी सेंटर के समीप ही जगह चिंहित कर स्थान उपलब्ध करवाने के संबंध में फुटपाथ विक्रेता संघ, सिटी सेंटर ने ज्ञापन सौंपा। फुटपाथ विक्रेता संघ को समर्थन दे रहे युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा सिटी सेंटर के फुटपाथ दुकानदारों के परिवारों का जीवन यापन बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, बिजली का बिल, मकान का भाड़ा एवं अन्य कार्य सिटी सेंटर के समीप उनके ठेले खोमचो से चलती है दूसरा और कोई रोजगार का साधन नहीं है जिससे वे अपने परिवारों का पेट भर सके। अचानक अतिक्रमण अभियान में हटाये गये फुटपाथ दुकानदार काफी समस्या में घिर गये हैं। महाजनों का बकाया एवं आगामी त्योहारों पर परिवार बच्चे कैसे त्यौहार मनायेंगे इनकी भी चिंता है। इस पर नगर आयुक्त इनके व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन करने की दिशा में विशेष ध्यान दें। फुटपाथ दुकानदार संघ सिटी सेंटर के समस्त दुकानदारों ने कहा जब फरवरी माह में अतिक्रमण हुआ था तो उन्हें आश्वासन दिया गया था कि फिर से उनके जीवन यापन के लिए उनको स्थान उपलब्ध कराया जायेगा किंतु इस दिशा में कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ज्ञापन सौंपने में फुटपाथ दुकानदारों को समर्थन दे रहे हैं युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के अध्यक्ष दिलीप सिंह, आजसू के नेता रतीलाल महतो, फुटपाथ दुकानदार रमेश, सरोज, गणेश यादव, गोपाल गुजर, कुंदन कुमार, मोहम्मद खुर्शीद, संजय कुमार, हबीब खान,किशोर वर्मा, अशोक कुमार,संजय कुमार, प्रमोद कुमार,गौतम दास, रोहन कुमार,गुड्डू रजवार, विकास कुमार, राहुल वर्मा, सुरेंद्र कुमार वर्मा, मो.एम. अंसारी समेत अन्य फुटपाथ दुकानदार शामिल थे।

## प्रबंधन के उदासीन रवैया एवं बैठक में अनावश्यक बिलंब के विरोध में धकोकस समर्थकों का प्रदर्शन



तेतुलमारी/ कतरास। जेबीसीसीआइ -11 की बैठक में प्रबंधन के उदासीन रवैया एवं बैठक के आयोजन में अनावश्यक बिलंब के विरोध में धकोकस के समर्थकों ने मंगलवार को कतरास एवं सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान समर्थकों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि आए दिन कोल कर्मियों की सुविधा प्रबंधन के इसारे पर काटी जा रही है, संडे एवं हॉलिडे तो आम बात हो गई है। अब भविष्य में मिलने वाली सुविधा से भी कर्मियों को बंचित रखने की योजना बनाने मे लगी हुई है। उनलोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि 11 वीं वेतन समझौता शीघ्र लागू करें अन्यथा जोरदार आंदोलन किया जायेगा। प्रदर्शन के बाद संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने कतरास व सिजुआ जीएम को ज्ञापन सौंपा। आंदोलन में के पी गुप्ता, राम रतन सिंह, अरविन्द कुमार, सुरेश महतो, प्रशांत नियोगी, नारायण राव सरठकर, उमेश सिंह, प्रेम शंकर मंडल, धर्मेंद्र पांडेय, लखन लाल महतो रामधारी कुमार आदि शामिल थे।

## जयप्रकाश चौहान के नेतृत्व में 'हाथ से हाथ जोड़ो' पदयात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



केंदुआ (आजाद सिपाही)। मंगलवार को केंदुआ-करकेंद नगर कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान के नेतृत्व में, हाजरा बस्ती मे हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला के सभी प्रखंड एवं नगर वार प्रतिदिन हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजित की जा रही है और इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी उक्त कार्यक्रम को जिला के सभी प्रखंड,नगर,वार्ड एवं पंचायतों में निरंतर प्रतिदिन हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। आगे श्री सिंह ने कहा कि देश में आज महंगाई और बेरोजगारी की समस्या से देश की जनता जूझ रही है, केंद्र सरकार ने देश में पेट्रोल,डीजल,रसोई गैस एवं खाद्य सामग्रियों के दामों में बेहताशा वृद्धि कर लोगों को कमर तोड़ने का काम किया है,देश में तानाशाही एवं नकारात्मक की राजनीति की जा रही है और जनता से जुड़े असली एवं ज्वलंत मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने का काम की जा रही है,कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य महंगाई,बेरोजगारी जैसे जनता से जुड़े महत्वपूर्ण ज्वलंत मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना है,कांग्रेस पार्टी देश में हिंसा को बर्दाश्त नहीं करेगी,देश को जाति और वर्ग में धर्म के नाम पर नफरत फैलाकर बांटने का काम कर रही है ,कांग्रेस पार्टी से सदैव देश हित में लोगों के लिए तत्पर और खड़ी रही है और आगे भी रहेगी,कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य देश में प्रेम भाईचारा सद्भावना बना रहें। आगे श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में केंद्र सरकार की विफलता के कारण देश में व्याप्त महंगाई और बेरोजगारी एवं जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दे जिसका निराकरण करने में केंद्र सरकार विफल रही है, कांग्रेस पार्टी उस विषय वस्तु के साथ-साथ केंद्र सरकार की विफलताओं को लोगों तक ले जाने का काम करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी, राम गोपाल भूमानिया, जावेद राजा, महेंद्र दुबे, मनोज सिंह, देवेंद्र कुमार,राजू दास, जय प्रकाश चौहान, अनु पासवान, अरविंद कुमार सैनी, प्रभाकर नोनिया, मोहम्मद शमशेर मोहम्मद कैफ महताब राहुल छोटू राज राजा मंगल कुंदन अरमान विक्की विजय पासवान तुलसी कुमार पवन बावरी दिनेश कुमार एवं सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मासस ने दिया एकदिवसीय धरना

# धोखरा-दामोदरपुर को बलियापुर में शामिल करने की मांग की



धनबाद (आजाद सिपाही)। मंगलवार को मासस के बेनर तले बलियापुर के दो पंचायत धोखरा पंचायत तथा दामोदरपुर पंचायत को बलियापुर प्रखंड मे शामिल करने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना रणधीर वर्मा चौक पर दिया गया। जिसमे दोनों ही पंचायत से भारी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल थे। मुख्य रूप से उपस्थित मासस के जिला अध्यक्ष बिन्दा पासवान ने कहा की धोखरा पंचायत को बलियापुर प्रखंड में शामिल करने की मांग बहुत ही पुराना है। जिसमे पंचायत के लोगों को धनबाद प्रखंड आने जाने मे बहुत ज्यादा दूरी तय करना पड़ता है जबकि धोखरा और दामोदरपुर का थाना बलियापुर पड़ता है। भौगोलिक दृष्टिकोण को देखते हुए अभिलंब इन पंचायतों को बलियापुर में शामिल किया जाना चाहिए। धरना कार्यक्रम के माध्यम से पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त कार्यलय जाकर मांग पत्र सौंपा। धरना की अध्यक्षता सत्येंद्र महतो एवं संचालन विश्वनाथ महतो ने किया।

**इनकी रही मौजूदगी:** धरना में मुख्य रूप से मासस केंद्रीय सचिव बबलू महतो, मायुमो केंद्रीय कार्य कारी अध्यक्ष जगदीश रवानी, जिला सचिव दिलीप कुमार महतो, मायुमो जिला सचिव राणा चट्टराज, साधु मंडल, गणेश महतो, मदन महतो, प्रमिला देवी, अर्चना देवी, भूपति महतो, हीरालाल महतो, सुनील महतो, विजय पासवान, राजेश बिरुआ, विजय मंडल, संजय महतो, मंतोश कुमार महतो, लक्खीराम राजवार, सुजीत गोराइ, राजू रवानी, राजेश दास, शिव प्रसाद महतो, मिहिलाल राजवार, कविता महतो, कल्पना देवी, शीतल दत्ता, सुनील महतो, अनिल महतो, अखिलेश महतो, दिनेश महतो, मुकेश महतो आदि थे।

## दुकानदारों को मुआवजा दिलाने का प्रयास करुंगी: रागिनी



धनबाद (आजाद सिपाह)। सोमवार को देर रात 11:30 बजे के करीब स्टील गेट स्थित सब्जी मार्केट में भीषण आगजनी में सब्जी विक्रेताओं एवं अन्य दुकानदारों के लाखों की संपत्ति जलकर स्वाहा हो गई। जिसकी सूचना उपरांत मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह स्टील गेट स्थित सब्जी मंडी पहुंची। जहां सब्जी विक्रेता से घटनाके संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जहां विक्रेताओं ने इस संबंध में बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बार-बार नशे की हालत में आग लगा दी जा रही है। जिसके कारण हमें हर बार आर्थिक नुकसान सहना पड़ रहा है यदि इस दौरान दुकान में कोई व्यक्ति होता तो उसके साथ अप्रिय घटना घट सकती थी। वहीं रागिनी सिंह ने घटना में पीड़ित सब्जी विक्रेताओं को पूर्ण भरोसा दिलाया कि वो नुकसान के संबंध में उनकी मांगों को लेकर राज्य सरकार एवं धनबाद अंचल अधिकारी को मामला संज्ञान में दे कर हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगी। साथ ही कहा की प्रशासन से मांग करूंगी कि रात में पुलिस गस्ति दल के द्वारा रोजाना गस्त बढाई जाए ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो।

## माइनप खदान को निरंतर चालू रखने के लिए नहीं मिली एनओसी, मजदूरों की बढ़ी चिंता



> कंपनी को बंद करने का बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा अभी तक किसी तरह का लेटर इश्यू नहीं किया गया है। फिलहाल फॉरेस्ट विभाग से एनओसी नहीं मिला है जिसके कारण काम बंद किया गया है। फॉरेस्ट विभाग से अनापत्ति पत्र मिलते ही काम चालू किया जायेगा।
>
> **एच आर मनीष झा**

> मजदूरों को आशंका है कि कंपनी बंद हो जाएगी । ऐसी बात नहीं है। वन विभाग का एनओसी नहीं मिलने से थोडी परेशानी है। प्रयास किया जा रहा है। एनओसी मिलने के बाद सभी मामले सामान्य हो जाएंगे।
>
> **पीयूष किशोर जीएम, बरोरा क्षेत्र**

कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल एरिया वन क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी अंतर्गत संचालित माइनप भूमिगत खदान को निरंतर चालू रखने के लिए फॉरेस्ट विभाग द्वारा एनओसी नहीं दिये जाने से कंपनी पर बंदी की लगभग तलवार लटक गयी है। कंपनी प्रबंधन भी अपना बोरिया विस्तर समेटने लगीं हुई है। यहां कार्यरत 350 मजदूरों का भविष्य दांव पर लग गयी है। अपना भविष्य को लेकर चिंतित मजदूरों को इसकी भनक लगते ही आंदोलन पर उतर आये। बंदी के खिलाफ मंगलवार को सुबह प्रथम पाली में काम को बंद कर धरना प्रदर्शन करने लग गये। मजदूरों के नेता महादेव कुमार का कहना है कि कंपनी प्रबंधन लगभग एक सप्ताह से बिना सूचना के सारा मशीन खदान से निकाल कर स्टोर में रख रहे हैं। चुकी 1000 मीटर तक माइंस चल चुका है। अब कोयला खनन के लिए ऑपरेशन शुरू होना था। लेकिन इससे पहले ही कंपनी काम बंद कर दिया। बताया जा रहा है कि फॉरेस्ट विभाग से बीसीसीएल एवं माइनप प्रबंधन को परमिशन नहीं मिल रही है। या लेने में दिलचस्पी नहीं ले रही है। जिसके कारण एक मार्च से कंपनी अपना काम को बंद करने की तैयारी में हैं। बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक पियूष किशोर की मौजूदगी में माइनप प्रबंधन के साथ जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम की वार्ता हुई थी। जिसमें कहा गया था कि फेस चालू होने के साथ ही मजदूरों को एचपीसी वेतन भुगतान के अलावा सभी सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। शुक्रवार को बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो पूरे बरोरा क्षेत्र का चक्का जाम कर देंगें। मौके पर महादेव कुमार, उपेन्द्र कुमार सोरेन, अजय किस्कू, सुभाष साव, मोची राम महतो, धनेश्वर महतो, घनश्याम महतो, सहदेव हेम्ब्र, प्रवेश कुमार, घनश्याम महतो, मिथुन कुमार , पवन बास्के, सहदेव हेंब्रम, दीपक किस्कू, प्रभाकर साव, नरेश किस्कू, मुचिराम महतो, हिरालाल महतो सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## राधा कृष्ण हरि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के कलश यात्रा में शामिल हुए पूर्व मंत्री उमाकांत रजक



चास (आजाद सिपाही)। चास प्रखंड के पंचायत बेलुंजा के बेलुंजा गांव नीचे कुल्ही मे छह दिवसीय श्रीश्री राधा कृष्ण हरि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं हरिनाम लीला कीर्तन का कलश यात्रा के साथ मंगलवार को शुरू हो गई। श्रीश्री राधा कृष्ण हरि मंदिर से 501 कुंवारी कन्याओं ने कलश लेकर दामोदर नदी चेचका धाम घाट गया, जहां पर आचार्य पंडित मुकेश कुमार उपाध्याय पंकज उपाध्याय प्रदुम्न शास्त्री ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलश का पूजा अर्चना कर संकल्पित किया गया। 501 कलश लेकर पुनः दामोदर से 8 किलोमीटर की दूरी नगर भ्रमण करते हुए पुण बेलुंजा हरी मंदिर पहुंचे। जहां पर कलश की स्थापना किया गया। अग्नि प्रज्वलित किया गया। अनुष्ठान शुरू होते ही बेलुंजा, पैलाडीह डुमरदाह, ब्राह्मण द्वारिका, सिंदूर पेटी, बिजुलिया आसपास गांव भक्तिमय वातावरण में बदल गया। कमेटी ने श्रद्धालुओं के बीच शरबत प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर आचार्य 108 पंडित मुकेश कुमार उपाध्याय, आचार्य पंकज उपाध्याय, गोवर्धन शास्त्री ,मेघ लाल शास्त्री के द्वारा संगीत मय श्रीमद् भागवत दशम स्कंध भागवत पाठ व कथा वाचन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कलश यात्रा मे शामिल होकर माथा टेक कर क्षेत्र की सुख समृद्धि और शांति के लिए ईश्वर से कामना किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान में मन मे आनंद एवं शांति मिलती है। मौके पर अध्यक्ष पंचम गोप,प्रकाश शर्मा,आशुतोष दुबे, बंकिम रजवार,अलका रजवार, मानिक रजवार, सोमनाथ दुबे, शांति राम मांजी, अंबुज माजी,गोपाल माजी, शक्ति माजी, पद्मान, नीमाई गोपाल, नेपाल माजी, रंजीत गोप, व्योमकेश तिवारी, मनोहर माजी, मोहर माजी,जोगी रजवार, भूपेन रजवार, बाघ अंबर रजवार,रंजीत माजी, रामदुलाल सिंह, आंनद गोप समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।


सं0सं0:-18/आरोप-01-45/2022
झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा डॉ0 राजीव श्रीवास्तव, चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मदनपुर, निरसा, धनबाद को सूचित किया जाता है कि सिविल सर्जन, धनबाद का पत्रांक-509 दिनांक-03.03.2022 के प्रतिवेदनानुसार विभागीय अधिसूचना सं0-1486(2) दिनांक-22.10.2009 के द्वारा आपको अतिरिक्त प्रा0 स्वा0 के0, मदनपुर, निरसा, धनबाद में पदस्थापित किया गया। वेतन पंजी के अनुसार वे आप अक्टुबर 2009 से अगस्त 2010 तक अतिरिक्त प्रा0 स्वा0 केन्द्र, मदनपुर, निरसा, धनबाद में कार्यरत रहे हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामु0 स्वा0 केन्द्र निरसा के पत्रांक-818 दिनांक-15.09.2010 के द्वारा सूचित किया गया कि आप दिनांक 28.08.2010 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं। इस तरह आप बिना सूचना के बारह वर्षों से अधिक समय तक सेवा से अनुपस्थित हैं।

झारखण्ड सेवा संहिता के नियम-76 के प्रावधानानुसार "जबतक कि किसी मामले की खास परिस्थितियों को देखते हुए, राज्य सरकार अन्यथा निर्धारित न करे, सरकारी सेवक, भारत में बाह्य सेवा को छोड़कर अन्यत्र छुट्टी के साथ या बिना छुट्टी के कर्त्तव्य से पाँच वर्ष तक लगातार अनुपस्थिति के बाद सरकारी नियोजन में नहीं रह जाता है।"

उक्त संदर्भ में आरोप पत्र (प्रपत्र 'क') गठित कर विभागीय पत्रांक-283(18) दिनांक-10.05.2022 के द्वारा आपसे स्पष्टीकरण पूछा गया, किन्तु आपका स्पष्टीकरण अप्राप्त रहा।

अतएव इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको निदेशित किया जाता है कि विभागीय प्रशाखा-18 से आरोप पत्र (प्रपत्र 'क') की प्रति प्राप्त करते हुए प्रपत्र 'क' के सापेक्ष आप अपना स्पष्टीकरण विभाग को दिनांक-28.02.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि क्यों नहीं सेवा संहिता के उक्त नियम के तहत उक्त अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कारवाई की जाय।

निर्धारित अवधि तक जवाब अप्राप्त रहने पर यह समझा जाएगा की इस संबंध में आपको को कुछ नहीं कहना है एवं तद्नुसार आपके विरूद्ध नियमानुसार अग्रेत्तर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

(विद्यानन्द शर्मा पंकज)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR290827 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23 (D)



कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ............... दिनांक .....................

अल्पकालीन कोटेषन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 04/2022-23

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में ग्रीष्मकालीन टैंकर द्वारा पेय जलापूर्ति हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा निबंधित इच्छुक संवेदक, अलग-अलग ग्रुप के लिए बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन दे सकते है। पानी वितरण हेतु नगर निगम क्षेत्र को 7 ग्रुप में विभक्त किया गया है। ग्रुप नं0 1 (वार्ड नं0 1 से 5), ग्रुप नं0 02 (वार्ड नं0 06 से 10) ग्रुप नं0 03 (वार्ड नं0 11 से 15) ग्रुप नं0 04 (वार्ड नं0 16 से 20), ग्रुप नं0 05 (वार्ड नं0 21 से 25), ग्रुप नं0 06 (वार्ड नं0 26 से 30) एवं ग्रुप नं0 07 (वार्ड नं0 31 से 35) प्रति टैंकर की क्षमता 3000 ली0 की होगी। दर के साथ प्रत्येक ग्रुप के लिए मो0 5,000/- (पाँच हजार रू0) का ड्राफ्ट (Non-Refundable) साथ संलग्न करना होगा। ड्राफ्ट नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से निर्गत होगा। साथ ही ट्रैक्टर का सभी कागजात तथा ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस की छाया प्रति देना होगा। जलापूर्ति की निर्धारित राशि अधिकतम 650/- (छः सौ पचास रू0) प्रति ट्रीप है। कोटेशन दिनांक 10.03.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है।

संवेदक को पानी वितरण का Log Book अधोहस्ताक्षरी द्वारा हस्ताक्षर कराकर कार्यालय में प्राप्त करेंगे एवं प्रतिदिन अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। आपूर्ति किये गये वार्डों के वार्ड पार्षद से भी आपूर्ति की तिथि एवं समय Log Book में अंकित कर हस्ताक्षर कराना आवश्यक होगा। संवेदक को पानी वितरण का GPS फोटो लगाना होगा। तथा निर्धारित सभी नियमों एवं शर्तों का पालन करना होगा। नगर निगम द्वारा किसी भी प्रकार का यंत्र-संयंत्र/कर्मी इत्यादि उपलब्ध नहीं कराया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को कभी भी किसी भी स्थिति में आपूर्ति आदेश रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। तथा किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। विपत्रों का भुगतान राशि उपलब्ध रहने पर ही किया जायेगा।

नोट :- निविदा संबंधी शर्त के लिए नगर निगम सूचना पट एवं सरकार के Website http//: udhd.gov.in के Notice पर अवलोकन किया जा सकता है।

ह0/-
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 290869 District (22-23)_D



कार्यालयः जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक "आत्मा" खूँटी

आम सूचना

खूँटी जिला के सभी किसान भाईयों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य मिशन निदेशक, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, झारखण्ड (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- दलहन) के पत्रांक 21 दिनांक 12.01.2023 तथा (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- तेलहन) के पत्रांक 02 दिनांक 03.01.2023 के आलोक में वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- दलहन एवं तेलहन योजनान्तर्गत अनुदानित दर पर वितरण हेतु विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र निम्न विवरणी अनुसार उपलब्ध है :-

योजना- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- दलहन (NFSM-Pulses)

| क्र. स. | उपकरण का नाम | अनुदान की राशि | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पावर नेपसेक स्प्रेयर, (एस0टी0/एस0सी0) | 50% or Rs. 3100/- | 26 |
| 2 | पावर नेपसेक स्प्रेयर (अन्य) | 40% or Rs. 2500/- | 17 |
| 3 | मनुअल स्प्रेयर (एस0टी0/एस0सी0) | 50% or Rs. 750/- | 48 |
| 4 | मनुअल स्प्रेयर (अन्य) | 40% or Rs. 600/- | 33 |
| 5 | रोटावेटर (एस0टी0/एस0सी0) | 50% or Rs. 42000/- | 01 |
| 6 | रोटावेटर (अन्य) | 40% or Rs. 34000/- | 01 |
| 7 | मल्टीक्रॉप थ्रेसर (एस0टी0/एस0सी0) | 50% or Rs. 100000/- | 01 |
| 8 | मल्टीक्रॉप थ्रेसर (अन्य) | 40% or Rs. 80000/- | 01 |
| 9 | साधारण हल (ट्रैक्टर चालित) (अन्य) | 40% or Rs. 8000/- | 01 |
| 10 | स्प्रिंकलर सेट (प्रति हे0) | Rs. 19542/- to 21901/- | 01 |
| 11 | पम्पसेट | 50% or Rs. 10000/- | 40 |
| 12 | पाईप | 50% of the cost limited to Rs.50/- per meter for HDPE pipes Rs. 35/- per meter | 257 m. |
| 13 | मोबाईल रैनगन (प्रति हे0) | Rs. 28681/- to 34513/- | 01 |
| 14 | थ्रेसिंग फ्लोर | 57500.00 | 3 |

योजना- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- तेलहन (NFSM- Oil Seed)

| क्र. स. | उपकरण का नाम | अनुदान की राशि | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पावर ऑपरेटेड स्प्रेयर (एस0टी0/एस0सी0) | 50% or Rs. 3800/- | 19 |
| 2 | पावर ऑपरेटेड स्प्रेयर (अन्य) | 40% or Rs. 3000/- | 09 |
| 3 | मनुअल स्प्रेयर (एस0टी0/एस0सी0) | 50% or Rs. 750/- | 26 |
| 4 | मनुअल स्प्रेयर (अन्य) | 40% or Rs. 600/- | 12 |
| 5 | रोटावेटर (एस0टी0/एस0सी0) | 50% or Rs. 42000/- | 04 |
| 6 | रोटावेटर (अन्य) | 40% or Rs. 34000/- | 02 |
| 7 | स्प्रिंकलर सेट (प्रति हे0) | Rs. 19542/- to 21901/- | 03 |
| 8 | पम्पसेट | 50% or Rs. 10000/- | 26 |
| 9 | पाईप | 50% of the cost limited to Rs.50/- per meter for HDPE pipes Rs. 35/- per meter | 544 m. |

इच्छुक कृषक आवश्यकता अनुसार कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु अपना आवेदन **(आधार कार्ड, जमीन की अद्यतन रसीद, मुखिया/वार्ड से सत्यापित वंशावली, अद्यतन रंगीन पासपोर्ट साईज का 01 फोटोग्राफ एवं बैंक खाता की विवरणी के साथ)** कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र कार्यालय से कार्यालय अवधि में अथवा अपने प्रखण्ड के बी0टी0एम0/ए0टी0एम0 से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। कृषि यंत्रों का वितरण **"पहले आओ, पहले पाओ"** के तर्ज पर किया जाएगा। अनुदान की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से लाभुक के बैंक खाता में हस्तानान्तरित की जाएगी।

जिला कृषि पदाधिकारी-सह-
परियोजना निदेशक "आत्मा" खूँटी

PR 290809 Agriculture(22-23)#D


## दोबारा महासचिव चुने गये दीपांकर भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता




चिरकुंडा। भाकपा माले के 11 वां महाधिवेशन 20 फरवरी को पटना में हुई संपन्न। कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य फिर से महासचिव चुने गए। ज्ञात हो कि भाकपा माले के 11 वां महाधिवेशन 15-20 फरवरी को बिहार के राजधानी पटना में चल रहा था। महाधिवेशन के माध्यम से 77 सदस्यीय केंद्रीय कमिटि की गठन की गई और एक बार फिर केंद्रीय कमिटि ने सर्वसम्मति से कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य को महासचिव की जिम्मेदारी दी। महाधिवेशन से पूर्व 15 फरवरी को लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ ऐतिहासिक रैली हुई थी। रैली एवं महाधिवेशन के एक सप्ताह तक पटना शहर लाल झंडों से पटा रहा। महाधिवेशन में 13 देशों के 36 विदेशी मेहमानों ने शिरकत किये और दुनिया में फासीवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ने के लिए सहमति जताई। महाधिवेशन के दौरान दर्जनों राष्ट्रीय बुद्धिजीवियों, पत्रकारों एवं विश्व विद्यालयों के प्रोफेसरों ने हिस्सेदार बनें और फासीवाद पर विस्तार से अपनी बातें रखी। 18 फरवरी को केंद्र सरकार के फासीवाद मिटाओ, लोकतंत्र-संविधान बचाने के सवाल पर विपक्षी पार्टियों के सेमिनार हुई। जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, जदयू के केंद्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, कांग्रेस के केंद्रीय नेता सह पूर्व केन्द्रीय विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद एवं वामपंथी पार्टियों में सीपीएम, सीपीआइ,मासस, लाल निशान पार्टी एवं अन्य पार्टियों की जुटान हुई। सारे पार्टी नेताओ ने एकजुट होकर केंद्र सरकार के फासीवाद को मुंहतोड़ जबाव देने के निर्णय लिए। अंत में रैली से लेकर पूरी महाधिवेशन में कार्यरत रहे नौजवान कार्यकर्ताओं (स्वयंसेवकों) को महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य और केंद्रीय नेताओं ने सम्मानित किया।

## सीएसआइआर-सिंफर धनबाद में मना अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस




धनबाद (आजाद सिपाही)। आज संस्थान के बरवा रोड परिसर स्थित सभागार में अपराह्न 3 बजे अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। संस्थान के डिगवाडीह परिसर और क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों के वैज्ञानिकगण एवं सदस्यगण ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात संस्थान के विभिन्न भाषा-भाषी वैज्ञानिकों एवं सदस्यगणों ने अपनी-अपनी मातृभाषाओं में अपने विचार, कविताएँ, संगीत, कहानी, तीर्थ स्थल का वर्णन इत्यादि प्रस्तुत किए और हिंदी भाषा में उनका आशय समझाया। विभिन्न भाषाओं के अद्भुत समागम से समस्त वातारण आनंदमय हो उठा था। कार्यक्रम में वरिष्ठतम मुख्य वैज्ञानिक, जेके. सिंह, प्रशासनिक अधिकारी पी. श्यामसुंदर एवं वित्त एवं लेखा अधिकारी श्री दयाकांत कुमार ने मातृभाषा के महत्व को दर्शाते हुए अपने संबोधन प्रस्तुत किए। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने के साथ-साथ भाषा शहीद दिवस के अवसर पर भाषा शहीदों के स्मरण में एक मिनट के लिए मौन धारण किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। मंच संचालन अनिमा कुमारी महातो, हिंदी अधिकारी द्वारा किया गया एवं साहाना चौधरी, हिंदी अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## ओड़िशा के सिजीमाली बॉक्साइट ब्लॉक के लिए वेदांता प्रेफर्ड बिडर

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** वेदांता लिमिटेड को सिजीमाली बॉक्साइट ब्लॉक के लिए प्रेफर्ड बिडर घोषित किया गया है। यह ब्लॉक ओडिशा के रायगड़ा और कालाहांडी जिलों में स्थित है। बोलीदाता के रूप में वेदांता को यह तरजीह ओडिशा सरकार द्वारा आयोजित मिनरल ब्लॉक ऑक्शन के तहत प्रदान की गयी है। आकार, स्थिति और बॉक्साइट गुणवत्ता के आधार पर वेदांता के लिए यह ब्लॉक रणनीतिक तौर पर उपयुक्त है। इस ब्लॉक में अनुमानित बॉक्साइट भंडार लगभग 311 मीलियन टन है।

## रेलवे स्टेडियम संबलपुर में संबलपुर मंडल करेगा पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल 25 और 26 फरवरी को रेलवे स्टेडियम, रेल नगर, संबलपुर में वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन करने जा रहा है। पुष्प प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न प्रकार के फूलों और पौधों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न रेलवे विभागों, नर्सरी और अन्य संगठनों के प्रतिभागी अपने संग्रह का प्रदर्शन करेंगे। फ्लावर शो प्रदर्शनी के दौरान फूड स्टॉल भी लगेंगे। पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल ने फूल प्रेमियों और आम जनता से अनुरोध है कि वे इस प्रदर्शनी को देखें और आनंद लें।

## हिजबुल मुजाहिद्दीन का टॉप कमांडर बशीर अहमद मारा गया, 2 हमलावरों ने गोली मारकर हत्या की

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के रावलपिंडी में सोमवार को हिजबुल मुजाहिद्दीन का टॉप कमांडर बशीर अहमद पीर मारा गया। हमलावर ने रावलपिंडी में एक दुकान के बाहर पीर को गोली मारी गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पिछले साल 4 अक्टूबर को आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के चलते उसे आतंकवादी घोषित कर दिया गया था। पीर हिजबुल मुजाहिद्दीन, लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों को आगे बढ़ाने के लिए पूर्व-आतंकवादियों को एकजुट करने के लिए कई ऑनलाइन एक्टीविटीज में शामिल था। बशीर अपने घर के पास मस्जिद में नमाज पढ़ने गया था। मस्जिद से बाहर निकलने के बाद वह एक दुकान के पास खड़ा हो गया। इसी दौरान दो हमलावर बाइक से आए और गोली मारकर बशीर की हत्या कर दी।

# सीएम नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर में आदिवासी मेले का उद्घाटन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार शाम को स्थानीय यूनिट-1 में आदिवासी मैदान में आदिवासी मेला एवं सांस्कृतिक उत्सव-2023 का उद्घाटन किया। इस मौके पर आदिवासी सांप्रदायक के पारंपरिक बाद्य के साथ लोगों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने आदिवासी कला संकृति का दौरा किया। जनजातीय मेले का मुख्य उद्देश्य जनजातीय लोगों की कला, संस्कृति और वास्तुकला को प्रदर्शित करने के साथ-साथ विभिन्न वन उत्पादों और उनके उत्पादों का विपणन करना है। इस साल मेला 20 फरवरी से 1 मार्च तक दस दिनों तक आयोजित किया जा रहा है।




इस वर्ष कुल 121 स्टॉल आदिवासी मेले में विभिन्न वस्तुओं का प्रदर्शन एवं बिक्री कर रहे हैं। प्राचीन जनजातियों की दुनिया में 10 प्राचीन आदिवासी समूहों के घरों के मॉडल प्रदर्शित हुआ हैं। यह परंपरा के साथ प्रगति की झलक दिखाता है। आदिवासी मैदान में विभिन्न आदिवासी और वन उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। आइटीडीए तथा सूक्ष्म परियोजना क्षेत्रों में महिला स्वयं-सहायक समूहों की सदस्य अपने द्वारा निर्मित एवं उत्पादित उत्पादों का विक्रय कर रही हैं।

आइटीडीए द्वारा चलाये जा रहे 62 स्टॉलों में आदिवासी स्वयं सहायक समूहों की माताएं अपनी उपज और एकत्रित उत्पाद बेच रही हैं। परियोजना के तहत आदिवासी स्वयं सहायक समूहों की माताओं को 17 स्टॉल आवंटित किये गये हैं। इसके अलावा टीडीसीसी, ओएफएसडीएस, मिशन शक्ति, ओरमास, मिलेट मिशन, हस्तशिल्प एवं वस्त्र, हस्तशिल्प एवं योजना एवं समन्वय विभाग 23 स्टालों में अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री कर रहे हैं तथा जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

मेले में हर शाम 6.30 से 8.30 बजे तक विभिन्न आदिवासी नृत्य की प्रदर्शित किया जाता हैं। उद्घाटन संध्या में चारो नृत्य दलों ने धुरुआ जनजाति का बिरली नृत्य, कंध जनजाति का घुमुरा नृत्य, परजा जनजाति का ढेमसा नृत्य प्रस्तुत किया। इस आदिवासी मेले में हर साल करीब 8 से 10 लाख दर्शक राज्य तथा राज्य बाहर से आते हैं। इस मेले में 5 से 6 करोड़ का कारोबार होता है। मेले में भुवनेश्वर और उसके आसपास के क्षेत्रों के निवासी और भारत के विभिन्न हिस्सों के लोग बड़ी संख्या में मेले में आते है । स्वदेशी और वन उत्पाद जैसे , हल्दी, मांडिया, मूंग, बीरी, मक्का, बासना चावल, शहद, झून्ना, झाड़ू, पालुअ सामग्री खरीदते हैं।

उद्घाटन समारोह में विभागीय मंत्री जगन्नाथ सारका, स्वतंत्र उन्नयन परिषद सलाहकार प्रदीप मांझी, बीएमसी मेयर सुलोचना दास, उन्नयन आयुक्त प्रदीप कुमार जेना, मुख्यमंत्री के सलाहकार आर बालाक्रिष्णन, मुख्यमंत्री के निजी सचिव (5-'टी') वीके पांडियन, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति उन्नयन विभाग के आयुक्त एवं प्रशासनिक सचिव रूपारोशन साहू, एससीएसटीआरटीआइ के निदेशक इंद्रमणि त्रिपाठी, संभागीय विशेष प्रशासनिक सचिव विश्वरंजन सासमल, ओपेईएलआइपी के कार्यक्रम निदेशक पी अर्थनारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने सुनीता देवी के पक्ष में मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ विधानसभा के उपनिर्वाचन में अपनी जीत सुनिश्चित करने को लेकर सभी पार्टियां अपना दमखम लगा रही हैं। इस दौरान आजसू पार्टी के पक्ष में लोगों को जागरूक करने के लिए झारखंड के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने सोमवार को छतर मांडू में आयोजित चाय की चौपाल में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आजसू पार्टी और बीजेपी की गठबंधन उम्मीदवार सुनीता देवी के पक्ष में मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दिया और कहा कि मौजूदा हेमंत सरकार ने रघुवर सरकार के लाये लोकहित और कल्याणकारी योजनाओं को निरस्त कर आम जनता को धोखा देने का काम किया है। सत्ता पर आते ही महिलाओं के लिए लागू 1 रुपये की रजिस्ट्री और किसानों के लिए लाए कृषि सम्मान निधि को बंद कराकर महिलाओं और किसानों को धोखा देने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि आने वाले चुनाव परिणाम लोगों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। लक्ष्मण प्रसाद सिंह यहां पिछले दो दिन से कैंप किए हुए हैं और रविवार को भी उन्होंने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो के साथ कई सभाओं को संबोधित कर चुनाव प्रचार किया। मौके पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, रामगढ़ जिला प्रभारी शशि भूषण, दिलीप सिंह, मनोज सिंह, प्रदीप कुशवाहा, त्रिबेनी तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मोदी ने शुरू की सर्विस, अब यूपीआइ से सिंगापुर में भी लेन-देन, क्यूआर कोड या मोबाइल नंबर से भेज सकेंगे पैसा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** अब आप आसानी से बिना किसी परेशानी के यूपीआइ से सिंगापुर पैसे भेज और वहां से पैसे मंगवा भी सकेंगे। मंगलवार को भारत और सिंगापुर के बीच क्रॉस-बार्डर पेमेंट कनेक्टिविटी की शुरुआत हुई है। इसके लिए यूपीआइ को सिंगापुर के पेनाऊ से जोड़ा गया है। जीपेय, फोनपे और पेटीएम जैसे यूपीआइ ऐप्स के जरिए सिंगापुर पैसा भेज सकेंगे। वहीं पेनाऊ के जरिए सिंगापुर से भारत पैसा भेजा जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली हसीन लूंग ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसकी शुरुआत की। इस नयी सुविधा के बाद अब दोनों देशों के लोग दफकोड या अपने बैंक खातों से जुड़े मोबाइल नंबर के जरिए तुरंत (रियल टाइम) पैसा ट्रांसफर कर सकेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार 2022 में लगभग 6.5 लाख भारतीय सिंगापुर में रह रहे हैं। इसमें अनिवासी भारतीय और भारतीय मूल के व्यक्ति शामिल हैं। जनवरी 2023 में यूपीआइ के जरिए 13 लाख करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन हुए। जनवरी में यूपीआइ से कुल 803 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए। इससे पहले दिसंबर 2022 में 12.82 लाख करोड़ रुपये की पेमेंट यूपीआइ के जरिए हुई। वॉल्यूम के लिहाज से दिसंबर में 782 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए।












## ओड़िशा में विधानसभा का बजट सत्र शुरू

# राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष का बहिष्कार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया है। राज्यपाल प्रोफेसर गणेशीलाल को विधानसभा पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद बाचस्पति राज्यपाल को सदन में ले गये। राज्यपाल के सदन में प्रवेश करते ही राष्ट्रगान गाया गया। इसके बाद राज्यपाल ने अपना भाषण शुरू किया।

राज्यपाल ने सबसे पहले दिवंगत नेता को याद कर अपने भाषण की शुरुआत की। वह सब हुआ जिसकी उम्मीद थी। पहले कांग्रेस सदस्यों ने सदन में हंगामा किया। सदन के बीच में आया और होहला करने लगा। उन्होंने राज्यपाल के अभिभाषण को बाधित करने का प्रयास किया।

बाद में विपक्षी बीजेपी ने भी हंगामा शुरू कर दिया। बीजेपी सदस्यों ने राज्यपाल के अभिभाषण का विरोध किया। सदन के बीच आकर उन्होंने हंगामा कर दिया। लंबे समय तक कांग्रेस और बीजेपी के दोनों नेताओं ने हल्ला किया। कुछ देर बाद कांग्रेस और बीजेपी ने सदन से चले गये। बीजेपी ने यह आंदोलन मुख्य रूप से नब दास की हत्या को लेकर शुरू किया है।

बीजेपी के सभी विधायक कक्ष से चले जाने के बाद विधानसभा के मुख्य द्वार के धारणा पर बैठे रहे ।

## मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति खोरधारोड मंडल की 142वीं बैठक

# विजेता कर्मचारियों को किया गया पुरस्कृत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खोरधारोड।** मंडल रेल प्रबंधक रिंकेश रॉय की अध्यक्षता में खोरधारोड मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा 142वीं मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में दिसंबर -2022 तिमाही के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा की गयीं विभिन्न गतिविधियों के विवरण पर चर्चा की गयी। साथ ही गृह मंत्रालय के वार्षिक कार्यक्रम के तहत उल्लेखित राजभाषा कार्यान्वयन के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुपालन पर चर्चा की गयी।

इस अवसर पर रिंकेश रॉय ने कहा कि ?हिंदी वह भाषा है जो पूरे देश को एकजुट करती है । सभी को आधिकारिक कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों को यथासंभव हिंदी में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाये।

बैठक के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हिन्दी स्लोगन प्रतियोगिता के विजेता कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक के करकमलों से प्रमाण पत्र सहित नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। बैठक में अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) कल्याण पट्टनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक (अवसंरचना) शुभ्रज्योति मंडल समेत मंडल के सभी शाखा अधिकारीगण उपस्थित थे। खोरधारोड के राजभाषा अधिकारी, उषा रानी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।









## यूपी पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर ने बिल्डिंग से कूद कर की खुदकुशी

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर विमलेश औदिच्य ने बिल्डिंग से कूद कर आत्महत्या कर ली। तिलक नगर पुलिस ने एडीआर के तहत मामला दर्ज किया है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**